e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 54

सुविचार
अनुशासन लक्ष्यों और उपलब्धियों के बीच पुल है।

प्रभात मंत्र

गुरुवार
23.02.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

रांची का तापमान

अधिकतम 26°
न्यूनतम 12°

क्विक न्यूज

बेहतर हवाई यात्रा से लोग आ रहे करीब: प्रधानमंत्री

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विमानन क्षेत्र लोगों को करीब ला रहा है। यही नहीं विमानन क्षेत्र अधिक हवाईअड्डों और बेहतर कनेक्टिविटी के साथ राष्ट्रीय प्रगति को बढ़ावा दे रहा है। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को ट्वीट किया था कि कोरोनाकाल के बाद 19 फरवरी को घरेलू हवाई यात्रियों (4,44,845) की आवाजाही नई ऊंचाई पर पहुंच गई है। प्रधानमंत्री ने बुधवार को इस ट्वीट को साझा कर खुशी जताई है।

सुप्रीम कोर्ट से उद्धव गुट को मिला झटका

नई दिल्ली : महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके समर्थकों को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत प्रदान कर दी है. सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के उस फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है, जिसमें शिंदे गुट को असली शिवसेना करार दिया गया है. चुनाव आयोग ने शिंदे गुट को शिवसेना का चुनाव चिन्ह भी प्रदान कर दिया था. इस फैसले के खिलाफ उद्धव गुट ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की थी.आज इस मामले की सुनवाई हुई. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम इस मामले की सुनवाई करने के लिए तैयार हैं. उद्धव गुट की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने अपना पक्ष रखा. सिब्बल ने कोर्ट से चुनाव आयोग के फैसले पर स्टे लगाने की गुजारिश की. इस पर मामले की सुनवाई कर रहे मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि वह आयोग के फैसले पर कोई स्टे नहीं लगाने जा रहे हैं. हालांकि, कोर्ट ने दोनों ही पक्षों को नोटिस जरूर जारी किया है. अब इस मामले की अगली सुनवाई दो हफ्ते बाद होगी.

गुलाब चंद कटारिया बने असम के 31वें राज्यपाल

गुवाहाटी : असम के 31वें राज्यपाल के रूप में गुलाब चंद कटारिया ने बुधवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। गुवाहाटी के पांजाबारी स्थित श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र के सभागार में आयोजित संक्षिप्त समारोह में गौहाटी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने असम के 31वें राज्यपाल के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया राजस्थान के उदयपुर के रहने वाले हैं। राज्यपाल के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले वे राजस्थान के गृहमंत्री और राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के नेता के दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं।

सीबीआई को गृह मंत्रालय से मिली मनीष सिसोदिया पर केस दर्ज करने की मंजूरी

नई दिल्ली : केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जासूसी मामले में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ केस दर्ज करने की मंजूरी सीबीआई को प्रदान कर दी है । सीबीआई जांच में केजरीवाल सरकार पर भाजपा नेताओं की जासूसी के आरोप लगे हैं। कहा गया है कि 2015 में आम आदमी सरकार ने नेताओं और अफसरों की जासूसी कराई थी। इसके लिए एक फीडबैक यूनिट बनाई गई थी। सीबीआई ने जांच में आरोपों को सही पाया है। अब सीबीआई सिसोदिया के खिलाफ केस दर्ज करेगी।

रामगढ़ के दुलमी में सीएम ने महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में की सभा

ममता को मिलेगा न्याय : हेमंत सोरेन

रामगढ़ उपचुनाव का फैसला जनता की अदालत में होगा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में महागठबंधन उम्मीदवार बजरंग महतो को जीत दिलाने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी दूसरी सभा बुधवार को दुलमी मैदान में की।

सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह कोई सभा नहीं, बल्कि जनता की अदालत है। 27 फरवरी को इस बात का फैसला होगा कि ममता को न्याय मिलेगा या फिर पूंजीपति एक बार फिर जीत जाएंगे? दिशोम गुरु की तबीयत खराब हुई तो उन्हें चेन्नई के अस्पताल में भर्ती करा कर रात को दो बजे ही लौटा हूं।

वह सिर्फ इसलिए क्योंकि आज मुझे जनता की अदालत ने न्याय की गुहार लगानी थी।मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली चुनावी सभा में मंच पर ममता देवी का छह महीने का बेटा भी आया हुआ था। उसे देख कर दिल भर आया। इस राजनीति की वजह से वह बच्चा परेशान हो, यह मैं कभी नहीं चाहूंगा। जिस बच्चे को मां का सीना चाहिए था, उसको पूंजीपतियों ने साजिश कर अलग कर दिया।

मैं सभी माताओं और बहनों से आग्रह करता हूं कि न्याय की इस जंग में वे ममता देवी का साथ दें।

यूपीए सरकार में 400 में जलता था घर का चूल्हा, आज 1200 लगते हैं

मुख्यमंत्री ने चूल्हा प्रमुख पर जोरदार टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि जब यूपीए की सरकार थी तो हर घर का चूल्हा 400 में जलता था। क्योंकि गैस सिलेंडर उतने में ही आता था। आज भाजपा - आजसू की सरकार है तो 1200 में गैस सिलेंडर आता है। अब गांव में चूल्हा प्रमुख बनाकर लोगों को आजसू बेवकूफ बनाने का काम कर रही है। किरासन तेल ब्लैक में मिलता है, प्लेटफॉर्म टिकट 50 में मिलता है। नमक, दूध, दही, धोती, लूंगी, साड़ी सब पर टैक्स लगा दिया गया है। ऐसी स्थिति में गरीबों की दुर्दशा जगजाहिर है। लेकिन झारखंड देश का पहला राज्य है जहां धोती साड़ी मात्र 10 में लोगों को दिया जा रहा है।

कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

चुनावी सभा को मंत्री आलमगीर आलम, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रत्याशी बजरंग महतो, पूर्व विधायक योगेंद्र महतो ने भी संबोधित किया।

साजिश से एक बाजी जीतकर विपक्ष चुनाव जीतने का सपना ना देखें

मुख्यमंत्री ने कहा कि साजिश से एक बाजी जीतकर विपक्ष यह सपना देख रहा है कि वह पैसे से जनता के वोट को खरीद लेगा। लेकिन मैं यह जानना चाहता हूं कि वह किस आधार पर वोट मांगता है। आजसू के उम्मीदवार ने कौन सा ऐसा गुल खिलाया है। आज जब विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, राशन कार्ड, पशुधन योजना, कृषि योजना, रोजगार के लिए लोन की बात आती है तो वह महागठबंधन की सरकार ने लोगों को दिया है। 2019 में जब ममता देवी इस विधानसभा क्षेत्र से जीतकर गई तब इस विधानसभा में मात्र 3300 विधवाओं को पेंशन मिलता था। आज 15500 विधवाओं को यह सरकार पेंशन दे रही है। 2019 में मात्र 6000 वृद्ध को पेंशन का लाभ मिलता था। आज 45500 लोगों को पेंशन मिल रहा है। दिव्यांग पेंशन योजना में तब मात्र 6300 लोग शामिल थे, आज 10,000 से अधिक लोग शामिल हैं। सरकार बनने के बाद 128000 लोगों को राशन कार्ड बना कर बांटा है।

जमीन में गाड़ो पैसा, बैंक कभी भी डूब सकता है

मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार और अदाणी के संबंधों पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से सबसे बड़ा घोटाला इस बार सामने आया है। हालात ऐसे हैं कि कौन सा बैंक कब डूब जाए कहना मुश्किल है। इसलिए मैं शुरु से कहता हूं कि अपने पैसे को अपने पास रखो या जमीन में गाड़ दो। बैंक में रखोगे तो उसके सुरक्षा की गारंटी नहीं है। आज जब बैंक बंद होंगे तो हजारों लाखों गरीबों का पैसा डूब जाएगा।

शैली ओबेरॉय बनीं दिल्ली की मेयर

नई दिल्ली : दिल्ली नगर निगम द्वारा महापौर पद का आखिरकार नतीजा आ ही गया और दिल्ली को अपना नया मेयर मिल गया है। आप प्रत्याशी शैली ओबेरॉय ने भाजपा की प्रत्याशी रेखा गुप्ता को मेयर चुनाव में मात दी है। शैली ओबेरॉय ने भाजपा की रेखा गुप्ता को 34 मतों से हराया। आप प्रत्याशी शैली ओबेरॉय दिल्ली की मेयर बन गई हैं। सिसोदिया ने ट्वीट किया कि दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी का मेयर बनने पर सभी कार्यकर्ताओं को बहुत बधाई और दिल्ली की जनता का तहे दिल से एक बार फिर से आभार। निगम सदन की बैठक सुबह 11 बजे शुरू हुई। आप सांसद संजय सिंह, भाजपा सांसद हंसराज हंस और केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने वोट डाला। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पिछले सप्ताह महापौर पद का चुनाव कराने के लिए निगम सदन की बैठक बुलाने की मंजूरी दे दी थी। शीर्ष अदालत ने 17 फरवरी को महापौर, उप महापौर और नगर निकाय की स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव की तारीख तय करने के लिए दिल्ली नगर निगम की पहली बैठक बुलाने के लिए 24 घंटे के भीतर नोटिस जारी करने का आदेश दिया था। न्यायालय ने सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी की महापौर पद की उम्मीदवार शैली ओबेरॉय की याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश जारी किया। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि उपराज्यपाल द्वारा एमसीडी में नामित सदस्य महापौर चुनने के लिए मतदान नहीं कर सकते।

मजदूर विरोधी है मोदी सरकार : खड़गे



खडगे ने कहा कि इस सरकार ने मजदूरों से विरोध करने का हक भी छीन लिया है।खड़गे ने कहा कि हड़ताल करने वाले मजदूरों को एक साल की जेल और आर्थिक दंड का प्रावधान मोदी सरकार ने किया है।

एजेंसी

नई दिल्ली : कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार मजदूर विरोधी है। इस सरकार को सिर्फ उद्योगपतियों की चिंता है।खड़गे ने बुधवार को तालकटोरा स्टेडियम में इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इनटेक) के अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2014 के बाद मजदूरों के हित में एक भी काम नहीं हुए, बल्कि मजदूर विरोधी कानून जरूर बनाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि इस सरकार ने मजदूरों से विरोध करने का हक भी छीन लिया है।खड़गे ने कहा कि हड़ताल करने वाले मजदूरों को एक साल की जेल और आर्थिक दंड का प्रावधान मोदी सरकार ने किया है। जबकि कांग्रेस हमेशा से ही मजदूरों के हितों के लिए सोचती रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए इनटेक की स्थापना 3 मई, 1947 को महात्मा गांधी और सरदार पटेल के आशीर्वाद से किया गया था। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के एजेंडे में हमेशा से बड़े उद्योगपति रहे हैं। मजदूर हमेशा हाशिये पर रहा है।

शिक्षा मंत्रालय का निर्देश- पहली कक्षा में प्रवेश की न्यूनतम आयु 6 साल रखी जाए

एजेंसी

नई दिल्ली : शिक्षा मंत्रालय ने राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे पहली कक्षा (ग्रेड-1) में दाखिले की न्यूनतम उम्र छह साल करें। केंद्र ने राज्यों से पूर्व-स्कूली शिक्षा (डीपीएसई) पाठ्यक्रम में दो साल का डिप्लोमा डिजाइन करने और चलाने की प्रक्रिया शुरू करने का भी अनुरोध किया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 देश के लिए राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में बुनियादी स्तर पर बच्चों के सीखने की शक्ति और समझ विकसित करने की सिफारिश करती है। पहले यानी मूलभूत चरण में सभी बच्चों (3 से 8 वर्ष के बीच) के लिए पांच साल सीखने के अवसर होते हैं, जिसमें तीन साल की प्री-स्कूल शिक्षा और दो साल की प्रारंभिक प्राथमिक ग्रेड- I और ग्रेड- II शामिल हैं।

मूलभूत चरण में सबसे महत्वपूर्ण कारक योग्य शिक्षकों की उपलब्धता है, जो विशेष रूप से आयु और विकासात्मक रूप से उपयुक्त पाठ्यक्रम और शिक्षा शास्त्र में प्रशिक्षित हैं। फाउंडेशनल स्टेज के लिए नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क (एनसीएफ-एफएस) भी हाल ही में यानी 20 अक्टूबर 2022 को लॉन्च किया गया है।

इस दृष्टि को पूरा करने के लिए शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को प्रवेश प्रदान करने के लिए छह साल की आयु के निर्देश दोहराये हैं।

राज्यों को यह भी सलाह दी गई है कि वे अपने राज्य और केंद्रशासित प्रदेश में प्रीस्कूल शिक्षा में दो साल का डिप्लोमा (डीपीएसई) पाठ्यक्रम तैयार करने और चलाने की प्रक्रिया शुरू करें। पाठ्यक्रम को राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा डिजाइन किए जाने और एससीईआरटी की देखरेख और पकड़ में जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के माध्यम से चलाने की उम्मीद है।

मूलभूत चरण में सबसे महत्वपूर्ण कारक योग्य शिक्षकों की उपलब्धता है, जो विशेष रूप से आयु और विकासात्मक रूप से उपयुक्त पाठ्यक्रम और शिक्षा शास्त्र में प्रशिक्षित हैं। फाउंडेशनल स्टेज के लिए नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क (एनसीएफ-एफएस) भी हाल ही में यानी 20 अक्टूबर 2022 को लॉन्च किया गया है।

अरबों रुपए की काली कमाई करने वाले चीफ इंजीनियर पर ईडी की दविश

भ्रष्ट चीफ इंजियर बीरेंद्र राम ईडी की हिरासत में

ईडी को चीफ इंजीनियर के घर से मिला अरबों रुपए की अकूत संपत्ति

प्रभता मंत्र संवाददाता

रांची: ग्रामीण विकास विभाग के भ्रष्ट चीफ इंजीनियर बीरेंद्र राम को ईडी ने हिरासत में ले लिया. उनके अशोक नगर स्थित घर से ईडी की टीम उन्हें लेकर एजेंसी के जोनल कार्यालय पहुची. यहां ईडी के जॉइंट डायरेक्टर सहित कई अधिकारी बीरेंद्र राम से पूछताछ की. ईडी ने मनी लांड्रिंग के मामले में ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के ठिकानों पर दो दिनों तक छापेमारी की. ईडी के अधिकारियों को करीब 100 करोड़ रुपये की संपत्ति के बारे में जानकारी मिली है. मंगलवार को छापेमारी में करीब डेढ़ करोड़ के जेवरात, 25 लाख नगदी सहित कई शहरों में करोड़ों के निवेश के दस्तावेज बरामद किये गये हैं. ईडी की छापेमारी के दौरान रांची के अशोक नगर स्थित आवास से डेढ़ करोड़ से अधिक के हीरे-जेवरात बरामद किए गए हैं. बरामद जेवरात की कीमतों का आंकलन किया जा रहा है. वहीं

अलग अलग जगहों पर छापेमारी के दौरान अरबों के निवेश के सुराग ईडी को मिले हैं. ईडी को अंदेशा है कि कई शेल कंपनियों में भी अवैध कमायी की मनी लाउंड्रिंग की गई है. इससे संबंधित दस्तावेज भी ईडी को मिले हैं. बीरेंद्र राम के द्वारा कमाई गई अकूत काली कमाई का स्रोत क्या, इसमें कौन कौन लोग भागीदार है यह ईडी जानने का प्रयास कर रही है. ईडी ने पड़ताल के दौरान पाया है कि अवैध तरीके से अर्जित संपत्ति का निवेश बड़े पैमानें पर जमीन और मकान में किया गया है. दिल्ली के रिहायशी डिफेंस कॉलोनी स्थित मकान की कीमत ही 20 करोड़ से अधिक आंकी गई है. वहीं दिल्ली के छतरपुर में भी करोड़ों की लागत से बड़ा आशियाना बनाया जा रहा था. आठ महंगी गाड़ियों की कीमत भी करोड़ों में आंकी गई है.

ईडी की छापेमारी के दौरान रांची के अशोक नगर स्थित आवास से डेढ़ करोड़ से अधिक के हीरे-जेवरात बरामद किए गए हैं. बरामद जेवरात की कीमतों का आंकलन किया जा रहा है.

सरायकेला पुलिस लाइन के आरक्षी ने की खुदकुशी

सरायकेला : सरायकेला थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन के दूसरे तल्ले से कूदकर दुखा उरांव नामक आरक्षी ने खुदकुशी कर ली। वह तीन दिन पहले ही अपने पैतृक घर लोहरदगा जिले के भंडारा थाना क्षेत्र अंतर्गत स्वासखेजरी गांव से वापस लौटा था। बताया जाता है कि आरक्षी दुखा उरांव विगत 19 फरवरी को छुट्टी से वापस पुलिस लाइन लौटा था। इस बीच उसने यह कदम उठाया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए सरायकेला एसडीपीओ हरविंदर सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया में मामला खुदकुशी से जुड़ा है। जहां ऊंचाई से कूदकर आरक्षी की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल सका है। उन्होंने बताया कि मृतक की पत्नी और बच्चों से भी मामले की जानकारी प्राप्त की गई, जहां किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं होने की बात परिजनों ने कही है।

पलामू पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 14 पैकेट गांजा किया बरामद

गांजा तस्कर दो आरोपी गिरफ्तार भेजे गए जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देशानुसार एसडीपीओ सुरजीत कुमार और नावा बाजार थाना प्रभारी के नेतृत्व में रजनीगंधा यात्री बस से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया है। इस संबंध में एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रजनीगंधा बस से गांजा तस्कर गांजा की तस्करी करने जा रहे हैं। इसी गुप्त सूचना के आधार पर एक छापामारी टीम की गठन की गई। गठन टीम के द्वारा मंगलवार की रात 22ः45 बजे डाल्टनगंज से चलकर पटना जाने वाली रजनीगंधा बस नं0 - बीआर 52 पी 5588 के स्लीपर- सीट संख्या -08 एवं 09 में विधिवत तालाशी लिया गया जिसमें दो व्यक्ति बैठे थे जिनका नाम पता पूछने पर 1. कृष्णा गुप्ता उम्र करीब 21 वर्ष पिता राजू गुप्ता ग्राम - नोडीहा बहेरा थाना - पिपराटांड़ जिला-पलामू एवं 2. रोहित शर्मा उम्र करीब 21 वर्ष पिता रवींद्र शर्मा ग्राम - नर्सिंहपुर पथरा थाना चैनपुर जिला पलामू बतायें साथ में सीट पर तीन बैग में मटमैला रंग के प्लास्टिक रैपर में पैक किया हुआ कुल 14 पैकेट गांजा बरामद किया गया। सभी पैकेट एक-एक किलोग्राम के हैं। बरामद गांजा के संबंध में कृष्णा गुप्ता एवं रोहित शर्मा से पूछने पर बताए कि उक्त गाजा बिट्टू पांडेय पिता बसंत पांडेय ग्राम नोडीहा बहेरा थाना पिपराटांड़ जिला पलामू के बताये अनुसार पटना ले जाया जा रहा था। कृष्णा गुप्ता, रोहित शर्मा, बिट्टू पांडेय एवं अन्य के साथ मिलकर सभी गांजा की खरीद-बिक्री करते थे। 1. कृष्णा गुप्ता एवं 2. रोहित शर्मा को विधिवत गिरफ्तार कर जप्त गांजा के साथ थाना लाया गया तथा पु0अ0नि0 दीपक कुमार दास नावाबाजार थाना प्रभारी के स्वलिखित ब्यान के आधार पर नावाबाजार थाना कांड सं0-16/2023 दिनांक 21/02/ 2023 धारा 414/34 - भा0द0वि0 एवं धारा-20/22 स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ एनडीपीएस अधिनियम -1985 दर्ज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त 1 कृष्णा गुप्ता उम्र करीब 21 वर्ष पिता राजू गुप्ता ग्राम-नोडीहा बहेरा थाना - पिपराटांड़ जिला - पलामू एवं 2. रोहित शर्मा उम्र करीब 21 वर्ष पिता रवींद्र शर्मा ग्राम नर्सिंहपुर पथरा थाना चैनपुर जिला पलामू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। छापामारी में पुलिस टीम सदर एसडीपीओ सुजीत कुमार, नवा बाजार, थाना प्रभारी दीपक कुमार दास एसआई कुणाल राजा, आलोक कुमार सोरेन, हवलदार कार्तिक मेहता, चांद टूडू, अशोक रजक, पुलिस के जवान परदेसी राम, सुरेंद्र यादव शामिल थे।

सुनीता चौधरी के पक्ष में कुशवाहा समाज करेंगे मतदान

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर, पलामू : आगामी 27 फरवरी को होने वाली रामगढ़ उपचुनाव के निमित्त रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कुशवाहा भवन में पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉक्टर कुशवाहा शशिभूषण मेहता के द्वारा कुशवाहा समाज के गणमान्य व्यक्तियों, बुद्धिजीवियों, समाज के सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर इस उपचुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में मतदान करके भारी मतों से विजई बनाने की अपील की।बता दे कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुशवाहा समाज के लगभग बीस से पच्चीस हजार आबादी निवास करते हैं। यह समाज निर्णायक भूमिका अदा करता है। विधायक डॉक्टर मेहता द्वारा का आग्रह किया गया कि समाज को सत्ता में भागीदारी और विकास में हिस्सेदारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ही दिला सकती है और सदा देती आई है। समाज के सभी व्यक्तियों द्वारा ध्वनि मत से यह घोषणा की गई कुशवाहा समाज का एक-एक वोट सुनीता चौधरी के पक्ष में जाएगा। यह चुनाव राज की दशा दिशा तय करेगा और निर्णायक होगा। इस अवसर पर गिरिडीह सांसद जयप्रकाश चौधरी, दुमका सांसद सुनील सोरेन, पूर्व विधायक हुसैनाबाद कुशवाहा शिवपूजन मेहता एवं समाज के सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

समाजसेवी राजीव रंजन के प्रयास से बदला गया ट्रांसफार्मर

हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता): हरिहरगंज नगर पंचायत अंतर्गत खापकटैया गांव स्थित नहर के समीप करीब छह माह से 25 केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर जला हुआ था। जिससे आसपास के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने बिजली के बिना हो रहे समस्या से समाजसेवी राजीव रंजन को अवगत कराया। जिसके बाद समाजसेवी के पहल पर बुधवार को विभाग द्वारा गांव में 25 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया इससे ग्रामीणों में हर्ष है। वहीं इसके लिए ग्रामीणों ने समाजसेवी राजीव रंजन का आभार जताया है। आभार जताने वालों में बिरेंद्र साव, सुधार साव, सत्यनारायण साव, गुड्डू सिंह, चंद्रदीप साव, धर्मेंद्र साव, सेवक साव, देवनारायण साव, शंभू सिंह, राजू पासवान, विक्की पासवान, शंभू यादव, गोपाल प्रसाद आदि का नाम शामिल है।

गढ़वा के उपायुक्त का हुआ तबादला

गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता): उपायुक्त रमेश घोलप का हुआ तबादला, गढ़वा के विकास में इन्होंने नई लकीर खींची। करीब 12 महिना गढ़वा में अपनी योगदान देने के बाद अब वें अपनी सेवा कार्मिक विभाग तथा राजभाषा में देंगे। गढ़वा के 31 वें उपायुक्त के रूप में उन्होंने पदभार संभाला था। गढ़वा में विकास में उन्होने नई लकीर खींची। इनके किए गए कार्यों को सभी ने सराहा। उनके द्वारा किए गए कार्य जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। नियमानुसार अपने कार्यालय में जनता दरबार लगाकर यहां के गरीब मजदूरों का दुख दर्द सुना और उसके निवारण हेतु पूरी कोशिश कर उनकी समस्याओं को दूर किया। मूसहर परिवारों के चेहरे पर उनकी ही वजह से मुस्कान आ पाया। उनकी बस्तियों में जाकर उनकी समस्याओं को सुना। और वें समस्याएं जो उनकी मूलभूत आवश्यकताओं से जुड़ा हुआ है। सरकार तो सुविधाएं देती है लेकिन उन्होंने उसे धरातल पर उतारा।आपका योगदान बूढ़ा पहाड़ पर भी रहा। वहां जाकर वहां के लोगों से संवाद किया। कई योजनाओं को उन्हें मुहैया कराया।इसके साथ गढ़वा की विधि व्यवस्था भी सुचारू रूप से चली। सदर अस्पताल में औचक निरीक्षण कर उन कमियों को दूर किया।सादगी और उदारता के साथ ग्रामीणों से उन्हीं की भाषा में उनसे बात कर उनकी समस्याओं को दूर किया।

13 वर्षीय बच्ची और उसकी भाभी के साथ छेड़खानी, आरोपी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पलामू जिले में 13 वर्षीय बच्ची और उसकी भाभी के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है. छेड़खानी का आरोप मकान मालिक पर लगा है। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद तत्काल एक्शन में आई और आरोपी मकान मालिक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि पॉक्सो एक्ट के साथ आईपीसी की अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र में पीड़िता अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रहते है। पीड़ित बच्ची और उसकी भाभी घर में अकेले थी तो मकान मालिक पहुंचा और छेड़खानी करने लगा। बताया जा रहा है कि पीड़िता और उसकी भाभी घर में सोई हुई थी। इसी दौरान आरोपी मकान मालिक राजू राम पहुंचा और बच्ची के साथ छेड़खानी करने लगा। बच्ची ने चिल्लाने लगी तो भाभी पहुंची तो उसके साथ ही छेड़खानी करना शुरू कर दिया।बच्ची और उसकी भाभी मकान मलिक की हरकत से परेशान होकर चिल्लाने लगी। चिल्लाने की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी. पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार किया. गिरफ्तारी के दौरान आरोपी राजू राम ने पुलिस के साथ अभद्र व्यवहार भी किया। मिली जानकारी के अनुसार राजू राम ठेला लगाता है और चाट चौमिंग बेचता है. दो दिनों पहले ही पीड़िता के परिवार राजू के घर मे किराए पर रहना शुरू किया था। टाउन थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि आरोपी शराब की नशे में छेड़खानी की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित बच्ची के बयान पर पॉस्को के साथ साथ अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया है।

थाना प्रभारी ने सड़क सुरक्षा सप्ताह की दी जानकारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

भवनाथपुर : थाना प्रभारी सतीश कुमार महतो ने सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत राजकीय उच्च विद्यालय झगड़ाखांड के स्कूली बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी। नियमों की पालना कर जीवन की रक्षा का संदेश दिया। स्मार्ट क्लास में छात्रों को जानकारी देने के दौरान थाना प्रभारी ने छात्रों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, हेलमेट सीटबेल्ट का उपयोग, इमरजेंसी सेवाए, साइनेज, ट्रैफिक लाइट, हैंड साइन, इमरजेंसी सेवा सहित अन्य संबंधित तथ्यों के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी।उन्होंने बच्चों को सचेत करते हुए कहा कि प्रति वर्ष देश में व राज्य में हजारों की संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। जिससे काफी लोगों की मृत्यु हो जाती है। इन सब को देखते हुए हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है कि सड़क दुर्घटना के नियंत्रण के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करें तथा अपने घर परिवार के सदस्यो, मित्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। यातायात नियमों का पालन सभी के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि सड़क दुर्घटनाएं किसी व्यक्ति विशेष कि नहीं होती सड़क दुर्घटना किसी के साथ भी हो सकती है। जिसके कारण परिवार को बहुत बड़ी क्षति पहुंचती है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षकों ने भी मौजूद थे।

विभिन्न मांगों को ले सेविका सहियाओं ने दिया एक दिवसीय धरना

गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड प्रदेश आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन के तत्वाधान में बुधवार को जिला मुख्यालय के समाहरणालय के समक्ष जिले की आंगनवाड़ी सेविका और सहियाओं ने विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि मेराल प्रखंड के लोरा ग्राम की सेविका पार्वती देवी की का केस वापस लिया जाए, धुरकी तथा मझिआंव परियोजना का 2018-19 का बकाया पोषाहार राशि का अविलंब भुगतान किया जाए। वक्ताओं ने कहा कि पार्वती देवी को गलत तरीके से फंसाया गया है एक तरफ विभाग द्वारा कार्य करने का अनुमति भी दिया गया है जबकि जिला के पदाधिकारी द्वारा बिना जानकारी लिए हुए सेविका को चयन मुक्त कर दिया गया एवं जेल भेज दिया गया इस मौके पर झारखंड प्रदेश आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन के गढ़वा जिला अध्यक्ष कौशल्या देवी ने कहा कि जिले के पदाधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं उन लोगों को केवल कमीशन चाहिए समाज कल्याण विभाग में पूरी तरह से भ्रष्टाचार है। जबकि भाजपा नेता सूरज गुप्ता ने कहा कि आंगनबाड़ी की सेविका और सहिया दीदी केंद्र व राज्य की महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारने का कार्य करती हैं कोरोना काल में इन लोगों ने ही कई लोगों का जिंदगी बचाने का कार्य किया है लेकिन विभाग इन लोगों के साथ अन्याय कर रहा है इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उन्होंने कहा कि मैं पूरी तरह से आंगनवाड़ी सेविका और सहिया दीदियों के साथ हूं जहां भी जिस तरह से भी मेरी जरूरत पड़ेगी मैं इन लोगों के लिए कदम से कदम मिला कर खड़ा रहूंगा। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बालमुकुंद सिन्हा, प्रदेश संयोजक रामचंद्र पासवान, वीणा सिन्हा, बबीता देवी, जमीला खातून, वृंदा देवी, प्रभादेवी, कलावती देवी, रीता देवी, कुसुम देवी सहित अन्य सेविका सहिया उपस्थित थे।

सीता हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का किया भ्रमण

प्रभात मंत्र संवाददाता

हरिहरगंज : स्थानीय सीता प्लस टू हाई स्कूल में अध्ययनरत कक्षा 9 से 12वीं वर्ग के 70 आईटी के विद्यार्थियों ने बुधवार को कौवाखोह स्थित नेशनल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का भ्रमण किया। सभी छात्रों को प्रशिक्षण संस्थान के चेयरमैन सत्येंद्र मेहता, मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव रंजन तथा कंप्यूटर शिक्षक रम्मी सिंह, मुख्य अनुदेशक अरविंद कुमार सिंह की उपस्थिति में विभिन्न ट्रेड का प्रशिक्षण संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही छात्रों को कंप्यूटर से संबंधित जानकारी भी दी गई। सभी छात्र- छात्राओं ने लगभग चार घंटे तक संस्थान में रहकर अच्छी तरह से जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक बिंदेश्वरी चौधरी, वोकेशनल शिक्षक कुमार संतोष मौजूद थे। इस दौरान सभी छात्रों को प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र भी दिया गया। राजीव रंजन ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त छात्रों को आईटीआई की पढ़ाई में छूट दी जाएगी। मौके पर संस्थान के अनुदेशक कुंदन सिंह, प्रशांत कुमार, आशुतोष सिंह, राहुल ठाकुर, सुदेश कुमार, कंप्यूटर शिक्षक राहुल ठाकुर आदि उपस्थित थे।

जिप सदस्य ने किया शुभारंम्भ फाइलेरिया मुक्त जागरूकता अभियान की

प्रभात मंत्र संवाददाता

भवनाथपुर : सीएचसी अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में जीप सदस्य शर्मा रंजनी शामिल हुई। विदित हो कि यह कार्यक्रम दिनांक 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलाया जा रहा है। जिसके लिए डॉ प्रियंका कुमारी की अध्यक्षता में 18 फरवरी तक हुए कार्यों का समीक्षात्मक बैठक किया गया था। जिसमें सभी सुपरवाइजर उपस्थित हुए। डॉ प्रियंका के द्वारा शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति का निर्देश सभी सुपरवाइजर को दिया गया। वही डॉक्टर नितेश भारती के द्वारा दवा का प्रतिकूल प्रभाव के बारे में सभी सुपरवाइजर को प्रशिक्षित किया गया, भवनाथपुर, केतार एवं खरौंधी प्रखंड के कुल 197730 व्यक्तियों को दवा खिलाने का लक्ष्य है जिसके लिए 191 टीमों बनाया गया है जिसका सुपरविजन 37 सुपरवाइजर के द्वारा किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में बीडीओ जयपाल महतो, बीपीओ दयानंद प्रजापति, पंचायत सचिव विष्णु प्रसाद, कौशल कुमार, विकाश ठाकुर, प्रभा देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

मेयर प्रत्याशी धनंजय त्रिपाठी ने नगर निगम क्षेत्र के लोगों को हो रही समस्याओं को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : मेयर प्रत्याशी संजय त्रिपाठी ने नगर निगम क्षेत्र में नागरिक सेवा उपलब्ध कराने को लेकर पलामू उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से श्री त्रिपाठी ने पलामू उपायुक्त को बताया है कि मेदिनीनगर नगर निगम के पूरे क्षेत्र में वर्षा कम होने के कारण गम्भीर पेयजल की समस्या हो गई है, जिसे निजात पाने के लिए टैंकर के द्वारा पुरे निगम क्षेत्र में पेयजल उलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।पुरे निगम क्षेत्र में बंद पड़े चापाकल (हैण्डपम्प) को शीघ्रता शीघ्र ठीक कराया जाए जिसमें हॉसिंग कॉलोनी, बारालोटा का गुरियाही टोला इत्यादि प्रमुख है।बारालोटा के हॉसिंग कॉलोनी में एक सप्ताहिक बाजार लगाने की व्यवस्था की जाए, ताकि कॉलोनी में रहने वाले लोगों को उनको जरूरत की चीजे उनके घर के पास मिल सकें।राँची रोड़ रेइमा में हरिजन हॉस्टल में रहने वाले छात्रों को (नीयर भगवती हॉस्पीटल) के पास नाली निमार्ण कराया जाएँ जिसमें बारिश के मौसम में और वर्तमान में दो-दो चापाकल का पानी से बदबुदार जीवन जीने से वंचित हो सकें। पूरे नगर-निगम क्षेत्र में मतदाताओं का मत सूची दूसरे वार्ड में चला गया है या पाँच-पाँच किलोमिटर की दूरी पर बुथ कर दी गई है जिस कारण जनता आने वाले चुनाव में मत देने से वंचित रह जाएगी इसलिए होसिंग कॉलोनी में ही 500 घरो के वोटरों का बूथ सामुदायिक भवन या पंचायत भवन हॉसिंग कॉलोनी में ही बूथ बना दिया जाए। उन्होंने पलामू उपायुक्त से आग्रह किया है की नगर निगम के नागरिकों को हो रहे समस्या का समाधान जल्द से जल्द कराया जाए।

दहेज प्रताड़ना को लेकर पति ने की पत्नी की हत्या मामला दर्ज

मेदनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): गढ़वा निवासी शंकर महतो ने सदर थाना में अपनी बेटी की हत्या से संबंधित आवेदन सदर थाना को दिया है। शंकर महतो ने आवेदन में लिखा है कि वर्ष 2017 में उनकी बेटी की शादी मेदनीनगर सदर थाना क्षेत्र के पोखरहा निवासी रामाशीष महतो के पुत्र रामपुकार महतो से हिंदू रीति रिवाज के साथ हुआ था। शादी के बाद से रामपुकार महतो अपनी पत्नी मीना कुमारी को दहेज को लेकर प्रताड़ित करता रहता था और मारपीट भी करता रहता था। इसी बीच 21 फरवरी 2023 की रात को रामपुकार महतो अपनी पत्नी से लड़ाई झगड़ा कर उसकी हत्या कर दी और फरार हो गया। वही थाना में आवेदन मिलने के बाद थाना प्रभारी गौतम कुमार के द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए आरोपी के घर और सगे संबंधियों के यहां लगातार छापामारी कर रहे हैं।

एचपीएल 2023 के सेमीफाइनल में रेणुकूट ने हीराकुंड को हराकर पहुंचा फाइनल में

प्रभात मंत्र संवाददाता

पंडवा, पलामू : हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा आयोजित एचपीएल 2023 का सेमीफाइनल मैच कठौतिया माइंस के मैदान में उतर प्रदेश के रेणुकूट प्लांट और उड़िसा के हीराकुंड एफआरपी के बीच मंगलवार को रात्रि में खेला गया। जिसमें रेणुकूट की टीम ने हीराकुंड टीम को तीन विकेट से हराकर फाइनल में पहुंच गया। मैच का उदघाटन कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस हेड मैनक चक्रवर्ती एवं ग्रासीम रेहला के यूनिट एचआर हेड अजीत तिवारी ने किया। माइंस हेड मैनक चक्रवर्ती ने कहा कि हिन्डालको केवल व्यवसाय नहीं करती है बल्कि अपने कर्मियों के साथ साथ अपने कार्य क्षेत्र के परिधि में आने वाले लोगों के बेहतरी के लिए पूरी संवेदनशील हो कर काम करतीं हैं। उन्होंने बताया कि इस टूर्नामेंट के तहत हिन्डालको के पांच राज्यों की 12 यूनिट की टीमें भाग ली है। इसके तहत तीन ग्रुप में रेणुकूट, आदित्या एवं कठौतिया माइंस के मैदान में मैच खेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेल लोगों से जुड़ाव का बेहतर माध्यम है इसके साथ ही बेहतर कैरियर बनाने का भी साधन है। उन्होंने कहा कि हिंडाल्को पलामू में खेल का बेहतर माहौल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। रेहला ग्रासीम के यूनिट एचआर हेड अजीत तिवारी ने कहा कि हिन्डालको ने ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के नाइट मैच कराकर सराहनीय कार्य किया है। इस तरह के आयोजन से इलाके में खेल का बेहतर माहौल कायम होगा। उन्होंने कहा कि अब युवा खेल के माध्यम से भी बेहतर कैरियर बना सकते हैं। बशर्ते युवाओं को एक लक्ष्य लेकर खेलना होगा न कि टाइम पास के रूप में। इस मौके पर हिन्डालको के सेफ्टी हेड अनुपम बागची, अरण्या कोल माइंस के एचआर हेड प्रदीप सहाय, कठौतिया माइंस मैनेजर राजु सिंह, एचआर हेड अरूप बनर्जी, अश्विनी कुमार, प्रवीण सिंह, चेतलाल विश्वकर्मा, जयंत शुक्ला, शैलेन्द्र सिंह, सुनील सिन्हा, गौतम सिन्हा, संजय साहू, केसी मोदक, नितेश पौराणिक, ग्रासीम के नितेश पांडेय, अभय द्विवेदी, निशीकांत, आर आर शुक्ला, दिलीप सिंह, देवेन्द्र सिंह, प्रिंस सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

पांच दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन

भगवान श्रीराम के आदर्शों व उपदेशों को श्रद्धालुओं के बीच रखा जाएगा : कार्यक्रम समिति

प्रभात मंत्र संवाददाता

पांडू : 24 फरवरी दिन शुक्रवार से पांडू प्रखंड अंतर्गत मुसिखाप यज्ञशाला मैदान में भव्य श्री राम कथा का आयोजन किया जाएगा. इस दौरान भगवान श्री राम के आदर्शों एवं उपदेशों को श्रद्धालुओं के बीच रखा जाएगा। जानकारी के अनुसार कथा का समय दोपहर के 12:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक होगी। लोगों को अध्यात्म से जोड़ने का प्रयास-श्री धर्मध्वजाचार्य जी महाराज मुख्य कथावाचक सह विद्वान श्री श्री 1008 श्री धर्मध्वजाचार्य जी महाराज जो इस श्री राम कथा वाचन करने मिर्जापुर उत्तर प्रदेश से पलामू जिला अंतर्गत पांडू प्रखंड के मुसिखाप यज्ञशाला मैदान पहुंचेंगे। उन्होंने कहा यह कथा लोगों को आध्यात्मिक से जोड़कर लोगों के कल्याण की मार्ग को दिखाएगा. ताकि लोग इससे जुड़ कर अपने जीवन का कल्याण कर सके. यह कथा बड़े स्तर पर किया जा रहा है जिसमें पांडू प्रखंड, उंटारीरोड प्रखंड, बिश्रामपुर प्रखंड के साथ-साथ अन्य आसपास के क्षेत्रों से लोगों को आने की उम्मीद है। बता दे की मुसिखाप की यह समिति महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष भव्य श्री राम कथा का आयोजन करती रही है. ईस वर्ष श्री राम कथा का 20वां भव्य आयोजन समिति के द्वारा कराई जा रही है जिसमे पंडित श्री धर्म ध्वजा आचार्य जी महाराज के अलावे वाराणसी उत्तर प्रदेश से पंडित इंद्रेश शास्त्री जी महाराज, बागेश्वर धाम छत्तरपुर मध्य प्रदेश से संगीतमयी कथा प्रवाचिका रजनी देवी जैसे कई विद्वान शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के लिए समिति के लोगों ने आज कई दिनों पूर्व से हीं विधि व्यवस्था में लग गई है। समिति के लोगों ने अपने क्षेत्र वासियों से अधिक से अधिक उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह भी किया है।

दुकान में लगी आग लाखों का नुकसान

मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): शहर के सदीक चौक स्थित केजी स्कूल रोड में एक दुकान में बुधवार की सुबह 5:00 बजे अचानक आग लग गई। इसके बाद आसपास के लोगों ने आग लगने की सूचना दुकान मालिक रिंटू कुमार को दी। जानकारी मिलते ही दुकान मालिक दुकान पर पहुंचकर आसपास के लोगों की मदद से आग को बुझाया। आग लगने की वजह से दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया। भुक्तभोगी रिंटू कुमार ने बताया कि इस अगलगी की घटना में दुकान में रखें लगभग लाखों रुपए के सामान जलकर राख हो चुके हैं। वही अगलगी की घटना की खबर मिलने पर टिओपी 2 के एक टाइगर मोबाइल के जवान घटनास्थल पर पहुंचकर दुकानदार से अगलगी की घटना में जानकारी लिया। जानकारी देते हुए भुक्तभोगी ने टाइगर मोबाइल के जवान को बताया कि बुधवार की सुबह उसे दुकान के स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना मिला कि दुकान में आग लगी हुई है। भुक्तभोगी ने बताया कि आग कैसे लगी यह पता भी नहीं चल पाया है।

संक्षिप्त खबरें

जगुआर के जवानों ने झारखंड के लिए प्राणों की आहुति दी है : डीजीपी

रांची। झारखंड जगुआर का 15वां स्थापना दिवस टेंडर ग्राम में धूमधाम के साथ मनाया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डीजीपी अजय कुमार सिंह ने परेड का निरीक्षण किया। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड जगुआर के जवानों ने झारखंड के लिए प्राणों की आहुति दी। यह एक विशेष बल है , जो वर्ष 2008 में इसकी स्थापना के बाद से अब तक कई उपलब्धियां इसके नाम है। नक्सल पर आपने खून पसीने से काबू पाया गया, अब ये सीमित हैं। नक्सल आउटफिट्स के अगेंस्ट बेहतर काम किया है। कदम से कदम मिलाकर जिला पुलिस के साथ काम किया है। बल को श्रेष्ठ बनाने में बेहतर प्रशिक्षण की भूमिका है। नए लड़के बेहतर काम कर रहे।उन्होंने कहा कि सरकार ने पुलिस को चुनौतियों को ठीक करने की दिशा में काम कर रही है। झारखंड जगुआर भी नक्सल की दिशा में बेहतर काम कर रही है। पंद्रह सालों में 300 से अधिक नक्सलियों की गिरफ्तारी हुई और कइयों को मार गिराया गया।

हॉकी चैंपियनशिप के लिए रांची में दो मार्च को चयन ट्रायल

रांची : हॉकी इंडिया के तत्वावधान में 19 मार्च से 26 मार्च तक खूंटी में पहली हॉकी इंडिया ईस्ट जोन जूनियर महिला एवं पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023 होगी। इसमें भागीदारी के लिए झारखंड जूनियर महिला और पुरुष हॉकी टीम का गठन किया जायेगा। इसके लिए हॉकी खिलाड़ियों का खुला चयन ट्रायल दो मार्च को सुबह 10 बजे से एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, बरियातू गर्ल्स हाई स्कूल रांची में होगा। ट्रायल में एक जनवरी 2005 के बाद जन्मे झारखंड का कोई भी महिला एवं पुरुष हॉकी खिलाड़ी भाग ले सकता हैं। खिलाड़ियों को अपने साथ नगर निगम या पंचायत द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड की छाया प्रति लाना आवश्यक है।

व्यवसायी अमित अग्रवाल ने की ईडी कोर्ट में डिस्चार्ज याचिका दाखिल

अमित अग्रवाल की डिस्चार्ज याचिका पर आज सुनवाई होगी।

मनी लाउंड्रिंग मामले में पूर्व सीएम मधु कोड़ा, अनिल वास्तवड़े ईडी कोर्ट में हुए पेश

रांची : ईडी की विशेष कोर्ट में मनी लाउंड्रिंग केस के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, उनके सहयोगी विनोद सिन्हा, मनोज पुनमिया, अनिल आदिनाथ वास्तावड़े सहित अन्य आरोपित बुधवार को सशरीर उपस्थित हुए। बुधवार को ईडी की ओर से कोर्ट में गवाह प्रस्तुत किया जाना था। लेकिन किसी वजह से फिर से ईडी के गवाह उपस्थित नहीं हुए। इसके बाद अदालत ने मामले में सुनवाई की अगली तिथि 13 मार्च निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि मधु कोड़ा जब मुख्यमंत्री थे। तब उनके मंत्रिमंडल में शामिल मंत्रियों और उनके सहयोगियों पर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने का आरोप लगा है। इस पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई और ईडी ने की है।

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : ईडी की विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में बुधवार को पीआईएल मैनेज करने के लिए कथित रूप से कैश देने के केस में आरोपित कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल ने डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। अमित अग्रवाल की डिस्चार्ज याचिका पर गुरुवार को सुनवाई होगी। अपनी याचिका में उन्होंने कहा है कि ईडी ने बिना किसी ठोस साक्ष्य के उनपर मनी लॉन्ड्रिंग सहित अन्य आरोप लगाए हैं और चार्जशीट दायर की है। उन्होंने अपनी याचिका में सभी आरोपों को निराधार बताया है। अमित अग्रवाल के खिलाफ ईडी कोर्ट में चल रहा मामला फिलहाल चार्जफ्रेम (आरोप गठन) के स्टेज पर है। इससे पहले उनके द्वारा डिस्चार्ज याचिका दाखिल कर दी गयी है। इस केस में झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार भी आरोपित हैं। राजीव पर कैश लेकर पीआईएल मैनेज करने का आरोप है। अधिवक्ता राजीव कुमार को पिछले वर्ष कोलकाता पुलिस ने लगभग 48 लाख रुपए कैश के साथ गिरफ्तार किया था। यह पैसे व्यवसायी अमित अग्रवाल के थे।

2019 में भाजपा और आजसू एक दूसरे को झूठा बता रहे थे : शाहदेव

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने रामगढ़ उपचुनाव में सभा को संबोधित करते हुए भाजपा और आजसू की जनता के समक्ष पोल खोल कर रख दी। शाहदेव ने कहा कि 2019 में हुए रामगढ़ चुनाव में जनता ने कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी को अपना बहुमूल्य वोटों से जीताया था। तब यही आजसू भाजपा के खिलाफ यहां प्रचार कर रही थी, भाजपा को ठग,और झूठा न जाने क्या आरोप लगाया और भाजपा ने आजसू को ठगने वाला पार्टी बता दिया। आज जब ममता देवी अपने दुधमुंहे कलेजे के टुकरे बच्चे से दूर एक साज़िश के तहत जेल भेजवा दी गई, ताकि यहां उपचुनाव हो सके,और यही आजसू और भाजपा दोनों एक हो गए हैं जिसे जनता देख कर हैरान है कि आजसू और भाजपा रामगढ़ वासियों के लिए नहीं अपने स्वार्थ के लिए एक हुए हैं।

इसलिए रामगढ़ की जनता झूठ,फरेब और पैसे के पीछे नहीं भागेगी , ये सिर्फ काम करने वाली कांग्रेस की कर्मठ पूर्व विधायक ममता देवी और उसके उम्मीदवार पति बजरंग महतो के समर्थन में हमेशा खड़ी है। आगे कहा कि रामगढ़ के न सिर्फ दुलमी प्रखंड बल्कि पूरा रामगढ़ विधानसभा बजरंग महतो के पक्ष में साथ है। उन्होंने पूर्व विधायक ममता देवी के रामगढ़ के लोगों के लिए जो संघर्ष किया इसकी याद दिलाई और कहा षड्यंत्र के तहत झूठे आरोप में ममता देवी को जेल भिजवा दिया यह भी बताया । आप सभी रामगढ़वासी अपना बहुमूल्य वोट आपके हक और अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाली ममता देवी के पक्ष में बजरंग महतो को ही दें और उन्हें विजयी बनाएं ,षड्यंत्रकारियों को करारा जवाब देने की जरूरत है। इस बार 99 हजार से पार डेढ़ लाख वोट से कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो जीतेगा, वहीं आजसू को पीछले 71 हजार से भी कम वोट आयेगी।इस चुनाव प्रचार में कांग्रेस नेता दीपक ओझा, लाल रमेश नाथ शाहदेव, राजीव पांडेय एवं महागठबंधन के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रानी मिस्त्री का योगदान के विषय पर की गई परिचर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। महिला हाउसिंग ट्रस्ट एमएचटी रांची के द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों के बिल्डर / कांट्रेक्टर, महिला मिस्त्री और एमएटी के सदस्यों के साथ में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन होटल मेपलवुड, सिरोम टोली चौक, राँची, में किया गया।

जिसका मुख्य उद्देश्य निर्माण उद्योग में रानी मिस्त्री का योगदान और आगे का रास्ता के विषय पर परिचर्चा की गई। बिल्डरों / कांट्रेक्टरों ने कहा की एमएचटी के द्वारा रानीमिस्त्री का प्रशिक्षण काफी सराहनीय है एवं महिला मिस्त्री हमलोग के कार्य स्थल में सुचारू रूप से रानीमिस्त्री का कार्य कर रही है।

एमएचटी द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त की महिला मिस्त्री को रू 450-500 प्रतिदिन प्राप्त हो रही है। इस मौके पर प्रोग्राम कॉर्डिटनेटर रोहित कुमार गुप्ता ,अंकित , ट्रेनी पुष्पा मुंडा, सुनीता देवी, बसंती टीटूयू, कृष्णा कांत, केके डेवलपर्स ,बलिराम प्रजापति ओक इंफ्रा ,अचल रंगास्वामी समेत कई लोग मौजूद थे।

पांच दिनों में झारखंड के तापमान में पांच से छह डिग्री होगी वृद्धि

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड में अब ठंड जा रही है। गर्मी दस्तक देने लगी है। वहीं कई जिलों में मौसम अपना मिजाज बदल रहा है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के मुताबिक आने वाले पांच दिनों में राज्य के तापमान में वृद्धि होगी। यह वृद्धि पांच से छळ डिग्री तक हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार हवा के रूख में अब बदलाव हो रहा है। जिसके कारण राज्य में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। उत्तर दिशा से आने वाली हवा के साथ पश्चिम की शुष्क और गर्म हवा भी आने लगी है। समय बीतने के साथ पश्चिम की गर्म हवा जोर पकड़ेगी और वातावरण गर्म होगा।

झारखंड में अक्टूबर मध्य के बाद से बारिश नहीं हुई है। फिलहाल बंगाल की खाड़ी में भी बारिश को लेकर सिस्टम बनने के आसार कम है। धरती की सतह सूख रही है। नमी कम हो जाने और गर्म हवा से वातावरण गर्म हो रहा है।

दुष्कर्म की कोशिश करने के आरोपित को भेजा गया जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता



रांची : डोरंडा के एक अपार्टमेंट के नीचे खेल रही छह साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोपित गार्ड मो अजीमुद्दीन (58) को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बुधवार को बताया कि बच्ची अपार्टमेंट कैम्पस में ही खेल रही थी। इस क्रम में पारसटोली निवासी आरोपित गार्ड मो अजीमुद्दीन भी बच्ची के साथ खेलने लगा। बहला-फुसला कर बच्ची को चॉकलेट देने के बहाने अपने साथ गार्ड रूम में ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। बच्ची के शोर मचाने पर आसपास के लोग और परिजन वहां पहुंचे। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और गार्ड को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित गार्ड ने पुलिस के समक्ष पूछताछ के दौरान अपनी संलिप्तता स्वीकार की। डोरंडा थाना पुलिस ने आरोपित गार्ड अजीमुद्दीन को कोर्ट में प्रस्तुत किया, जहां से आरोपित को जेल भेज दिया गया।

मीट मामले में हाई कोर्ट में हुई सुनवाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। कांके अंचल अंतर्गत वधशाला में पशु मीट दुकानदारों को अपने पशु ले जाकर वधशाला में कटवाने और इसके बाद अपने दुकानों में मीट बेचने के रांची नगर निगम के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। प्रार्थी की ओर से समय की मांग की गई जिसपर कोर्ट ने मामले की सुनवाई की अगली तिथि 22 मार्च निर्धारित की। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश कुमार की कोर्ट ने रांची नगर निगम के आदेश पर रोक जारी रखा है। रांची नगर निगम की ओर से प्रशांत कुमार सिंह ने पैरवी की।पूर्व की सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम की ओर से बताया गया कि वधशाला में जानवरों को काटने से पहले क्या प्रोसीजर होगा उसका संकल्प तैयार कर गजट प्रकाशित करने के लिए राज्य सरकार को भेजा गया है। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि कांके के वधशाला में मीट कटने के संबंध में उसका क्या राय है। इसे शपथ पत्र के माध्यम से दाखिल करने का निर्देश कोर्ट ने सरकार को दिया था।पूर्व में सुनवाई के दौरान निगम की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर कोर्ट को बताया गया था कि कांके स्थित वधशाला में पशुओं को काटने के पहले डॉक्टरों के द्वारा उनका चेकअप किया जाएगा, यह देखा जाएगा कि जानवरों को कोई बीमारी तो नहीं है।

14 मार्च से शुरू होंगी मैट्रिक-इंटर की परीक्षाएं, तैयारी पूरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड में मैट्रिक-इंटर की परीक्षा 14 मार्च से शुरू हो रही है। इस परीक्षा में करीब आठ लाख विद्यार्थी शामिल होने जा रहे हैं। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मैट्रिक और इंटर की परीक्षा को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जैक अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने कहा कि विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गृह जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जैक बोर्ड की ओर से समय से प्रश्न पत्र एवं अन्य परीक्षा सामग्री जिलों को उपलब्ध करा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा पाने के लिए मैट्रिक और इंटर का रिजल्ट जून के प्रथम सप्ताह में जारी कर दिया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को किसी तरह की दिक्कत ना हो।मैट्रिक और इंटर की परीक्षा के लिए जैक ने जिला स्तर पर परीक्षा केंद्र बनाया है। इस वर्ष पिछले साल की तुलना में कम परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। 2022 में जैक बोर्ड ने 1936 परीक्षा केंद्र बनाए थे। जबकि इस बार अभी तक करीब 1400 केंद्रों को निर्धारित किया गया है। रांची में 159 केंद्रों पर मैट्रिक और इंटर की परीक्षा होगी, जिसमें 102 मैट्रिक की परीक्षा के लिए और इंटर की परीक्षा के लिए 57 केंद्र बनाए गए हैं, जहां लगभग 82 हजार परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।विद्यार्थियों की सुविधा को देखते हुए मैट्रिक के परीक्षा केंद्र प्रखंड स्तर पर जबकि इंटर के परीक्षा केंद्र अनुमंडल स्तर पर बनाए गए हैं। मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली और इंटर की परीक्षा द्वितीय पाली में आयोजित की जाएगी।जैक अध्यक्ष ने कहा कि इस बार बदले हुए पैटर्न से मैट्रिक और इंटर की परीक्षा होगी। इसमें परीक्षा ओएमआर शीट और उत्तर पुस्तिका दोनों पर ली जाएगी। दोनों के 40 40 अंक होंगे और 20 अंक आंतरिक मूल्यांकन के होंगे। छात्रों से परीक्षा में वस्तुनिष्ठ एवं लघु उत्तरीय तथा दीर्घ उत्तरीय प्रश्न पूछे जाएंगे। उल्लेखनीय है कि कि साल 2023 की मैट्रिक -इंटर परीक्षा में राज्यभर के आठ लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिसमें मैट्रिक की परीक्षा में लगभग 4:50 लाख और इंटर की परीक्षा में 3:50 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे।

रांची में जी- 20 की बैठक को लेकर बुधवार से बंद हुआ पतरातू लेक रिसोर्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राजधानी रांची में जी-20 (दुनिया के विकासशील और विकसित देशों का संगठन) की बैठक दो मार्च को होने वाली है। इस बैठक को लेकर लंबे समय से तैयारी की जा रही है। जी-20 के 60 डेलीगेट इस बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। इस बैठक को लेकर शहर के साफ- सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सड़क के किनारे लगने वाले ठेलों को भी बंद कर दिया गया है। रांची में दो-तीन मार्च को जी-20 की बैठक प्रस्तावित है। बैठक में शामिल जी-20 देशों के प्रतिनिधि पतरातू डैम का आनंद लेने भी जा सकते हैं। ऐसे में पर्यटन निदेशालय, झारखंड ने पतरातू लेक रिसोर्ट को 11 दिनों तक आम लोगों के लिए बंद रखने का फैसला किया है। जी-20 समिट को देखते रामगढ़ जिला स्थित पतरातू लेक रिसोर्ट को 22 फरवरी से चार मार्च तक बंद रखा जाएगा। इस अवधि में आम लोगों के लिए लेक रिसोर्ट एरिया पूरी तरह से बंद रहेगा। इसके जरिये लेक रिसोर्ट की साफ सफाई, सुंदरीकरण और अन्य कार्यों को दुरूस्त रखा जाएगा ,ताकि यहां आने पर राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय अतिथियों को पतरातू लेक का भरपूर आनंद मिल सके।

कक्षा एक से सात तक की वार्षिक परीक्षा 26 से 29 अप्रैल तक

रांची : राज्य सरकार के नियंत्रण में चल रहे सभी प्रकार के स्कूलों की वार्षिक परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गई है। इन स्कूलों में कक्षा एक से लेकर सात तक की वार्षिक परीक्षा 26 अप्रैल से शुरू होगी। यह परीक्षा 27 और 29 अप्रैल को भी होगी। एक मई से आठ मई तक मूल्यांकन होगा। 10 मई से लेकर 13 मई के बीच सभी स्कूल रिजल्ट प्रकाशित कर देंगे। जेसीईआरटी की निदेशक किरण कुमारी पासी ने सभी जिला शिक्षा अधीक्षकों को निर्देश दिया है कि निर्धारित कैलेंडर के मुताबिक परीक्षा आयोजित करें।

रांची : आधी आबादी को सशक्त करने के लिए आजसू कटिबद्ध

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के आधी आबादी को नेतृत्व का अवसर प्रदान करने के प्रति सकारात्मक सोच को आगे बढ़ाते हुए आजसू पार्टी की अनुषंगी इकाई अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के छात्रा इकाई गठन किया गया। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय प्रभारी सह रांची महानगर संयोजक अभिषेक झा ने सूची जारी किया 7डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के छात्रा इकाई में अध्यक्षङ्क आयुषी कसेरा, वरीय उपाध्यक्ष- ज्योति उरॉव, नैना कुमारी, शीतल कुमारी, तन्नू कुमारी, सलोनी कुमारी, नेहा सिंह, उपाध्यक्ष- श्रुति मिश्रा, जयश्री जयसवाल, अंजू तिर्की, शिवानी वर्मा, महासचिव- अंशु कुमारी, सचिव- पल्लवी दुबे, जयंती कुमारी, अपर्णा, अनीता कुमारी, आंचल कुमारी, उप सचिव- कीर्ति कुमारी, स्तुति जैन, संजना कुमारी, ईशा कुमारी, अनिता सिंहा, प्रवक्ता- स्वाति सिन्हा, कोषाध्यक्ष - अनुष्का कुमारी, मीडिया प्रभारी- सृष्टि कुमारी, सोशल मीडिया प्रभारी- स्वेता कुमारी को मनोनित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विश्वविद्यालय प्रभारी अभिषेक झा उपस्थित थे ।

रांची : मेन रोड में लगा रहता है जाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। मार्च के पहले सप्ताह में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर जिला प्रशासन, नगर निगम पूरी तरह से अलर्ट है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं और साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है । बावजूद इसके शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर जो मुख्य मार्ग है।जी-20 के जो जो डेलिगेट्स आएंगे। देश-विदेश से वे रेडिसन ब्लू में ठहरेंगे। वे इसी मार्ग से किसी न किसी तरह से पदाधिकारी गणों का आवागमन होगा। पूरा शहीद चौक से लेकर सुजाता चौक तक जाम की स्थिति बनी रहती है। फुटपाथ वाले सड़क पर ही खेला, खोमचा, दुकान लगा कर रहते हैं जाम की स्थिति बनी रहती है । लोग परेशान रहते हैं, इस पर न नगर निगम के ध्यान है और न ही जिला प्रशासन कोई ध्यान दे रहा है। इतना ही नहीं कचहरी चौक वेंडर मार्केट में भी कई फुटपाथ दुकानदारों को दुकान मिला है बावजूद इसके कई इसके सगे संबंधी जो हैं फुटपाथ पर ही दुकान लगा रहे हैं जिसकी जांच की जा सकती है। इस संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने कहा है कि इस तरह की सूचनाएं लगातार मिल रही है। कांटा टोली, रातू रोड, मेन रोड, कचहरी चौक ,शहीद अल्बर्ट एक्का चौक और इसके आसपास के जितने भी फुटपाथ की दुकानें हैं वह सब हटा लिया जाएगा , नहीं तो उस पर ना सिर्फ जुर्माना लगेगा बल्कि सारे सामान भी जप्त कर लिया जाएगा। साथ ही यह भी कहा कि संबंधित ट्रैफिक पुलिस की भी जिम्मेदारी बनती कि जो फुटपाथ लगाए जा रहे हो उसे लगने ना दे, अन्यथा ट्रैफिक पुलिस पर भी करवाई होगी।

वामदलों ने अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम को ज्ञापन सौंपा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। सीपीआई, सीपीएम, आरपीआई, बुधिस्त सोसायटी ऑफ इंडिया का एक प्रतिनिधि मंडल झारखंड राज्य अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक जगबंधु महंथा से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा।

उनसे मांग किया की झारखंड राज्य अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम में सहायक के पद पर पदस्थापित अवधेश कुमार कालिंदी के साथ समाज कल्याण विभाग के आप्त सचिव अमित कुमार के द्वारा आसंसदीय भाषा का प्रयोग किया और उनके कामो मे दखलंदाजी किया जाता है। आप्त सचिव अमित कुमार के द्वारा एक अनुसूचित जाति के कर्मचारी को गाली गलौज करना धमकी देना और हर कार्य में कमीशन की मांग करना को निंदनीय करार दिया है। निदेशक से मांग की गई की जिसने भी इस तरह का कार्य किया है, इस पर विभाग की और से प्राथमिक दर्ज कराई जाए , अगर विभाग इसपर कोई कार्यबाई नही करता है तो हम सभी लोग सड़क पर उतरकर आंदोलन को बाध्य होंगे।इस प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व ज्ञानेंद्र सिंह एवम सीपीआई के अजय सिंह,आरपीआई दिलेश्वर ठाकुर, सीपीएम के अमल पांडे , प्रोफेसनल कांग्रेस योगेंद्र सिंह बेनी, नागेंद्र चौधरी शामिल थे।

नाबालिक लड़की को भगा कर ले जाने वाला आरोपी को पुलिस ने पकड़कर भेजा जेल

ख़लारी (प्रभात मंत्र संवाददाता): मैक्लुस्कीगंज के सरना टोली स्तिथ राजेश सिंह के ईट भट्ठा से नाबालिक लड़की को भगा कर ले जाने का मामला थाना में मामला दर्ज किया गया. जानकारी के अनुसार ग्राम पंडरा थाना कुडू जिला लोहरदगा निवासी मजबूल पवरिया अपनी पत्नी आसमा खातून 16 वर्षीय भतीजी (काल्पनिक नाम रानी) के साथ मैक्लुस्कीगंज के सरना टोली स्थित राजेश सिंह के ईंट भट्ठा पर ईंट निकासी का कार्य कर रहे थे.इस दौरान 19 फरवरी के दिन अपनी भतीजी के साथ ख़लारी बाजार टांड़ समान खरीदने पहुँचे थे. बाजार से सामान खरीदारी करते हुऐ लगभग संध्या पाँच बजे बिना बताये कही चली गयी. पूरी रात दिन खोज बिन किया गया. परंतु काफी खोजबीन करने के बाद पता चला कि किसी छोटू राम (उम्र 20) पिता रामेश्वर राम ग्राम लेदगाई थाना बरवाडीह जिला लातेहार ले भाग गया. तत्पश्चात मज़बूल पवरिया ने आवेदन देकर थाना में मामला दर्ज कराया. त्वरित कार्रवाई करते हुए मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी जंग बहादुर सिंह नेतृत्व एस आई सुमीत कुमार भगत ने सूचना आधार पर त्वरित करते नामजद अभियुक्त छोटू राम साथ लातेहार जिला छिपादोहर बरामद लिया. बरामद नाबालिग को 164 का कर शेल्टर होम भेज गया. वहीं नामजद अभियुक्त को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया.

गुरुजनों का आदर करना व आज्ञा को सर्वोपरि मानना सफलता की पहली कुंजी है : सुरेन्द्र नाथ पांडेय

ख़लारी (प्रभात मंत्र संवाददाता): माता-पिता एवं गुरुजनों का हमेशा आदर करना और उनकी आज्ञा को सर्वोपरि मानना सफलता की पहली कुंजी है. अथवा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही किसी विद्यालय का भविष्य गढ़ता है,आदर्श उच्च विद्यालय पिछले 38 वर्षों से मैकलुस्कीगंज में सभी तबके के ग्रामीण बच्चों को शिक्षित करने का काम कर रहा है. आगे नयी शिक्षा नीति के तहत 2023 से ही विद्यालय परिसर में प्लस टू की पढ़ाई शुरू किया जा रहा है. उक्त बातें मैकलुस्कीगंज के आदर्श उच्च विद्यालय प्रांगण में आयोजित विदाई समारोह में मैकलुस्कीगंज के विकास पुरूष,विद्यालय के संस्थापक सचिव भाजपा नेता सुरेंद्र नाथ पांडेय ने कहा. मौके पर विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य आर के शुक्ला, एवं लखन प्रसाद ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें परीक्षा में बेहतर करने के कई गुर बताये. इससे पूर्व वर्ग 9वी के छात्र छात्राओं ने विदाई लेने वाले विद्यालय के ही 37 बैच के 126 छात्र छात्राओं को तिलक चंदन लगाकर उनके उज्वल भविष्य की कामना किया गया. वहीं विदाई लेने वाले विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने का वचन दिया. इधर समारोह में मुख्य अतिथि का स्वागत पारंपरिक रूप से विद्यालय परिवार ने माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया. कार्यक्रम का संचालन वर्तमान प्रधानाध्यापक आदित्य प्रसाद साहू ने किया. इस दौरान विद्यालय के छात्र छात्राओं ने आकर्षक रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये. कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक गोपाल प्रसाद,जयप्रकाश यादव,राधा कुमारी,कंचन कुमारी,सुधीर कुमार पांडेय,योगेश कुमार साहू,ममता कुमारी,एडवर्ड मरांडी,निर्मल कुजूर,अनिल कुमार, मनोज दुबे, मनोहर यादव का सराहनीय योगदान रहा.

यूथ कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता): एलआईसी एवं एसबीआई को बचाने के उद्देश्य से यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अरुण सांगा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बुधवार को हस्ताक्षर अभियान चलाया। मौके पर अरुण सांगा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री ने अपने मित्र गौतम अदाणी को एसबीआई और एलआईसी से लोन दिलाकर इन पब्लिक सेक्टरों में निवेश करने वाले करोड़ों लोगों की चिंताएं बढ़ा दी है। अमेरिकी संस्था हिंडनवर्ग ने अपनी रिपोर्ट में प्रधानमंत्री के मित्र की गलत करतूतों को उजागर करने के बाद लोगों को अपनी गाढ़ी कमाई डूबने का भय सताने लगा है। उन्होंने अविलंब लोगों के पैसे को वापस करने की मांग की और कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण आज महंगाई और बेरोजगारी बढ़ रही है। इन ज्वलंत समस्याओं की ओर से जनता का ध्यान भटकाने के लिए देश में केंद्र सरकार की शह पर नफरत का माहौल बनाया जा रहा है, जिसका युवा कांग्रेस तीव्र विरोध करती है। इस अवसर पर प्रखंड 20 सूत्री सदस्य मोहम्मद सोहेल,नगर अध्यक्ष गुलीट मिश्रा, खूंटी विधानसभा उपाध्यक्ष मोहम्मद उस्मान खान, नगर महासचिव मोहम्मद शकील, खूंटी प्रखंड अध्यक्ष अनमोल धान, मुरहू प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद खान, बहा मुंडा, दशरथ पाहान, निलेश मुंडा, निकोदीन सोए, अनीश, सुमन जायसवाल आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

साइको थाना क्षेत्र में अफीम की खेती नष्ट किया गया

खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता): आज दिनांक 22/02/2023 को 26 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की एफ कम्पनी हुंट और सायको थाना के सशस्त्र बलों ने संयुक्त अभियान चलाकर सायको थाना क्षेत्र के बारी बुरूडीह?,उबरूटोली, चुनदीबुरू गाव इलाके में लगभग 11 एकड़ अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया इस अभियान में 26 वीं वाहिनी एस एस बी के कमांडेंट एसडी शेरखानी के दिशा-निर्देश पर एफ कम्पनी हुंट के निरीक्षक अशोक कुमार, सहायक उप निरीक्षक, लेखक रोय,मखना राम मुख्य आरक्षी बालमे मचीनदर, राकेश कुमार पाण्डेय, जीतेन्द्र सिंह समान्य आरक्षी सुभम पटेल,सुमानता टुडू, प्रदीप सिंह तथा सायको थाना के सहायक उप निरीक्षक मेघराव के साथ अन्य शस्त्र बल और शामिल थे।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड
(कृषि प्रभाग)
संयुक्त कृषि कार्यालय, विकास कॉलोनी,
करमटोली रोड, गुमला
(ईमेल –scogumla6@gmail.com)

सूचना

वित्तीय वर्ष 2022–23 में राज्योदश सं0 37 दिनांक 20.10.2022 के आलोक में जिला– गुमला अन्तर्गत **43 सरकारी एवं 40 निजी कुल 83 तालाबों का जिर्णोद्वार** एवं जल निधि योजना अन्तर्गत **116 परकुलेशन टैक (120'x100'x12')** जमीन के नीचले भाग में छोटा तालाब (नव निर्माण) एवं **37 डीप बोरिंग** का कार्य संबंधित **पानी पंचायत समिति** के द्वारा कराया जाना है। चयनित सरकारी/ निजी तालाबों का जिर्णोद्वार परकोलेशन टैंक का कार्य हाइड्रोलिक मशीन/ जे0सी0बी0 के द्वारा मिट्टी कटिंग का कार्य (**Eroth work with complete draciing**) किया जाना है, डीप बोरिंग का कार्य वोरवेल मशीन के द्वारा बोरिंग कर समरसेभल **1.5 HP**, जनरेटर 5 **KV** इत्यादि का स्टॉलेशन का कार्य भी किया जाना है।

सभी संबंधित कार्य स्वीकृत प्लान/प्राक्कलन के अनुसार किया जाएगा। तदनुसार किये गये कार्यो का भुगतान **मापी पुस्त** के आधार पर विभिन्न किस्तों में **पानी पंचायत समितियों के अध्यक्ष/सचिवों** के द्वारा चेक, बैंक डिमांड डाफ्ट के माध्यम से भेण्डर को भुगतान किया जाएगा।

उपरोक्त कार्यो को कराने के लिए **इच्छुक पोपलेन, जे0सी0बी मशीन एवं डीप बोरिंग रखने वाले व्यक्ति/भेण्डर** संबंधित **पानी पंचायत समितियों के अध्यक्ष/सचिवों** से विज्ञापन प्रकाशन उपरांत अविलम्ब सम्पर्क स्थापित कर कार्य कर सकते है इस निमित संबंधित लाभुक समिति की सूची भूमि संरक्षण कार्यालय, संयुक्त कृषि कार्यालय, विकास कॉलोनी, करमटोली रोड, गुमला में सूचना पट्ट पर प्रदर्शित किया गया है।

–ह0–
भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
गुमला।

PR 290929 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 22-23 (D)

ख़लारी प्रखंड कार्यालय का 14वां स्थापना दिवस मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

ख़लारी : ख़लारी प्रखंड कार्यालय का 14वां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया. समारोह का अध्यक्षता ख़लारी प्रखंड विकास पदाधिकारी लेखराज नाग ने किया. इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा,जिला परिषद सदस्य पूर्वी व पश्चिमी,ख़लारी अंचलाधिकारी एसपी आर्या,भाजपा विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह,भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा व जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष साबिर अंसारी सहित अन्य ने संयुक्त रूप से केक काटकर मनाया गया. इस दौरान ख़लारी बीडीओ व सीओ ने कहा कि प्रखंड का 14वां साल हो गये. प्रखंड

व अंचल से हमेशा प्रयास रहता है या रहेगा कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्तियों तक मिले. वही प्रखंड प्रमुख तिग्गा कहा कि प्रखंड में चल रही योजनाओं को सही तरीके से धरातल पर उतारने की जरूरत है.न कि योजना बिचौलियों के हाथ मे दे दे. सरकार की जो योजनाएं चल रही है, उन्हें जन जन तक पहुंचाने का सभी प्रखंडकर्मियों को पहुँचाने का कार्य करना है. कार्यक्रम में प्रखंड के जनप्रतिनिधियों ने मंच को संबोधित कर कहा कि ख़लारी प्रखंड होने से लोगों में से गांव गरीब मजदूर का हक मिलता है. समारोह का संचालन मुन्नू शर्मा व धन्यवाद ज्ञापन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार ने किया. मौके पर प्रखंड के सभी पदाधिकारी व 14 पंचायत के मुखिया व पंचायत समिति में से लपरा मुखिया पुतुल देवी,मायापुर मुखिया पुष्पा खलखो,चुरी दक्षिणी मुखिया मलका मुण्डा,चुरी मध्य सुनीता देवी,पंचायत सेवक परीक्षित महतो,रोजगार सेवक मणिलाल उराँव,लालमोहन राम, सहित अन्य उपस्थित थे.

जनता मज़दूर संघ ने नुक्कड़ सभा कर डकरा प्रबंधन को चेताया

ख़लारी (प्रभात मंत्र संवाददाता): जनत मज़दूर संघ के डकरा शाखा द्वारा बुधवार के प्रथम पाली में डकरा एक्सवेशन के सामने नुक्कड़ सभा आयोजित किया. नुक्कड़ सभा में संघ के नेताओं ने कामगारों के समक्ष हाल के दिनों में डकरा परियोजना प्रबंधन डकरा में पात्रता रखने वाले कर्मियों का आवास न देकर दूसरे क्षेत्र के गैर पात्रता रखने वाले कर्मियों को अनुचित तरीके से आवास देने के निर्णय का विरोध किया. यूनियन द्वारा सीसीएल विजिलेंस विभाग को लिखा जिसके बाद उक्त विवादित आवास का आवंटन रोक दिया गया. जिसपर कामगारों का भरपूर साथ भी मिल रहा. ज्ञात हो की पूरा मामला डकरा के हीं वरीय डम्फर ऑपरेटर प्रभु गंझू के साथ आवास आवंटन में भेद भाव का आरोप लगाते हये प्रबंधन द्वारा परेशान करने का आरोप लगया है. श्री गंझू के आवास आवंटन में रोड़ा बने सीसीएल सीसीएल यूनियन को भी आड़े हाथों लिया गया. अब क्षेत्र के सिस्टा यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष देवपाल मुंडा ने भी श्री गंझू को उक्त बी/191 आवास देने को लेकर जी एम एनके को पत्र लिखा है. पत्र में सिस्टा ने आरक्षण रोस्टर का पालन नही करने का आरोप लगया है. साथ ही इसकी शिकायत आयोग में भी करः दिया. पहले हीं जनता मज़दूर संघ आगामी 25 फरवरी को डकरा परियोजना कार्यालय के समक्ष आवास के मामले को लेकर सांकेतिक अनशन करने का घोषण कर रखा है. नुक्कड़ सभा में मुख्य रूप से संघ के केंद्रीय सचिव सह जेसीएससी सदस्य कमलेश सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष गोलटेंन प्रसाद यादव, क्षेत्रीय सचिव डी पी सिंह, डकरा शाखा सचिव टुपा महतो, बुटन चौहान, कृष्णदेव पासवान, प्रभु गंझू, संतोष उराँव, बुला गंझू, संजय कुमार, कंचन महतो, कुलेश्वर महतो, ललकु महतो, सुभाषचंद्रा, जिफिल टोपो, धीरज महतो सहित प्रथम पाली के सभी कामगार अवस्थित थें.

कर्रा के हसबेड़ा सोदाग मोड़ सड़क निर्माण में अनियमितता की शिकायत

प्रभात मंत्र संवाददाता

कर्रा : प्रखंड के हसबेड़ा से सोदाग मोड़ निर्मित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में भारी अनियमितता पर ग्रामीणों ने अपना आक्रोष जताया. ज्ञात हो कि हसबेड़ा से सोदाग मोड़ निर्माण किए जाने वाले सड़क का निर्माण मेहा गांव से सोदाग मोड़ तक किया गया है जिसमे भारी अनियमितता बरती गयी है ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण का मात्र एक से डेढ़ माह हुआ है और सड़क जर्जर होने लगी है सड़क निर्माण में संवेदक मो. युसूफ खान द्वारा भारी अनियमितता बरती गयी है हसबेड़ा से सोदागर मोड़ तक कुल 5.44 किलोमीटर सड़क का निर्माण अनुमानित लागत 26988762 रुपया से कराना था. जिसका संवेदक ने भरपुर फायदा उठाया है वही ग्रामीण सड़क निर्माण के समय अच्छी सड़क निर्माण कराने कि मांग रखें थे जिस पर संवेदक ने ग्रामीणों की मांग को मिट्टी धुल समझ कर नजर अंदाज कर दिया. और अपने मनमाने तरीके आ गुणवत्ता सड़क निर्माण कराकर अधिक से अधिक राशि कमाने का काम किया है जिसका ग्रामीणों द्वारा उच्च स्तरीय जांच कराने और संवेदक का लाईसेंस रद्द कराने की मांग की जा रही है ।

जिला परिवहन कार्यालय,सिमडेगा

एदत् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला परिवहन कार्यालय सिमडेगा में विभिन्न वाहनो का रोड टैक्स निम्नवत् है।

99	JH20A 5484	Goods Carrier	JOYTI STUUCURES LTD	I/C JOYTI STUUCURES LTD	AT MAIN ROAD SIMDGEA,SIMDEGA,SIMDEGA,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	27-Apr-2013	160999
100	JH20A 5486	Goods Carrier	TARKESHWAR MAHTO	S/O NABAMI MAHTO	AT BURU SINGH,PO CHIRUDIH,TAMAR RANCHI,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	27-Apr-2013	160999
101	JH20A 5488	Goods Carrier	MD SELIM S K	S/O MANILA BEOYA	AT MOUZA KANKURIYA 88 PARA,KHAJURTOLA,UTTAR PARA,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	26-Apr-2013	269242
102	JH20A 5923	Goods Carrier	KRISHNA KR SINHA	S/O RAMYATAN SINHA	AT H NO 7 MANIDIT BAZAR LINE,TELCO,JAMSEDHPUR EAST SINGBHUM,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	27-Mar-2018	72142
103	JH20A 5933	Goods Carrier	VIJAY KUMAR VERMA	S/O CHANDRA DEO PRASAD	MAIN ROAD SIMDEGA,SIMDEGA,SIMDEGA,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	27-Dec-2019	44200
104	JH20A 5937	Goods Carrier	AMARDEEP SINGH	S/O JOGINDER SINGH	AT- H NO- 66 RIPIT COLONY,PO-P-S MANGO,E SINGHBHUM,,JHARKHAND,835533	27-Mar-2016	260850
105	JH20A 5943	Goods Carrier	GANGA SHARMA	S/O LATE KAPIL PD. VISHAWAKARM	AT- DINESHWARNAGAR HARMU,P.S - HOUSING COLONY HARMU,RANCHI,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	27-Dec-2017	87038
106	JH20A 5950	Goods Carrier	OM PRAKASH SINGH	S/O JAGADISH SINGH	AT DHANESAR,,DHANBAD,SIMDEGA,JHARKHAND, 999999	27-Sep-2014	225796
107	JH20A 5951	Goods Carrier	MUKESH KUMAR SINGH	S/O RAJ KUMAR SINGH	AT JOSHI COLONY PO,MARSARA,BOKARO,SIMDEGA,JHARKHAND, 999999	27-Sep-2021	20400
108	JH20A 5993	Goods Carrier	RAJ KISHOR YADAV	S/O JAI YADAV	KHIJRI JORAR P.S NAMKUM RANCHI,RANCHI,RANCHI,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	30-Jun-2015	119697
109	JH20A 5995	Goods Carrier	AKHILESH KUMAR	S/O AYODHYA SAW	AT PALO LARI GURU GOMIA,,BOKARO,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	01-Oct-2014	133549
110	JH20A 5996	Goods Carrier	RAJ KUMAR SINGH	S/O MANOJ KUMAR SINGH	AT- H NO- 81/6 GOV COLONY,PS- IEL GOMIA SAMSERA,BOKRO,BOKARO,JHARKHAND,829112	01-Jan-2016	110419
111	JH20A 5998	Goods Carrier	MUKESH KUMAR	S/O AYODHAYA SAW	AT POLIHARI GUNADIH,GOMIA,BOKARO,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	01-Jul-2014	138175
112	JH20A 6045	Goods Carrier	VINAY KUMAR	S/O RAM CHANDRA PRASAD	AT- NAI BAZAR WARD N.7,P.O - NAI BAZAR,BUXAR,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	08-Jul-2013	261618
113	JH20A 6223	Goods Carrier	PAWAN KUMAR YADAV	PRAKASH YADAV	WARD NO 7 PO- LOKAI,KODARMA,BADDIHA,KODARMA,JHARKHAND,825410	22-Jul-2021	20400
114	JH20A 6329	Goods Carrier	MR RAJ KR MANDAL	S/O K BHUSHAN MANDAL	AT ANUPURNA BHANDAR BANDIH JAINA,MORH BOKERO,BOKERO,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	29-Oct-2014	133182
115	JH20A 6333	Goods Carrier	ARYAN KUMAR	S/O RAM JATAN SHAW	PISKA MORE ITKI,ROAD RANCHI,RANCHI,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	30-Jul-2017	82283
116	JH20A 6351	Goods Carrier	RAM PARAN SAHU	S/O DAMODAR SAHU	AT- +P.O. LONGA,P.S. BASIA,GUMLA,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	24-Nov-2016	153210
117	JH20A 6405	Goods Carrier	MISS SUPRIYA	W/O SUNIL KUMAR TREHAN	AT N H 37 BEITALA GWANTI,,GWAHATI,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	04-May-2014	350761
118	JH20A 6406	Goods Carrier	MISS SUPRIYA	D/O SUNIL KR TREHAN	AT KALIMATI ROAD SAKEHI,,JAMSEDHPUR,SIMDEGA,JHARKHAND, 999999	04-May-2014	350761
119	JH20A 6407	Goods Carrier	PRADIP MUKHERJEE	S/O DURGA PADO MIKHERJEE	AT 16 JLIYAN KADMA,JAMSEDH PUR,JAMSEDHPUR,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	04-Aug-2014	338353
120	JH20A 6409	Goods Carrier	MANOJ KUMAR	S/O C.SHARMA	AT-KALIMATI ROAD GOLMURI CABLE TOWN,E.SINGHBHUM,JAMSHEDPUR,JAMSEDH PUR,JHARKHAND,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	04-May-2019	108000
121	JH20A 6416	Goods Carrier	MD.NIJAMUDDIN ANSARI	S/O HASMAT ALI	AT-KANSHITAND PO-NAGNAGAR,PS-BARWADDA,DHANBAD,DHANBAD,JHARKHAND, 826004	04-Aug-2018	96307
122	JH20A 6422	Goods Carrier	ARJU HUSSAIN	S/O SADIKUR ISLAM	AT- PATHANATULL GABGACHHI J L NO 90,JADUPUR ENGLISH BAZAR MAIDA,MAIDA,,JHARKHAND,732103	04-Aug-2017	129151
123	JH20A 6436	Goods Carrier	KULDIP SINGH SAINI	S/O JASWANT SINGH SAINI	AT KAMATI ROAD,,JAMSEDHPUR,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	04-May-2022	21600
124	JH20A 6531	Goods Carrier	SAHDEO NAYAK	S/O PRAYAG SAW	AT PALI LARI,GURANDIH GOMIA PO GOMIA,BOKARO,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	15-May-2021	23800
125	JH20A 6571	Goods Carrier	SRI DIN DAYAL SAW	S/O- LATE-PARKASH NATH SAW	AT- FRINDES COLONY RANCHI,RANCHI,RANCHI,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	15-Nov-2017	77394
126	JH20A 6635	Goods Carrier	MUSLIM ALI	S/O AHMAD ALI	AT- 3 PISAPIRO PO- MAKATPUR,PS-JAYNAGAR,KODARMA,KODARMA,JHARKHAND, 825324	23-Aug-2015	118952
127	JH20A 6645	Goods Carrier	MR JAGDISH SHARMA	S/O LT GAYA SHARMA	AT SHYAM NAGAR RAIPUR,,RAIPUR,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	03-Feb-2020	40800
128	JH20A 6662	Goods Carrier	MR.VIJAYDHAR ROY	S/O BANSHI ROY	PRINCE CHOWK,SIMDEGA,SIMDEGA,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	23-Aug-2013	155960
129	JH20A 6675	Goods Carrier	KRISHNA MURARI AGRAWAL	S/O TARKESHWAR AGARWAL	AT NAWODA COLONY NAWADA,,SILLIGURI,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	23-Nov-2014	132830
130	JH20A 6684	Goods Carrier	NAGENDRA KUMAR SINGH	S/O BINDESHWAR SINGH	MAIN ROAD SIMDEGA,SIMDEGA,SIMDEGA,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	23-May-2015	202504
131	JH20A 6795	Goods Carrier	YOGESHWAR CHAUDHARY	S/O SARYU CHOUDHARY	AT MADARIGUDDI,CHANDNARI,KODERMA,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	01-Sep-2021	30000
132	JH20A 6941	Goods Carrier	PRAKASH KUMAR	S/O GARJO SAO	AT- MAIN ROAD SIMDEGA,P.S-SIMDEGA,SIMDEGA,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	16-Sep-2013	155554
133	JH20A 6946	Goods Carrier	SITA DEVI	W/O RAM BIHARI YADAV	AT SEC IB BS CITY,,BOKARO,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	16-Sep-2017	127644
134	JH20A 6971	Goods Carrier	SIYA SHARAN PRASAD	S/O KALI CHARAN PRASAD	AT- DARAGAHI TOLA PANDARAKKA,BHAGANCHAL PANDARAK,PATNA,,JHARKHAND,845612	21-Mar-2017	143894
135	JH20A 7053	Goods Carrier	BINAY SINGH	S/O BIRENDAR SINGH	AT STAR TALKIES AREGI,DURMAMINES,JAMSEDHPUR,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	06-Oct-2016	96486
136	JH20A 7139	Goods Carrier	PREM KUMAR GUPTA	S/O PARASNATH GUPTA	H.N. 60 CHARMUNDA DAKSHI,PURI TOLA P.O.JHARI P.O MERAL,GHARWA,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	06-Jul-2013	156624
137	JH20A 7140	Goods Carrier	VINOD SINGGH	S/O BHOLA SINGH	AT- PANDITHATA WARD NO -9,PO-CHAKARDHARPUR DISTT- W SINGHBH,W SINGHBHUM,,JHARKHAND,833402	06-Jul-2018	97464
138	JH20A 7255	Goods Carrier	JAWAHAR YADAV	S/O I NATHUNI YADAV	AT- H NO- 91 SINGH NAGAR KATRAS MOR,PO-JHARIYA,DHANBAD,DHANBAD,JHARKHAND,828111	18-Apr-2020	55000
139	JH20A 7305	Goods Carrier	JAY PRAKASH BHALLA	S/O S.N. BHALLA	AT- MAIN ROAD SIMDEGA,SIMDEGA,SIMDEGA,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	23-Oct-2017	77778
140	JH20A 7318	Goods Carrier	SANJAY KUMAR	S/O DARO PRASAD YADAV	MAIN ROAD SOMDEGA,SIMDEGA,SIMDEGA,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	21-Jul-2013	334632
141	JH20A 7332	Goods Carrier	NAJRUL HASAN	S/O NASIM ANSARI	AT 236 NAVADIH KISKO,LOHARDARA,LOHARDARA,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	24-Jan-2013	165662
142	JH20A 7351	Goods Carrier	SANKAR KARAM SINGH	S/O LT SARLAR BHA SINGH	AT AVTAR SINGH H NO 879 PANDRIPANI,RAIPUR,SITARAMDERA JAMSEDHPUR,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	18-Apr-2016	105594
143	JH20A 7352	Goods Carrier	KUMAR CONTRUCTIONS	I/C KUMAR CONTRUCTION	AT- TEACHER COLONY DIMNA ROAD,MANGO JSR,JSR,,JHARKHAND,124578	18-Apr-2020	37400
144	JH20A 7355	Goods Carrier	KANTA RANI SHARMA	W/O SUBASH CHAND SHARMA	T/A BHAGPUR FARIDABAD,,FARIDABAD,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	17-Jul-2018	97103
145	JH20A 7386	Goods Carrier	PRAYAJ PD GUPTA	S/O MAHAVIR GUPTA	AT 171 NEW LAYOUT SIFAROAM DERA,AGRICO,JAMSEDHPUR,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	18-Jul-2019	47600
146	JH20A 7395	Goods Carrier	VIJAY SINGH	S/O RAM SWARATH SINGH	MAIN ROAD SIMDEGA,SIMDEGA,SIMDEGA,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	18-Oct-2015	114846
147	JH20A 7396	Goods Carrier	ASHOK SINGH	S/O AWALAKH SINGH	AT-MAIN ROAD SIMDEGA,SIMDEGA,SIMDEGA,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	18-Jan-2013	165732
148	JH20A 7401	Goods Carrier	INDRA JEET SINGH	S/O BALDEV SINGH	AT KALMATI ROAD MANGO,,JAMSEDHPUR,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	18-Jul-2015	289929
149	JH20A 7521	Goods Carrier	ASHWINI KUMAR	S/O RAM PRATAP PRASAD	AT- SALDEGA,SIMDEGA,SIMDEGA,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	26-Oct-2014	133254
150	JH20A 7523	Goods Carrier	RAMA VIRESH SINGH	S/O RAJBANSHI SINGH	AT 87 A SHIV COLONY,PO PS CHAS,BOKARO,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	18-Jan-2014	244869
151	JH20A 7528	Goods Carrier	VIKASH KUMAR SUNGH	S/O SHIVNATH SINGH	KHUNTI TOLI,SIMDEGA,SIMDEGA,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	29-Jul-2021	20400
152	JH20A 7624	Goods Carrier	SHYAM LAL MAHTO	S/O TRIBHWAN MAHTO	AT- MAIN ROAD SIMDEGA,SIMDEGA,SIMDEGA,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	11-Aug-2013	260325
153	JH20A 7625	Goods Carrier	J.P.BHALLA	S/O S.N. BHALLA	MAIN RD. SIMDEGA,SIMDEGA,SIMDEGA,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	12-Feb-2018	72793
154	JH20A 9535	Goods Carrier	YASIN CONSTRUCTION PVT LTD	N/A	COLLEGE ROAD IDGAH,MOHALLA,SIMDEGA,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	04-Feb-2017	145573
155	JH20B 3183	Goods Carrier	SREI EQUIPMENT FIN. PVT. LTD.	I/C M/S SEW INFRASTRUCTURE LTD	AT- TOPA OCM OF KUJA AREA,CCL RAMGARH,HAZARIBAGH,SIMDEGA,JHARKHAND,829117	15-Jun-2013	342354
156	JH20B 3184	Goods Carrier	SREI EQUIPMENT FIN. PVT. LTD.	I/C M/S SEW INFRASTRUCTURE LTD	TOPA OCM OF KUJU AREA CCL,RAMGARH,HAZARIBAGH,SIMDEGA,JHARKHAND,700046	15-Jun-2013	342354
157	JH20B 3185	Goods Carrier	SREI EQUIPMENT FIN. PVT. LTD.	I/C M/S SEW INFRASTRUCTURE LTD	ITOPA OCM OF KUJU AREA CCL,RAMGARH,HAZARIBAGH,SIMDEGA,JHARKHAND,829117	15-Jun-2013	342354
158	JH20B 3186	Goods Carrier	SREI EQUIPMENT FIN PVT. LTD.	I/C M/S SEW INFRASTRUCTURE LTD	TOPA OCM OF KUJU AREA CCL,RAMGARH,HAZARIBAGH,SIMDEGA,JHARKHAND,829117	07-Jun-2014	300067
159	JH20B 3187	Goods Carrier	SREI EQUIPMENT FIN. PVT. LTD.	I/C M/S SEW INFRASTRUCTURE LTD	TOPA OCM OF KUJU AREA CCL,RAMGARH,HAZARIBAGH,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	15-Jun-2013	342354
160	JH20B 3188	Goods Carrier	SREI EQUIPMENT FIN PVT. LTD.	I/C M/S SEW INFRASTRUCTURE LTD	TOPA OCM OF KUJU AREA CCL,RAMGARH,HAZARIBAGH,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	15-Jun-2013	342354
161	JH20B 3189	Goods Carrier	SREI EQUIPMENT FIN PVT. LTD.	I/C M/S SEW INFRASTRUCTURE LTD	TOPA OCM OF KUJU AREA CCL,RAMGARH,HAZARIBAGH,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	15-Jun-2013	342354
162	JH20B 3190	Goods Carrier	SREI EQUIPMENT FIN. PVT. LTD.	I/C M/S SEW INFRASTRUCTURE LTD	TOPA OCM OF KUJU AREA CCL,RAMGARH,HAZARIBAGH,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	15-Jun-2013	342354
163	JH20B 3191	Goods Carrier	SREI EQUIPMENT FIN PVT. LTD.	I/C M/S SEW INFRASTRUCTURE LTD	TOPA OCM OF KUJU AREA CCL,RAMGARH,HAZARIBAGH,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	15-Jun-2013	342354
164	JH20B 3192	Goods Carrier	SREI EQUIPMENT PVT. LTD.	I/C M/S SEW INFRASTRUCTURE LTD	TOPA OCM OF KUJU AREA CCL,RAMGARH,HAZARIBAGH,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	15-Jun-2013	342354
165	JH20B 3193	Goods Carrier	SREI EQUIPMENT FIN. PVT. LTD.	I/C M/S SEW INFRASTRUCTURE LTD	TOPA OCM OF KUJU AREA CCL,RAMGARH,HAZARIBAGH,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	15-Jun-2013	342354
166	JH20B 3194	Goods Carrier	SREIU EQUIPMENT FIN. PVT. LTD.	I/C M/S SEW INFRASTRUCTURE LTD	TOPA OCM OF KUJU AREA CCL,RAMGARH,HAZARIBAGH,SIMDEGA,JHARKHAND,999999	15-Jun-2013	342

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस इन माइनिंग इन इंडिया पर सम्मेलन

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): दिल्ली के रिसर्च कंसल्टेंसी मेटालॉजिक पीएमएस द्वारा आयोजित ईज ऑफ डूइंग बिजनेस इन माइनिंग इन इंडिया पर एक सम्मेलन मंगलवार को भुवनेश्वर के एक होटल में आयोजित किया गया। सम्मेलन ने आत्म निर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी हितधारकों की भागीदारी सुनिश्चित करके देश की अप्रयुक्त खनिज क्षमता को एक स्थायी तरीके से बदलने की तत्काल आवश्यकता पर चर्चा की। एटी मिश्रा, आईएफएस, उप. महानिदेशक-वन, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने कहा, खनन क्षेत्र प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा करने में मदद करता है। भारत सरकार देश में खनन व्यवसाय करने वालों के लिए विभिन्न नियमों में सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है। जबकि सम्मेलन सस्टेनेबल खनन प्रथाओं पर केंद्रित था जो उद्योग और राष्ट्र को लाभ पहुंचाएगा, कार्यक्रम में प्रतिनिधियों ने खनन उद्योग द्वारा सामना की जाने वाली सभी चुनौतियों का समाधान करने के लिए समग्र रूप से योजनाओं की जांच करने के लिए खनिकों की जिम्मेदारियों पर बात की।

टैलेंट स्प्रिंट ने वूमेन इंजीनियरों के पांचवे संस्करण की घोषणा की, गुगल कर रहा सहयोग

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): विश्व की जानी-मानी एडटेक कंपनी और डीपटेक प्रोग्रामों के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र में बदलाव ला रही, टैलेंट स्प्रिंट ने वूमेन इंजीनियरों (डब्लूई) के अपने पांचवे संस्करण की घोषणा की है। इस वर्ष के कार्यक्रम का उद्देश्य देश भर की ऐसी 200 महिला इंजिनियरिंग छात्रों की पहचान कर उन्हें ट्रेनिंग देकर इस तरह से विकसित करना है जो विश्व स्तरीय साफ्टवेयर इंजिनियर बन सकें। जो भी छात्रा इसमें चयनित होगी उसे 100 फीसदी फी स्कालरशिप और 100,000 की नकद स्कालरशिप दी जाएगी। कोहार्ट (ग्रुप) 5 के आवेदनपत्र 28, फरवरी 2023 तक लिए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए **we.talentsprint.com** पर जाए।

मायुमं के शिविर में 26 यूनिट रक्त संग्रह

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): रक्तदान अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन जमशेदपुर ब्लड बैंक में किया गया। जिसमें 26 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। यह कैंप इस साल का 12 वां और स्टील सिटी शाखा का 74वां कैंप था। इसमें 2 लोगों ने पहली बार रक्तदान कर अपने अनुभव को साझा किया। सभी रक्तदाताओं को सम्मानित करने के साथ ही लगातार रक्तदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष सार्थक अग्रवाल, सचिव निलय अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक पंकज मूनका, अखिल सिंघानिया आदि का योगदान रहा।

न्युवोको का पहला ऑल-वुमन रेडी-मिक्स कंक्रीट प्लांट शुरू

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने गुवाहाटी, असम के बाहरी इलाके में स्थित पमोही गांव में अपना पहला पूर्ण-महिला रेडी-मिक्स कंक्रीट (आरएमएक्स) संयंत्र शुरू किया हैं। इस रेडी-मिक्स कंक्रीट प्लांट में आठ सदस्यों की एक पूरी महिला टीम संचालित करेगी जो काम की जिम्मेदारियों की एक विस्तृत सीरीज़ को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षित है। इन महिलाओं की नौकरी की जिम्मेदारियों में बिक्री, ग्राहक संबंध, वित्त, उच्चतम गुणवत्ता वाले कंक्रीट का निर्माण और इसे हमारे ग्राहकों के उपयोग के स्थान पर पहुंचाना शामिल है। इस संबंध में प्रशांत झा, चीफ कंक्रीट एंड एग्रीगेट्स, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि न्युवोको हमेशा एक समान अवसर नियोक्ता रहा है।

बीके स्टील कंपनी ने मृत ठेकाकर्मी के परिजनों को दिए 5 लाख रूपये

गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया के लार्ज सेक्टर स्थित बीके स्टील कंपनी की ओर से बीमारी से मृत ठेकाकर्मी स्व.मंगल थापा के परिजनों को सहायता राशि के रूप में 5 लाख रुपए प्रदान किया गया। बताया गया कि विगत चार नवंबर की रात इलाज के क्रम में ठेकाकर्मी मंगल थापा की मौत हो गई थी। कंपनी में पेट दर्द की शिकायत के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बुधवार को कंपनी के निदेशक विजय बंसल की उपस्थिति में मृतक की पत्नी प्रेम माया को 5 लाख रुपए का ड्राफ्ट प्रदान किया गया। बताया गया है कि बकाया ग्रेच्युटी व अन्य मदों की राशि अलग से दी गई है।

झामुमो ने अनाथ बच्चों का किया सहयोग

पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता): बुधवार को बोडाम प्रखंड के बोटा पंचायत अंतर्गत हलुदबानी गांव के सुकानी बास्के (14) मुगुली बास्के (12) बीरबल बास्के (10) वर्षीय अनाथ बच्चों का माता पिता का निधन हो जाने के कारण जीवन में उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता महाबीर मुर्मू एवम मिथुन चक्रवर्ती के द्वारा गांव हलुदबानी घर जा कर सुखा राशन, स्कूल बैग, पाठ्य सामग्री एवम नया वस्त्र प्रदान किया गया । महाबीर मुर्मू ने बच्चो को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से झामुमो नेता सुभाष कर्माकर, झामुमो बोडाम प्रखंड अध्यक्ष शायमापोदो महतो, निर्मल मुर्मू, मनोज तांती, रॉकी सिंह, करन कालिंदी, नितिन हांसदा, बिमल पाल, माझी बाबा, बुद्धेश्वर हांसदा, ग्राम प्रधान विनय मुर्मू, सूरज बास्के, किशन बास्के, अमन किस्कू आदि उपस्थित थे।

पारिवारिक मनमुटाव को ले महिला ने लगाई फांसी

कांड्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता): कांड्रा थाना अंतर्गत रघुनाथपुर में मंगलवार की देर शाम शिवराम सरदार की पत्नी सुमित्रा सरदार 29 वर्ष ने अपने घर में फांसी लगा ली. जिसकी सूचना ग्रामीणों ने कांड्रा थाना को दी. तत्काल मौके पर पहुंच कांड्रा थाना पुलिस शव को फंदे से उतार अपने कब्जे में ले थाना ले आई. प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार रात पति पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था. झगड़ा के बाद सभी खाना खाकर सो गए. दूसरे दिन पति अपने दोस्त की शादी के सिलसिले में लड़की देखने गए थे. वही पत्नी झगड़े की शिकायत लेकर दिन में कांड्रा थाना पहुंची थी. वहीं शिकायत पर पुलिस सुमित्रा को लेकर उसके गांव रघुनाथपुर उसके घर गई. लेकिन पति घर पर नहीं मिला. पुलिस उसकी मां को समझाया और पति के आने पर थाना भेजने को कहा. इसी बीच देर शाम पत्नी अपने घर पर रस्सी के सहारे लटक कर फांसी लगा ली. वहीं पुलिस अग्रिम करवाई करते हुए शव को पोस्टमार्डम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भिजवाया.

दिव्यांग चलायेंगे कस्टमर रिलेशन्स सेंटर टाटा पावर बनी देश की पहली ऊर्जा कंपनी

मुंबई में घाटकोपर पश्चिम के नित्यानंद नगर में टाटा पावर ने इस सेंटर को शुरू किया है।

पांच दिव्यांग व्यक्तियों की एक टीम स्वतंत्र रूप से इस सेंटर को चलाएगी।

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : टाटा पावर ने आज एक विशेष कस्टमर रिलेशन्स सेंटर का उद्घाटन किया, इस सेंटर का पूरा प्रबंधन दिव्यांगों द्वारा किया जा रहा है। भारत में यह इस तरह का पहला कस्टमर रिलेशन्स सेंटर है और इस तरह की पहल करने वाली टाटा पावर पहली भारतीय ऊर्जा कंपनी है। मुंबई में घाटकोपर पश्चिम के नित्यानंद नगर में टाटा पावर ने इस सेंटर को शुरू किया है। पांच दिव्यांग व्यक्तियों की एक टीम स्वतंत्र रूप से इस सेंटर को चलाएगी। अपने कर्मचारियों में सभी को शामिल करने और मुख्य धारा के काम के अवसर प्रदान करके दिव्यांगों को सक्षम करने के टाटा पावर के विज़न की यह एक मिसाल है। डर्मेटोलॉजिस्ट और डर्मेटोपैथोलॉजिस्ट डॉ उदय खोपकर ने इस कस्टमर रिलेशन्स सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर टाटा पावर के डिस्ट्रीब्यूशन (मुंबई ऑपरेशन्स) के चीफ डॉ नीलेश काने उपस्थित थे। टाटा पावर के टी एंड डी के प्रेसिडेंट संजय बांगा ने कहा, पूरी तरह से दिव्यांगों द्वारा प्रबंधित कस्टमर रिलेशन्स सेंटर घाटकोपर में शुरू करते हुए टाटा पावर को बहुत खुशी हो रही है, इस तरह की पहल करने वाली टाटा पावर पहली भारतीय ऊर्जा कंपनी है। हमें पूरा विश्वास है कि हमारे दूसरे सेंटर्स की तरह यहां भी हमारे ग्राहकों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सभी सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

प्रोजेक्ट डायरेक्टर व जॉइंट सेक्रेटरी ने लिया सम्मेलन समारोह के तैयारियों का जायजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : कल भगवान बिरसा मुंडा स्टेडियम सरायकेला में तेजस्विनी परियोजना अंतर्गत आयोजित होने वाले सम्मेलन समारोह कार्यक्रम के तैयारियों का जायजा प्रोजेक्ट डायरेक्टर महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा छवि रंजन एवं ज्वाइंट सेक्रेट्री अर्चना मेहता द्वारा बुधवार को लिया गया। जिले के वरीय पदाधिकारी एवं संबंधित विभागीय पदाधिकारियों सहित के परिसदन सभागार में बैठक कर कार्यक्रम हेतु किए जा रहे तैयारियों की जानकारी ली गई। कार्यक्रम स्थल भगवान बिरसा मुंडा स्टेडियम का भी निरीक्षण किया गया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्रोजेक्ट डायरेक्टर एवं जॉइंट सेक्रेटरी द्वारा कहा गया कि उपायुक्त के देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम की तैयारी लगभग पूर्ण है। आशा है कि शांतिपूर्ण वातावरण में अच्छे संदेश के साथ यह कार्यक्रम संपन्न होगा।कहा कि कार्यक्रम में तेजस्विनी परियोजना अंतर्गत संचालित योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं अन्य संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में सरायकेला एवं पूर्वी सिंहभूम जिले की किशोरियां उपस्थित रहेंगी।इस अवसर पर अपर उपायुक्त सुबोध कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा निवेदिता राय, नजारत उप समाहर्ता अभय द्विवेदी, जिला नियोजन पदाधिकारी सह गोपनीय प्रभारी रवि कुमार सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

तालाब में अवैध फ्लाई एश डंपिंग को लेकर ग्रामीणों ने सीओ को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : प्रखंड अंतर्गत जशपुर पंचायत के राजगांव में फ्लाई एश डस्ट से फैल रहे प्रदूषण से ग्रामीण त्रस्त है। इससे ग्रामीणों में रोष है। इसको लेकर झामुमो गम्हरिया प्रखंड कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रखंड अध्यक्ष जगदीश महतो के नेतृत्व में सीओ को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से राजगांव मौजा अंतर्गत हल्का 3 स्थित खाता संख्या 29, प्लॉटसंख्या 834 के रैयती तालाब में अवैध तरीके से डंप हो रहे फ्लाई एश डस्ट पर रोक लगाने की मांग की गई है। बताया गया है कि इस तालाब के पानी से आसपास के खेतों में सिंचाई की जाती है। साथ ही, गांव के ग्रामीण इस तालाब में सामाजिक कार्य व नहाने- धोने के प्रयोग में लाते हैं। जानवर भी इसी तालाब का पानी पीते हैं। तालाब को छाई से भरकर भू-माफियाओं द्वारा खरीद बिक्री की जा रही है। उक्त तालाब को भरने के लिए छाई-डस्ट का प्रयोग किया जा रहा है जो क्षेत्र के लिए जटिल समस्या बन गई है। प्रतिनिधिमंडल में मंगल मांझी, राजेश गोप, परितोष दास, अनिल सोरेन, रवि सरदार समेत कई ग्रामीण शामिल थे।

तुर्की व सीरिया के लिए रिलीफ लेकर हयुमन वेलफेयर ट्रस्ट की टीम दिल्ली रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने तुर्की में आए भूकंप से वहां के लोगों को राहत देने का कार्य आरंभ कर दिया है। हयुमन वेलफेयर ट्रस्ट से तीन सदस्यों की टीम तुर्की और सिरिया के लोगों को राहत देने के लिए आज पुरुषोत्तम एक्सप्रेस से सुबह 6:30 बजे की ट्रेन से दिल्ली रवाना हुए। इस टीम को विदा करने जे आर एफ के टाटा नगर के प्रभारी गुलाम रब्बानी खान भी उपस्थित हुए। इस संबंध में संस्था के ट्रस्टी अजीज़ हसनैन ने बताया कि जमशेदपुर से ट्रस्ट के प्रेसिडेंट मतिनुलहक अंसारी, सचिव मुख्तार आलम खान और वे स्वयं दिल्ली पहुंच कर तुर्की के एंबेसी में राहत सामग्री पहुंचाएंगे और एंबेसी में वे तुर्की जाकर सेवा देने की भी बात करेंगे। इस सेवा के लिए सय्यद आसिफ अख्तर ने जिला उपायुक्त विजया जाधव को सूचित किया और उनके मार्गदर्शन में तीन सदस्यीय दल दिल्ली रवाना हुए। उन्हें विदा करने संस्था के अन्य सदस्य सय्यद आसिफ अख्तर, मोइनुद्दीन अंसारी, शाहिद परवेज़, डॉ. ताहिर हुसैन, आफताब आलम, एजाज़ अंसारी, एजाजुल हक़ अंसारी, एकरामुल हक़ अंसारी आदि उपस्थित थे।

पारडीह काली मंदिर से बालीगुमा तक डबल डेकर एलिवेटेड कॉरिडोर का एनएचएआई ने निकाला टेंडर

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने एनएच 33 में काली मंदिर से बालीगुमा तक डबल डेकर एलिवेटेड कॉरिडोर का टेंडर जारी कर दिया है। यह टेंडर मंगलवार को जारी किया गया। काली मंदिर से बालिगुमा तक 10.4 किलोमीटर लंबा डबल डेकर कॉरिडोर बनाया जाएगा। इसकी अनुमानित लागत 1425 करोड़ रुपए है। सांसद विद्युत वरण महतो ने टेंडर जारी होने पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को धन्यवाद दिया है। गौरतलब है कि इस डबल डेकर कॉरिडोर के आ जाने से मानगो में एनएच-33 पर रहने वाले लोगों को काफी आसानी हो जाएगी। अभी इस रोड पर भारी व्यवसायिक वाहनों के आवागमन से लोगों को परेशानी होती है। आए दिन एक्सीडेंट होते हैं। एलिवेटेड डबल डेकर कोरिडोर बन जाने के बाद भारी व्यवसायिक वाहन पारडीह काली मंदिर से इस डबल डेकर कोरिडोर से ऊपर ही ऊपर निकल कर शहर के पार हो जाया करेंगे।

जिले की गर्भवती महिलाओं का फ्री अल्ट्रासाउंड कराएगी सरकार

- जुगसलाई समेत शहर में दो और ग्रामीण इलाके में चार अल्ट्रासाउंड के लिए एमओयू



प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : पूर्वी सिंहभूम जिले की गर्भवती महिलाओं का सरकार फ्री में अल्ट्रासाउंड कराएगी। इसके लिए जमशेदपुर शहर में जुगसलाई और बिरसानगर में और ग्रामीण इलाकों में घाटशिला व बहरागोड़ा में अल्ट्रासाउंड सेंटर के साथ एमओयू हुआ है। जुगसलाई में क्योर एंड क्योर, बिरसा नगर में सिंधु डायग्नोस्टिक, घाटशिला में माइक्रो डायग्नोस्टिक सेंटर, सेवा एक्स-रे क्लिनिक, डायग्नोस्टिक सेंटर व सर्वोदय स्वास्थ्य सेवा डायग्नोस्टिक सेंटर और बहरागोड़ा में आरएन पाणी मेमोरियल हॉस्पिटल में गर्भवती महिलाओं को यह सुविधा दी जाएगी। इस तरह से 4 अल्ट्रासाउंड केंद्र ग्रामीण इलाकों में और दो अल्ट्रासाउंड केंद्र शहर में रहेंगे। बुधवार को सिविल सर्जन डा जुझार मांझी ने बताया कि गर्भवती महिला का गर्भावस्था के 18वें और 19वें सप्ताह में अल्ट्रासाउंड किया जाना अनिवार्य है। इसीलिए उन्हें यह सुविधा दी जा रही है। जिन केंद्रों के साथ स्वास्थ्य विभाग का एमओयू हुआ है। उन्हें एक जांच के लिए 400 रुपए सरकार की तरफ से दिए जाएंगे। डीसी विजया जाधव ने बताया कि गर्भ ठहरने के बाद डॉक्टर के परामर्श पर यह अल्ट्रासाउंड कराए जाएंगे। उन्होंने महिलाओं से अपील की है कि गर्भावस्था के दौरान कम से कम एक बार अल्ट्रासाउंड जरूर कराएं।

जमशेदपुर के श्याम भक्तों ने खाटू धाम में चढ़ायें निशान

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : फाल्गुन माह में श्री श्री श्याम भटली परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट टाटानगर से जुड़े 51 श्याम भक्तों ने राजस्थान के खाटू धाम में बाबा श्याम को निशान अर्पण कर पूजा अर्चना की। जमशेदपुर के श्याम भक्तों ने श्याम बाबा का निशान अपने हाथ में लेकर नाचते गाते खाटू नरेश की जय हो, श्याम बाबा की जय हो, हारे के सहारे की जय हो जोरदार जयघोष के साथ रींगस से खाटू लगभग 17 किलोमीटर पैदल यात्रा किया।

आदित्यपुर थाना प्रभारी ने बच्चों को पढ़ाया सड़क सुरक्षा व नशा मुक्ति का पाठ

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : गम्हरिया इंग्लिश स्कूल में आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा और नशा मुक्ति का पाठ पढ़ाया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को यातायात नियमों से रुबरु कराते हुए उन्होंने कहा कि अपने आप को सुरक्षित रखने के लिए यातायात का नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने बच्चों को नशापान नहीं करने और नशे से संबंधित वस्तुओं से दूर रहने की सलाह दी। कहा की 18 वर्ष आयु से पहले वाहन चलाना कानूनी जुर्म भी है। इससे अधिक उम्र के लोगों को उन्होंने वाहन चलाते समय हेलमेट व सीटबेल्ट का प्रयोग करने तथा मोबाइल फोन से दूर रहने की सलाह दिया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक सुब्रतो रॉय, उप निदेशक रिंकू रॉय, प्रशासक रीमा बनर्जी, सचिव शिप्रा पाल समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

बिमला कम्युनिकेशन के मालिक की माता का निधन

प्रभात मंत्र परिवार ने किया शोक व्यक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : झारखंड और बिहार में विज्ञापन एजेंसी के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बना चुकी जमशेदपुर के बिमला कम्युनिकेशन के मालिक राम तिवारी की माता बिमला देवी का निधन 22 फरवरी को हो गया है। उनकी निधन की खबर सुनकर प्रभात मंत्र हिंदी दैनिक परिवार ने शोक व्यक्त किया है। उनकी अंतिम यात्रा कल 23 फरवरी को सुबह 9.30 बजे उनके निवास स्थान कुंवर बस्ती मानगो से स्वर्णरेखा बर्निंग घाट भुइंयाडीह के लिए निकलेगी जहां उन्हें पंच तत्व में विलीन किया जाएगा। दिवंगत बिमला देवी अपने पीछे तीन पुत्र एवं तीन पुत्रियां के साथ नाती पोते से भरा परिवार छोड़ गयी है।

मैट्रिक-इंटर परीक्षा की तैयारी में जुटे छात्र शाम में बिजली कटौती से परेशान, उतरे सड़क पर

प्रभात मंत्र संवाददाता

ईचागढ़ : सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक में विभिन्न विद्यालयों के मैट्रिक व इंटर के छात्र छात्राओं ने बिजली कटौती के खिलाफ सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। रूगड़ी पावर सव स्टेशन से मिलन चौक ग्रीड में शाम ढलते ही बिजली काट दिया जाता है। मैट्रिक- इंटर के बच्चों का 14 मार्च से परीक्षा होगा। परीक्षार्थी परीक्षा का तैयारी में जुटे हुए हैं,और एन वक्त पर बिजली विभाग द्वारा मनमानी ढंग से शाम होते ही बिजली काट दिया जाता है और देर रात को बिजली आपूर्ति बहाल किया जाता है। बच्चों का मांग है कि शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक बिजली कटौती नहीं किया जाय । परीक्षार्थीयों ने कहा कि अगर बिजली का यह आंख मिचौली चलता रहेगा तो हम छात्र छात्राएं विद्युत कार्यालय का घेराव करने के लिए बाध्य हो जाएंगे। मौके पर सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

काडारगामा आंगनबाड़ी में सेविका व कुरमाडीह में सहायिका का चयन

प्रभात मंत्र संवाददाता

ईचागढ़ : बुधवार को कुकडू प्रखंड क्षेत्र के काडारगामा आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 53 में आंगनबाड़ी सेविका का चयन आमसभा के माध्यम से शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। आंगनबाड़ी सेविका के चयन में कुकडू प्रखंड की सीडीपीओ कापू हांसदा, बीडीओ राकेश कुमार गोप, प्रखंड प्रमुख प्रतिमा वाला पातर, उपप्रमुख दीपक कुमार साव,मुखिया नयन सिंह मुंडा,मुखिया लालू मांझी पंचायत समिति सदस्य बुधनी सिंह मुंडा, नीमडीह थाना की पुलिस एवं काफी में संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। वहीं दूसरी और ईचागढ़ प्रखंड के कुरमाडीह में भी आंगनबाड़ी सहायिका का चयन किया गया। आम सभा में कुल पांच आवेदन प्राप्त हुए। सीडीपीओ कापू हांसदा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के हाथों से चंपा महतो को सेविका तथा ईचागढ़ सीडीपीओ हिमाद्रि ने सुभद्रा महतो को आंगनबाड़ी सहायिका चयन का औपबंधिक चयन पत्र दिया गया।

संपादकीय

विपक्ष के भीतर विपक्ष

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्षी एकजुटता के लिए कांग्रेस की पहल का आग्रह किया है। उनका दावा है कि यदि 2024 में भाजपा बनाम विपक्ष का साझा उम्मीदवार के आधार पर चुनाव लड़ा जाता है, तो भाजपा 100 सीटों तक सिमट सकती है। नीतीश के इस बड़बोले चुनावी गणित का आधार क्या है, हम नहीं जानते, लेकिन कांग्रेस बखूबी जानती है कि ऐसी खुशफहमी नहीं पालनी चाहिए। बहरहाल कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने नीतीश के आग्रह और अपील का स्वागत किया है, लेकिन बिना नाम लिए यह तंज भी कसा है कि कुछ लोग विपक्ष की बैठकों में भाग लेते हैं, विपक्षी एकता के सरोकार भी लगातार जताते रहे हैं, लेकिन वे सत्ता-पक्ष की गोद में भी बैठते रहे हैं। कमोबेश कांग्रेस की राजनीति ऐसी दोगली नहीं है। कांग्रेस हमेशा भाजपा का वैचारिक विरोध करती रही है। विपक्षी गठबंधन पर कांग्रेस अपने रायपुर राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान विमर्श करेगी और फिर कोई रणनीति तय करेगी। जयराम रमेश ने नीतीश ही नहीं, सभी विपक्षी दलों को यह जरूर स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस के बिना कोई भी विपक्षी एकता सफल नहीं हो सकती, लिहाजा विपक्ष को कांग्रेस की छतरी तले ही एकजुट होना है। बहरहाल यह नीतीश कुमार और कांग्रेस के बीच का संवाद है, जो विपक्षी एकता की एक हूक भर हो सकती है। विपक्ष का विस्तार काफी व्यापक है। दरअसल पहले जो तीसरा मोर्चा बनता था, वह कांग्रेसी समर्थन पर ही ज़िंदा रहता था। कांग्रेस ने समर्थन वापस लिया और सरकार धड़ाम हुई। अलबत्ता उन मोर्चों की राजनीति कमोबेश संकल्प और देशहित के इर्द-गिर्द की होती थी। आज जो विपक्षी मोर्चा आकार ग्रहण कर सकता है, वह संपूर्ण लामबंदी नहीं होगा। राष्ट्रीय मोर्चा भी नहीं होगा। राज्यों के स्तर पर, सुविधा के मुताबिक, गठबंधन किए जा सकते हैं। राष्ट्रीय मोर्चा की संभावनाएं इसलिए क्षीण हैं, क्योंकि विपक्ष के भीतर ही विपक्ष मौजूद है। हालिया त्रिपुरा चुनाव का ही उदाहरण लें, तो एक तरफ वामदल और कांग्रेस का गठबंधन था, तो उनके विरोध में तृणमूल कांग्रेस 'चुनावी समर' में रही। इसके समानांतर केरल में वाममोर्चा और कांग्रेसी मोर्चा आमने-सामने होंगे। आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, बंगाल आदि राज्यों में विपक्षी एकता की दिशा और दशा ही भिन्न है। वहां कई नेता प्रधानमंत्री बनने की महत्वाकांक्षाएं पाले हुए हैं। यह दीगर है कि उनके राज्यों के बाहर उनकी स्वीकृति 'शून्य' सी है। अब केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) मप्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान, कर्नाटक और मिज़ोरम राज्यों में सभी सीटों पर चुनाव लडने की रणनीति पर काम कर रही है। यह राजनीति कांग्रेस और नीतीश के विपक्षी इरादों के बिल्कुल विपरीत है। दरअसल विपक्षी एकता के बयान तो खूब आते रहे हैं, लेकिन प्रयास नहीं किए जा पा रहे हैं, जबकि आम चुनाव करीब 15 माह दूर ही हैं। चुनाव की दृष्टि से यह बहुत समय नहीं है। कांग्रेस देश भर में 'हाथ से हाथ' जोडने के दिवास्वप्नों में ही डूबी है। उसे लगता है कि राहुल गांधी की यात्रा का प्रभाव और प्रयोग बेहद सफल रहा है, जबकि यथार्थ यह है कि उसके सामने प्रधानमंत्री मोदी की अकाट्य चुनौती है और संगठित तथा प्रशिक्षित काडर वाली भाजपा का मुकाबला करने में बिखरी कांग्रेस को अभी न जाने कितना वक्त लगेगा! चुनावी यथार्थ यह भी है कि देश के 17 राज्यों में कांग्रेस का एक भी सांसद नहीं है। उप्र में 2 ही विधायक हैं और सांसद सोनिया गांधी ही हैं। ऐसे में सपा-बसपा के साथ गठबंधन कैसे होगा।

> विपक्षी गठबंधन पर कांग्रेस अपने रायपुर राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान विमर्श करेगी और फिर कोई रणनीति तय करेगी। जयराम रमेश ने नीतीश ही नहीं, सभी विपक्षी दलों को यह जरूर स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस के बिना कोई भी विपक्षी एकता सफल नहीं हो सकती, लिहाजा विपक्ष को कांग्रेस की छतरी तले ही एकजुट होना है। बहरहाल यह नीतीश कुमार और कांग्रेस के बीच का संवाद है, जो विपक्षी एकता की एक हूक भर हो सकती है। विपक्ष का विस्तार काफी व्यापक है। दरअसल पहले जो तीसरा मोर्चा बनता था, वह कांग्रेसी समर्थन पर ही ज़िंदा रहता था। कांग्रेस ने समर्थन वापस लिया और सरकार धड़ाम हुई। अलबत्ता उन मोर्चों की राजनीति कमोबेश संकल्प और देशहित के इर्द-गिर्द की होती थी। आज जो विपक्षी मोर्चा आकार ग्रहण कर सकता है, वह संपूर्ण लामबंदी नहीं होगा। राष्ट्रीय मोर्चा भी नहीं होगा।

बोध कथा

ईर्ष्या का त्याग

गुरु ज्ञानेश्वर का आश्रम उनके जमाने में बहुत प्रसिद्ध था। उनके यहाँ हजारों छात्र विद्या अध्ययन के लिये आया करते थे। गुरुजी ने एक सुबह देखा कि उनके कुछ शिष्यों में एक-दूसरे के लिये ईर्ष्या का स्वभाव झलक रहा है। उन्होंने अपने शिष्यों को अपने पास बुलवाया और उन्हें आदेश देते हुए कहा, "कल प्रवचन के समय आप सभी अपने साथ बड़े-बड़े आलू की सब्जी लेकर आयेंगे और अपने सभी आलुओं में उन व्यक्तियों का नाम लिखेंगे जिनसे आप ईर्ष्या करते हो।" अगली सुबह प्रवचन के समय सभी के हाथों में आलू की सब्जी थी, किसी के हाथों में पांच तो किसी के हाथों में छह आलू और सभी में ईर्ष्या करने वाले व्यक्तियों के नाम थे। गुरु ने कहा, "ये सब आलू, आप स्वयं को सात दिनों तक के लिये भेंट करें, आप जहाँ भी जायें, ये आलू आपके साथ होने चाहिए, इसलिए खाते-पीते, सोते-जागते हर समय ये आलू की सब्जी आपके साथ रहनी चाहिए।" सभी शिष्य, गुरुजी के इस बात से चकित थे, लेकिन गुरु का आदेश तो उन्हें मानना ही था। वे अब जहाँ भी जाते आलू को हमेशा साथ रखते थे। लेकिन तीन से चार दिनों के बाद आलू से सड़ने की बदबू आने लगी। सभी उस बदबू से बहुत परेशान थे और सात दिन बीतने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। जैसे ही सात दिन की अवधि समाप्त हुई सभी अपने गुरू के पास गये और आलू के बदबू का सार समझाने को कहा। गुरु ने शिष्यों को समझाते हुए कहा," सात दिन में ही इन आलुओं से बदबू आनी शुरू हो गयी है और आपको ये बोझ लगने लगी है तो अब जरा यह सोचिए कि आप, अपने जिन मित्रों से, जिन व्यक्तियों से ईर्ष्या करते हैं, उनका कितना बड़ा बोझ आपके मन पर रहता होगा। ईर्ष्या आपके मन पर अनावश्यक बोझ डालती है, जिसके कारण ही आलूओं की तरह आपके मन से भी बदबू आनी शुरू हो जाती है।

अमृत कलश

सर्व कल्याण के लिए बोला गया वचन ही 'सत्य है'

जिस सत्य से अधर्म, अनीति और अमंगल को प्रश्रय (प्रोत्साहन) मिलता हो, वह सत्य भी किसी काम का नहीं। सत्य हर बार शुभ और मंगलकारी नहीं होता है और झूठ भी हर बार अशुभ और अमंगलकारी नहीं होता है। भगवान श्री कृष्ण ने अपने जीवन में यह सीख सबको दी कि झूठ और सत्य का निर्धारण कभी भी इस बात से नहीं होता कि आपने क्या कहा ? अपितु इस बात से होता है कि आपने क्यों कहा ? महाभारत में युधिष्ठिर को समझाते हुए भगवान श्री कृष्ण यही कहते हैं कि हे युधिष्ठिर जिस सत्य को बोलने और जिस सत्य पर चलकर अधर्म को, अनीति को और अमंगल को प्रश्रय (प्रोत्साहन) मिलता हो, वह सत्य भी किसी काम का नहीं। भगवान श्री कृष्ण कहते हैं, सर्वं भूत हितं प्रोक्तं, इति सत्यम ॥ सभी प्राणियों का जिसमें हित हो, ऐसा वचन बोलना ही सत्य है। जिससे लोक कल्याण हो वही सत्कर्म है। मान लीजिए, कोई चोर हाथ में तलवार लेकर छाती पर आ बैठा है और पूछ रहा है कि तुम्हारा धन कहाँ है? यदि कुछ उत्तर न दोगे तो जान ही से हाथ धोना पड़ेगा। ऐसे समय पर क्या बोलना चाहिए? सब धर्मों का रहस्य जानने वाले भगवान श्रीकृष्ण ऐसे ही चोरों की कहानी का दृष्टांत देकर कर्णपर्व 24 में अर्जुन से और आगे शांतिपर्व के सत्यानृत अध्याय 25 में भीष्म पितामह युधिष्ठिर से कहते हैं– अकूजनेन चेन्मोक्षो नावकूजेत्कथंचन। अवश्यं कूजितव्ये वा शंकेरन्वाप्यकूजनात्। श्रेयस्तत्रानृतं वक्तुं सत्यादिति विचारितम्॥ अर्थात; 'यह बात विचारपूर्वक निश्चित की गई है कि यदि बिना बोले मोक्ष या छुटकारा हो सके, तो कुछ भी हो, बोलना नहीं चाहिए। और यदि बोलना आवश्यक हो अथवा न बोलने से (दूसरों को) कुछ संदेह होना संभव हो, तो उस समय सत्य के बदले असत्य बोलना ही अधिक प्रशस्त है।'

पाकिस्तानी नेतृत्व ने ही भारत में आतंकवाद फैला कर लिखी अपनी बर्बादी की दास्तां, जिसे अब अब जनता झेल रही

पाकिस्तान संभले अन्यथा आत्मविस्फोट निश्चित

ललित गर्ग

> भारत ने कई बार दोहराया है कि आतंकवाद को बढ़ावा देने की नीति पाकिस्तान के लिए आत्मघाती एवं बर्बादा का कारण बनेगी। कई और देश भी उसे आतंकवाद पर लगाम कसने की नसीहत दे चुके हैं। पर पाकिस्तान ने कभी खुलकर कबूल नहीं किया कि आतंकी संगठनों को पनाह देना उसकी सबसे बड़ी गलती है। ऐसे संगठनों के प्रति हमदर्दी रखने की उसे भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। उसकी शह पाकर खड़े हुए आतंकवादी संगठन उसी के लिए भस्मासुर साबित हो रहे हैं। जो जैसा बोते हैं, वैसा ही काटते हैं। भारत शांतिप्रिय देश है, वह खुद शांति चाहता है और दुनिया में शांति की स्थापना के लिये निरन्तर प्रयत्नशील रहा है। शांति, अहिंसा, अयुद्ध एवं अमनचैन की भारत की नीतियों को देर से ही सही दुनिया ने स्वीकारा है।

पाकिस्तान और चीन दुनिया के दो ऐसे विध्वंसक देश है, जिन्होंने आतंकवाद, युद्ध एवं पडोसी देशों में अशांति फैलाने की राहों को चुनते हुए अपनी बर्बादी की कहानी खुद लिखी है। पाकिस्तानी नेतृत्व ने ही भारत में आतंकवाद फैला कर लिखी अपनी बर्बादी की दास्तां, जिसे अब अब जनता झेल रही है। रोटी, सब्जी, घी, तेल, दूध की महंगाई, बिजली, पानी, पेट्रोल, यातायात के आसमान छूते दामों ने पाकिस्तानियों के मुंह से निवाला ही नहीं छीना है, बल्कि उन्हें देश छोड़ने पर विवश कर दिया है। पाकिस्तान की हुकूमत दिवालिया होने से बचने के लिए अपनी अधिकतम कोशिशें करते हुए दुनिया के लगभग सभी के आगे हाथ फैला चुकी है, अब आगे रास्ता नजर नहीं आता। संभवतः पाकिस्तान के हालात सुधरने के बजाय दिनोंदिन बिगड़ते ही जा रहे हैं, कहीं से कोई आशा की उम्मीद दिखायी नहीं देती है। भारत ने कई बार दोहराया है कि आतंकवाद को बढ़ावा देने की नीति पाकिस्तान के लिए आत्मघाती एवं बर्बादा का कारण बनेगी। कई और देश भी उसे आतंकवाद पर लगाम कसने की नसीहत दे चुके हैं। पर पाकिस्तान ने कभी खुलकर कबूल नहीं किया कि आतंकी संगठनों को पनाह देना उसकी सबसे बड़ी गलती है। ऐसे संगठनों के प्रति हमदर्दी रखने की उसे भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। उसकी शह पाकर खड़े हुए आतंकवादी संगठन उसी के लिए भस्मासुर साबित हो रहे हैं। जो जैसा बोते हैं, वैसा ही काटते हैं। भारत शांतिप्रिय देश है, वह खुद शांति चाहता है और दुनिया में शांति की स्थापना के लिये निरन्तर प्रयत्नशील रहा है। शांति, अहिंसा, अयुद्ध एवं अमनचैन की भारत की नीतियों को देर से ही सही दुनिया ने स्वीकारा है। भारत की ऐसी ही मानवतावादी एवं सहजीवन की भावना को बल देने के कारण ही दुनिया एक गुरु के रूप में भारत को सम्मान देने लगी है। भारत आतंकवाद, हिंसा-युद्धयुक्त संसार और विस्तारवाद की भूख के खिलाफ जो सवाल उठाता रहा है, उसे अनेक देशों में न सिर्फ विचार के लिए जरूरी समझा जाने लगा है, बल्कि अब उन पर स्पष्ट रुख भी अख्तियार किया जा रहा है। चीन और पाकिस्तान को लेकर भारत के रुख को समर्थन मिल रहा है तो इसे वैश्विक स्तर पर सच की स्वीकार्यता की तरह देखा जा सकता है। गौरतलब है कि अमेरिकी सीनेट में एक द्विदलीय प्रस्ताव पेश किया गया है, जिसमें भारत की वास्तविक नियंत्रण रेखा पर यथास्थिति को बदलने की चीन की आक्रामकता का विरोध किया गया है। साथ ही अरुणाचल प्रदेश पर चीन के हर दावे को खारिज करते हुए इसे भारत के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता देने की स्पष्ट वकालत की गई है। हालांकि इस तरह के मुद्दों पर वैश्विक स्तर



पर लंबे समय तक उदासीनता छाई रही, जिसका खामियाजा यह हुआ कि आतंकवादी संगठनों एवं चीन का हौसला बढ़ा। लेकिन अब पाकिस्तान एवं चीन जैसे हिंसक, युद्ध एवं आतंकवादी राष्ट्रों के खिलाफ दुनिया एक होने लगी है, संगठित स्वरों में उनके मनसूबों को नेस्तनाबूदक करने को तत्पर है। भारत शांति का उजाला करने, अभय का वातावरण बनाने, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव करने के लिये लगातार शांति प्रयास किये हैं। मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध एवं आतंकवाद की विभीषिका से मुक्ति दिलाना आवश्यक है। पाकिस्तान की आतंकवादी एवं हिंसक मानसिकता सम्पूर्ण बर्बादी तक पहुंच कर भी बदलने का नाम नहीं ले रही है। पाकिस्तानी फौज की सख्ती के कारण कुछ साल तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) पर अंकुश रहा, पर 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान की हुकूमत की वापसी के बाद यह लगातार पाकिस्तान में आतंकी हमलों को अंजाम दे रहा है। जिसे पाकिस्तानी तालिबान के नाम से भी जाना जाता है। यह संगठन 2007 से पाकिस्तान के लिए सिरदर्द बना हुआ है। ज्यादातर हमलों में उसने सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाया। कराची में पुलिस मुख्यालय पर हमले से पहले 30 जनवरी को इसने पेशावर की एक मस्जिद पर आत्मघाती हमला किया था। इसमें मारे गए सौ से ज्यादा लोगों में 97 पुलिसकर्मी थे। हैरानी की बात है कि पाकिस्तान के कई चर्च व स्कूलों, मस्जिद, पुलिस मुख्यालय पर हमले करने वाले आतंकी संगठन को सख्ती से कुचलने के बदले पाकिस्तान सरकार ने उसे बार-बार बातचीत की मेज पर लाने की कोशिश ही की है, अपनी जमीन पर फल-फूल रहे आतंकी संगठनों को लेकर अब तक कोई कड़ा संकेत नहीं दिया है। पेशावर की मस्जिद में हमले के बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सारा दोष पिछली सरकार की नीतियों पर डालते हुए कहा था, 'हमने तो मुजाहिदीन (धार्मिक योद्धा) बनाए थे, लेकिन वे आतंकी बन गए।' पाकिस्तान से पोषित एवं पल्लवित आतंकवाद ने दुनिया में भय, क्रूरता, हिंसा एवं अशांति को तो पनपाया ही है, लेकिन पाकिस्तान को भी नहीं बख्शा। वहां से पनपे हिंसक, क्रूर, उन्मादी एवं आतंकी लोगों ने शांति का उजाला छीनकर अशांति का अंधेरा फैलाया है। अब स्वयं पाकिस्तानी जनता हर दिन ऐसे ही आतंकी हमलों का तो शिकार हो ही रही है, पाकिस्तानी शासकों की कुचेष्ठाओं एवं अनीतियों के कारण घबराये लोग देश छोड़ भाग रहे हैं। पाकिस्तान का मीडिया कह रहा है कि अब पाकिस्तान जिन्दाबाद कहने का वक्त नहीं, पाकिस्तान से जिंदा भागने का नारा बुलंद हो रहा है। इसी बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कबूल कर लिया है कि पाकिस्तान दिवालिया हो चुका है और आतंकवाद हमारा मुकद्दर बन गया है। पाकिस्तान में त्राहि-त्राहि कर रही जनता शांति एवं जीवन-निर्वाह की समुचित व्यवस्था चाहती है, लेकिन यह कैसे संभव हो? चीन के खिलाफ प्रस्ताव को अमेरिका में भारत के पक्ष को लेकर बन रही राय और स्पष्टता के तौर पर देखा जा सकता है, मगर यह भी सच है कि विश्व के प्रभावशाली देशों में अब हो रही ऐसी पहलकदमी के लिए भारत को लंबे समय तक दुनिया को आईना दिखाना पड़ा है। जब तक चीन के अहंकार एवं विस्तारवादी सोच का विसर्जन नहीं होता तब तक युद्ध की संभावनाएं मैदानों में, समुद्रों में, आकाश में तैरती रहेगी, इसलिये आवश्यकता इस बात की भी है कि जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे। मंगल कामना है कि अब मनुष्य यंत्र के बल पर नहीं, भावना, विकास और प्रेम के बल पर जीए और जीते। चीन को लेकर अमेरिकी सीनेट में जो पहलकदमी हुई है, उसकी अहमियत को भी इस दृष्टिकोण से देखा जा सकता है कि एक ओर जहां भारत को कूटनीतिक मोर्चे पर दुनिया को अपने पक्ष को सही साबित करने में कामयाबी मिल रही है, वहीं खुद कुछ देशों को यह हकीकत समझ में आने लगी है कि चीन और पाकिस्तान की ओर से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से किस तरह दुनिया में अशांति एवं अस्थिरता फैलाने के लिये नाहक दखलअंदाजी की जाती रही है। यह किसी से छिपा नहीं है कि पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी आतंकी गतिविधियां संचालित करने वाले आतंकी संगठनों को लेकर भारत ने तथ्यों के साथ संयुक्त राष्ट्र सहित तमाम अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी बात रखी। लेकिन तकनीकी जटिलताओं का हवाला देकर इस मामले में ज्यादातर देश कोई स्पष्ट रुख अख्तियार करने से बचते रहे। लेकिन एक महीने पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक समिति ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादी और लश्कर-ए-तैयबा में अनेक भूमिकाएं निभाने वाले अब्दुल रहमान मक्की को वैश्विक आतंकवादी घोषित कर दिया। इसकी मांग भारत काफी अरसे से कर रहा था।

सरकारी कर्ज की राजनीति व अर्थशास्त्र

> अमरीका की जीडीपी भारत की जीडीपी से कई गुणा ज्यादा है और कई मुल्कों की जीडीपी भारत की जीडीपी से कई गुणा कम है। इसलिए हमें हर देश के सरकारी ऋण एवं अन्य देनदारियों को वहां की जीडीपी के अनुपात में देखना पड़ेगा। इस संदर्भ में यदि दुनिया की 5 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को देखा जाए तो आईएमएफ के अनुसार वर्ष 2021 में अमरीका में सरकारी ऋण जीडीपी का 122 प्रतिशत है, जापान का 221.3 प्रतिशत और भारत में मात्र 54.3 प्रतिशत था। हालांकि आईएमएफ के पास चीन का आंकड़ा नहीं है, अन्य वैश्विक अनुमानों के अनुसार यह 79.2 प्रतिशत था। केवल जर्मनी का कज़र्.जीडीपी अनुपात भारत से थोड़ा कम यानी 46.3 प्रतिशत था। कोरोना काल में भारत ही नहीं दुनिया के सभी देशों में जीडीपी के प्रतिशत के रूप में सरकारी कर्ज में वृद्धि हुई थी। इसका कारण यह था कि एक ओर कोरोना के दौरान न केवल जीडीपी सिकुड़ गई थी, बल्कि सरकारी राजस्व भारी रूप से घट गया था और समाज के कमजोर वर्गों को सहायता और राहत देने के लिए सरकारों का खर्च भी बढ़ गया था।

पिछले कुछ दिनों से मीडिया और सोशल मीडिया में एक चर्चा चल रही है कि सरकार पर कर्ज पहले की तुलना में काफी ज्यादा बढ़ गया है। कांग्रेस का कहना है कि जब 2014 में उन्होंने सत्ता छोड़ी थी उस समय देश पर 56.7 लाख करोड़ रुपए का कर्ज था, जो 2022-23 में बढक़र 152.6 लाख करोड़ तक पहुंच गया है, यानी यह कर्ज लगभग 96 लाख करोड़ रुपए बढ़ गया है। देखने में यह आंकड़ा बड़ा दिखाई देता है।

कर्ज-जीडीपी अनुपात : दुनिया भर में सरकारी कर्ज के बारे में देखने का नजरिया अलग किस्म का है। सरकारी कर्ज को उसके आकार के अनुसार नहीं, बल्कि जीडीपी के प्रतिशत के रूप में देखा जाता है। उसके हिसाब से देखा जाए तो वर्ष 2013-14 में चालू कीमतों पर 112 लाख करोड़ रुपए की जीडीपी के संदर्भ में सरकार का कुल 56.7 लाख करोड़ रुपए का कुल कर्ज और देनदारियां जीडीपी का 50.5 प्रतिशत थी। उसके बाद वर्ष 2018-19 तक आते-आते सरकार का कुल कर्ज और देनदारियां 90.8 लाख करोड़ तक पहुंच गई, जो चालू कीमतों पर जीडीपी का 189 लाख करोड़ रुपए की जीडीपी का मात्र 48 प्रतिशत ही था, यानी जीडीपी के प्रतिशत के रूप में सरकारी का कर्ज और देनदारियां पहले से 2.5 प्रतिशत बिन्दु घट गई थीं। 2019-20 के वर्ष में कोरोना का प्रकोप शुरू हो चुका था, जिसके कारण उत्पादन और कर राजस्व दोनों प्रभावित होने शुरू हो चुके थे। ऐसे में सरकारी कर्ज में मात्र 12 लाख करोड़ रुपए की वृद्धि के बावजूद जीडीपी के प्रतिशत के रूप में सरकारी कर्ज 3 प्रतिशत बिन्दु ज्यादा होकर 51 प्रतिशत तक पहुंच गया था। वर्ष 2020-21 पूरे तौर पर कोरोना प्रभावित था, जिसमें मौद्रिक जीडीपी भी 2 लाख करोड़ रुपए घट गई थी, लेकिन कोरोना से गरीबों एवं अन्य प्रभावित वर्गों को राहत देने और अन्यान्य प्रकार के खर्च बढने के कारण सरकारी कर्ज और देनदारियां 18 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई थी। इसके कारण सरकारी कर्ज और देनदारियां जीडीपी के प्रतिशत के रूप में 61 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। वर्ष 2023-24 के बजट अनुमानों के अनुसार सरकारी ऋण कुल जीडीपी का मात्र 56 प्रतिशत तक घट जाएगा। कर्ज निजी हो अथवा सार्वजनिक, इसके साथ उसके ब्याज और मूलधन की देनदारी जुड़ी होती है। जहां तक सरकारों का सवाल है, सरकारें लगातार ऋण लेती हैं और यह ऋण उत्तरोत्तर तौर पर बढ़ता ही जाता है। गौरतलब है कि 1950-51 में सरकार का कुल कर्ज और अन्य देनदारियां मात्र 2865.4 करोड़ रुपए ही थी, जो 2022-23 के संशोधित अनुमानों के अनुसार 152.6 लाख करोड़ रुपए पहुंच गई। वर्ष 2023-24 के बजट में ब्याज और मूल वापसी हेतु लगभग 10.8 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है, जो सरकार के कुल खर्च का 24 प्रतिशत है। वर्ष 2022-23 के संशोधित अनुमानों के अनुसार यह 9.4 लाख करोड़ रुपए था, जो कुल बजट का 22.4 प्रतिशत ही था। समझा जा सकता है कि साल दर साल बढ़ती ब्याज और मूल की अदायगी सरकार के चालू राजस्व से पूरी नहीं हो पाती और इसलिए ब्याज और कर्ज की अदायगी के लिए भी और अधिक ऋण लेना पड़ता है। लेकिन यहां यह भी देखना होगा कि क्या अकेले भारत सरकार ही ऋण लेती है? यह भी देखना होगा कि सार्वजनिक ऋण के संदर्भ में दुनिया के दूसरे मुल्कों की तुलना में हमारी क्या स्थिति है।

अन्य देशों की स्थिति : गौरतलब है कि हर मुल्क की जीडीपी अलग-अलग है। अमरीका की जीडीपी भारत की जीडीपी से कई गुणा ज्यादा है और कई मुल्कों की जीडीपी भारत की जीडीपी से कई गुणा कम है। इसलिए हमें हर देश के सरकारी ऋण एवं अन्य देनदारियों को वहां की जीडीपी के अनुपात में देखना पड़ेगा। इस संदर्भ में यदि दुनिया की 5 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को देखा जाए तो आईएमएफ के अनुसार वर्ष 2021 में अमरीका में सरकारी ऋण जीडीपी का 122 प्रतिशत है, जापान का 221.3 प्रतिशत और भारत में मात्र 54.3 प्रतिशत था। हालांकि आईएमएफ के पास चीन का आंकड़ा नहीं है, अन्य वैश्विक अनुमानों के अनुसार यह 79.2 प्रतिशत था। केवल जर्मनी का कज़र्.जीडीपी अनुपात भारत से थोड़ा कम यानी 46.3 प्रतिशत था। कोरोना काल में भारत ही नहीं दुनिया के सभी देशों में जीडीपी के प्रतिशत के रूप में सरकारी कर्ज में वृद्धि हुई थी। इसका कारण यह था कि एक ओर कोरोना के दौरान न केवल जीडीपी सिकुड़ गई थी, बल्कि सरकारी राजस्व भारी रूप से घट गया था और समाज के कमजोर वर्गों को सहायता और राहत देने के लिए सरकारों का खर्च भी बढ़ गया था। अमरीका में वर्ष 2019 में सरकारी ऋण, जो जीडीपी के प्रतिशत के रूप में मात्र 93.1 प्रतिशत था, अब बढक़र 122 प्रतिशत तक पहुंच गया। यही स्थिति कमोबेश अन्य देशों की भी रही। समझा जा सकता है कि सरकारों की समाज के प्रति जिम्मेदारी के निर्वहन में जब कराधान आदि से काम नहीं चल पाता है, तो ऐसे में सरकारों को कर्ज लेना ही पड़ता है। लेकिन उस मामले में सरकारी कर्ज के जीडीपी के अनुपात में देखा जाए तो भारत सरकार का कुल कर्ज एवं देनदारियां दुनिया के अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में खासी कम हैं। यही नहीं अधिकांश छोटी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भी भारत का उधार-जीडीपी अनुपात काफी कम है। हालांकि भारत में राजकोषीय संतुलन के कारण सरकारी कर्ज व अन्य देनदारियों का जीडीपी के अनुपात में 50 प्रतिशत तक बना रहा, लेकिन पूर्व में भी और हाल ही में भी यह अनुपात बढ़ा है, जो स्थिति सामान्य होने पर फिर कम हो सकता है।

सरकारी बजट पर कम कैसे हो बोझ : यह तो सही है कि जनकल्याण ही नहीं पूंजी निर्माण के लिए भी सरकारों को ऋण लेना पड़ता है और टैक्स जीडीपी अनुपात बढ़ाने की कठिनाइयों के चलते, समय की जरूरतों के साथ-साथ सरकारी कज़र्. बढ़ता भी जाता है। ऐसे में आर्थिक विश्लेषकों और नीति-निर्माताओं की चिंता यह होती है कि सरकारी बजट पर इसका प्रभाव कैसे कम किया जाए। ब्याज की अदायगी, सरकारी बजट पर प्रभाव डालती है। इस वर्ष भी ब्याज और मूल की अदायगी पर हमारे कुल सरकारी खर्च का 24 प्रतिशत इस्तेमाल हो रहा है। ऐसे में इस बोझ को कैसे कम किया जा सकता है। सरकारी ऋण के ब्याज और मूल अदायगी के बोझ को कम करने का एक ही मार्ग है, ब्याज दरों में कमी।

नागरिक बोध

दुःख भरे दिन बीते रे भय्या!

नई सरकार बनने के बाद आजकल राजधानी के सत्ताई गलियारों में विकास की नई बाद-ए-सबा बह रही है। हो सकता है कि मंद-मंद बहने वाली मद भरी विकास की यह समीर कैबिनेट कोठियों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। डर इस बात का भी है कि कहीं हर बार की तरह बाद-ए-सबा के सियासी गलियारों से बाहर आने तक लोग इस सरकार का भी पँचनामा न तैयार कर चुके हों। लोग एक बार फिर 'चलो अजनबी बन जाएं हम दोनों' गीत गाते हुए इस सरकार से सवाल पूछने की बजाय उसे कोसते हुए फिर उस पुरानी सरकार को ले आएं जिसके कार्यकाल में भी विकास की बाद-ए-नसीम पाँच साल तक उन्हीं सत्ताई गलियारों में चक्कर काटती रही थी। आम आदमी की सबसे बड़ी दिक्कत यही है कि हर बार सरकारों से सवाल उठाने की बजाय वह व्यवस्था को कोसते हुए तुलना शुरू कर देता है। वह कभी यह नहीं सोचता कि चुनकर आने वाले तोते उधार की फसल खाकर उड़ जाएंगे और लोगों के हिस्से भूसे एवं घास-फूस के अलावा कुछ न आएगा। शायद यह लोकतंत्र में उपलब्ध उस विकल्प का कमाल है कि ठगे जाने के बावजूद लोग कबीर बन कर ठगों को ठगने की बजाय ख़ुद को ठगे जाना ठीक समझते हैं और हर बार नई सरकार चुन लेते हैं। लोकतंत्र तो सवाल पूछने का हक़ भी देता है। लेकिन लोगों को सवाल पूछना पसन्द नहीं। शायद ठगे जाने में वक्त आसानी से निकल जाता है और पूछे या खोजे जाने पर भारी पड़ता है। इस बार आलतू पार्टी तो अगली बार फालतू सही। इस बार संत झांसा राम तो अगली बार काम लहीम सही। इस बार गप्पो-गप्पो तो अगली बार टप्पो सही। सरकार ने अभी नई दुल्हन की तरह प्रवेश किया है। लोग इन्तज़ार में हैं कि विकास की दुल्हन बाहर निकले, नेताओं की कोठियों और दफ्तरों से। अभी विकास हो रहा उनकी कोठियों का, दफ्तरों का। बेचारा विकास करे भी तो क्या? फालतू सरकार के मंत्री और कैबिनेट रैंक के पदाधिकारी अखिलेश यादव की तरह सरकारी आवास ख़ाली करते हुए बल्ब, ट्यूब, नलों की टोटियों सहित सब खोल कर ले गए थे। मरम्मत ज़रूरी थी। तभी इस बार विकास बिना टेंडर के ही काम पर लग गया।

देश दुनीया से

खानाबदोश विश्वविद्यालय परिसर

एक बार फिर मनहूस राजनीति के पिंजरे में केंद्रीय विश्वविद्यालय का धर्मशाला परिसर कैद होकर रह गया। जिस राजनीति ने पहले इसे दो पाटों में बांटा, वही पुनः वन संरक्षण अधिनियम की चक्की में इसके अस्तित्व पर चोट पहुंच रही है। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने पुनः केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला परिसर के शिलान्यास में लगे पत्थरों पर कोड़े बरसाते हुए यह फरमान सुना दिया कि यह जमीन अयोग्य है। चौदह साल बाद भी राजनीति के इस खेल में धर्मशाला में परिसर का प्रस्ताव और जमीनों का हिसाब क्यों हार रहा है, इसे समझने की जरूरत है। आश्चर्य है कि जिस शहर में हिमाचल का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम स्थापित हो जाता है, उसी के आजू-बाजू जमीन की हर तरह की उपलब्धता को बार-बार ऐसी शक्तियां हरा रही हैं, जिन्होंने यह ठान रखा है कि तमाम केंद्रीय कानूनों की पहुंच से धर्मशाला के विश्वविद्यालय परिसर को हलाल किया जाए। आपत्तियों की सजावट का एक भयानक मंजर तब भी बुना गया, जब पहली बार जमीन का चयन हुआ और अब फिर से विश्वविद्यालय की अमानत लूटी जा रही है। कारण अगर हिमाचल के परिप्रेक्ष्य में समझे जाएं, तो पूरे हिमाचल में विकास पर तो पूर्ण अंकुश लग जाना चाहिए। मसलन जदरांगल का प्रस्तावित स्थान भूकंपीय क्षेत्र, भूगर्भीय अस्थिर क्षेत्र, बारिश से अत्यधिक भीगता क्षेत्र व असुरक्षित वनों का क्षेत्र होने के कारण शिक्षा का मंदिर नहीं हो सकता। इन आपत्तियों को अगर हमीरपुर के मेडिकल कालेज निर्माण में समझा जाए, तो अंतर स्पष्ट हो जाएगा कि जमीन को कलंकित करने के लिए राजनीतिक तौर पर वन संरक्षण अधिनियम के हथकंडे कैसे सामने आते हैं। हिमाचली विकास के अनेक अध्याय अगर जमीन पर रेखांकित हो रहे हैं, तो केवल जदरांगल भूखंड की उपयोगिता क्यों प्रश्नांकित हो रही है। हद तो यह कि विश्वविद्यालय ने अपने चौदह साल के इतिहास में सबसे उल्लेखनीय पन्ना यह जोड़ा कि इसकी अमानत में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का चहेता परिसर देहरा में तो आकार ले रहा है, लेकिन धर्मशाला के प्रस्तावित परिसर में कई नेता विफल ह

तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव 2023 का हुआ शानदार समापन

➲कलाकारों द्वारा मंत्रमुग्ध करने वाले प्रस्तुति ने दर्शकों को खूब रिझाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : राजकीय इटखोरी महोत्सव का तीन दिवसीय भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम 21 फरवरी रात्री तक एक शानदार समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ। इस तीन दिवसीय उत्सव में प्रसिद्ध राष्ट्रीय और क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा नृत्य और संगीत के विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया। समापन समारोह का कार्यक्रम दर्शनीय रहा जिसमें उम्दा प्रस्तुतियों की एक श्रृंखला थी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शाम की शुरुआत प्रकाश कुमार एंड ग्रुप के नृत्य कार्यक्रम से हुई जिसके पश्चात सिमरन शाह एंड ग्रुप द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। इन दोनों ही प्रस्तुतिकरण ने श्रद्धा के भाव का आगाज़ करते हुए भारतीय शास्त्रीय और समकालीन नृत्य का एक मिश्रण प्रस्तुत किया। समारोह की विशिष्ट अतिथि मिस यूनाइटेड नेशन्स अर्थ 2022 विजेता, एंजेल मरीना तिर्की ने झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने की बात कही और क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने प्रयासों को सराहनीय बताया। शाम को बीएसएफ हजारीबाग समूह द्वारा गीत एवं संगीत प्रदर्शन भी था जिसने देशभक्ति के भाव से दर्शकों प्रफुल्लित कर दिया। नन्हे और प्रतिभाशाली गायक अथर्व बख्शी ने अपने कुछ मधुर गीत प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा।शास्त्रीय संगीत और लोक संगीत की दक्ष कलाकार मैथिली ठाकुर ने अपने मोहक गीतों से दर्शकों को आनंदित कर दिया। मृणालिनी अखौरी और फिर रोहन देव पाठक ने गायन की शानदार प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम के अंत में सांसद श्री सुनील सिंह द्वारा राजकीय इटखोरी महोत्सव 2023 के सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की पूरी टीम को बधाई दिया गया एवं सक्रिय भूमिका की सराहना की गई। साथ हीं राजकीय इटखोरी महोत्सव का निरंतर कवरेज हेतु मीडिया का धन्यवाद दिया। अंत में सभी कलाकारों को स्मृतिचिन्ह भेट कर समानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांसद, विधायक, विभिन्न राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी/कर्मि सहित हज़ारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

सिमरिया थाना के डाड़ी निवासी के घर पहुंचे बॉलीवुड एक्टर किस्सु राहुल

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : बॉलीबुड एक्टर किस्सू राहुल जिले के राजकीय। महोत्सव इटखोरी में हिस्सा लेने के लिए चतरा पहुंचे थे। जहां इटखोरी महोत्सव में धमाकेदार परफॉर्मेंस के बाद किस्सू राहुल सिमरिया थाना क्षेत्र के डाड़ी गाँव पहुंचे। डाड़ी गाँव निवासी बसंत राणा किस्सू राहुल के सहकर्मी हैं। जिनसे मिलने के लिए पैतृक गांव डाड़ी पहुंचे। किस्सू राहुल। के साथ सिमरिया पुलिस अनुमण्डल पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी भी मौजूद थे। अचानक एक्टर किस्सू राहुल को डाड़ी गाँव बसंत राणा के घर में पहुंचते हीं लोगों में खलबली एवं कौतूहल सा मचने लगी। वहीं लोगों में काफी प्रसन्नता दिखाई दिया। साथी बसंत राणा ने किस्सू राहुल को अपना गांव घुमाया। किस्सु राहुल गाँव घूम काफी प्रसन्न हुए। त्तपश्चात रांची एयरपोर्ट के लिए रवाना हुए मुंबई के लिए।

लाखों रुपए की लागत से बने अस्पताल भवन का नहीं किया जा रहा है इस्तेमाल

महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत ग्राम शाहपुर में एकतरफ जहां सरकार लोगों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रही है। वही ग्राम शाहपुर में बना हुआ यह लाखों रुपया का अस्पताल हाथी का दांत साबित हो रहा है। आपको बताते चलें कि इसके पहले भी न्यूज़ के माध्यम से शाहपुर उप स्वास्थ्य केंद्र के बारे में प्रमुखता से खबर छपी थी पर अभी इस उप स्वास्थ्य केंद्र में कोई भी डॉक्टर बैठने वाला नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि ये अस्पताल बनने से हम लोगों को कोई फायदा नहीं हो रहा है। हम लोगों को इलाज कराने के लिए अभी भी प्रखंड मुख्यालय में ही जाना पड़ता है और शाहपुर में बनाया अस्पताल के पंखे ,पानी का टंकी बाथरूम एवं अन्य सामान टूटने के कगार पर है।

कृषि पशुपालन सहकारिता विभाग के तहत एक दिवसीय कार्यशाला हुआ आयोजन

गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड सचिवालय के अंतर्गत सिंगल विंडो में कृषि पशुपालन सहकारिता विभाग के द्वारा बुधवार 22 फरवरी को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां दर्जनों किसान उपस्थित हुए। उन सभी किसानों के बीच दवा छिड़काव करने का मसीन कुल 14 लोगों के बीच वितरण किया गया। जिसमें मीना देवी उर्मिला देवी रुकमणी देवी त्रिभुवन दांगी सुनीता देवी मुन्नी देवी कृष्णा दांगी सत्यदेव दांगी निर्मल यादव ललन भुइंया गोवर्धन भुइंया का नाम शामिल है।

मंत्री भोगता ने श्रद्धालुओं को महायज्ञ की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए देश प्रदेश में सुख शांति और समृद्धि की कामना की

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : राज्य के कैबिनेट मंत्री सत्यानन्द भोगता और जिला परिषद चतरा के वाइस चेयरमैन बृजकिशोर तिवारी बुधवार को चतरा जिला स्थित प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय के हाई स्कूल खेल मैदान में महारुद्र यज्ञ का संयुक्त रूप से शुभारंभ किये। महारुद्र यज्ञ समिति की ओर से आयोजित श्री कलशयात्रा में बतौर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि क्रमशः मंत्री श्री भोगता एंव श्री तिवारी को आमंत्रित किया गया। ज्ञात हो कि मंत्री भोगता के कर कमलों द्वारा श्रद्धालुओं को कलश, चुनरी, नारियल देकर कलशयात्रा का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान माननीय मंत्री श्री भोगता ने सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को महायज्ञ की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए देश प्रदेश और प्रतापपुर प्रखंड में सुख शांति समृद्धि की कामना की। इस महायज्ञ कलश यात्रा के दौरान जिलापरिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। मौके पर 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, मंत्री प्रतिनिधि लवली देवी, मंत्री प्रतिनिधि भोला साहू, बीजेपी जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सूरजदेव यादव, जिला परिषद सदस्य रीना देवी, रविता देवी, प्रमुख अस्मिता, राजद प्रखंड अध्यक्ष खेदू यादव, मंडल अध्यक्ष बिनोद गुप्ता, समाजसेवी जितेंद्र यादव, सन्मुख यादव, जितेंद्र सार्थक, विनय पांडेय समेत सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

5 साल का दूध मुहा बच्चा दिया पिता को किया अग्नि संस्कार

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : थाना के अंतर्गत जवाहरलाल फुटबॉल मैदान के समीप बीते बुधवार 15 फरवरी को सीमेंट से लदा पिकअप वाहन दुर्घटना हुई थी जिसमें सलगा गाव के जितेंद्र सिंह 37 वर्ष घायल हो गया था। जिसका इलाज रांची के शेमफॉर्ड हॉस्पिटल मे चल रहा था। जहां उसकी स्थिति गंभीर थी उसका इलाज एक सप्ताह तक चला परन्तु एक भी दिन मरीज की स्थिति ठीक नहीं थी। इसी क्रम में मंगलवार 21 फरवरी को सुबह 6 बजे उसकी मौत हो गई। जिससे परिजनों पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा इस खबर से सलगा गांव मे मातम छाया है। जितेंद्र सलगा गांव के बिगन सिंह का पुत्र था। वह काफी गरीब लाचार था वह मजदूरी कर अपना घर चलाता था उसके दो बच्चे हैं। वह गिद्धौर के श्री राम ट्रेडर्स सीमेंट दुकान के मालिक बैजनाथ दंगी के यहां लेबर कां काम करता था। जिसका 5 साल के लड़का और 4 साल की लड़की को पालता था वह अपने पीछे पत्नी के साथ दो बच्चे को छोड़ चला गया। बता दें की रांची से गांव लाने में काफी देर हो गई और देर रात 10:00 बजे गरीब सिंह की डेडबॉडी घर पहुंचा। और इनकी डेड बॉडी का अग्नि संस्कार का कार्यक्रम गांव के नजदीक श्मशान बेलवा घाट में बुधवार सुबह 8:00 बजे किया गया। उसके बाद ग्रामीणों ने 2 मिनट का मौन रख कर आत्मा को शांति प्रदान करने की भगवान से कामना भी किए मौके पर उपस्थित कामाख्या सिंह राम लखन सिंह अमेरिका सिंह सागर सिंह राजू लाल वर्मा उपेंद्र दांगी समाजसेवी सत्येंद्र कुशवाहा मनोज दांगी एवं अनेकों लोग उपस्थित थे।

बरवाडीह सांसद प्रतिनिधि ने पद से दिया इस्तीफा

बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता): बरवाडीह भाजपा के वरिष्ठ नेता और बरवाडीह प्रखंड सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। जिसकी सूचना व्हाट्सएप के माध्यम से सांसद सुनील सिंह को दिया है। वही इस मामले में उन्होंने बताया कि हम निजी कार्य और समय की वयस्तता के कारण पद से इस्तीफा दिया हुं। उन्होंने बताया कि हम जन्मजात भाजपाई हैं हम पार्टी को अपने स्तर मजबूती प्रदान करते रहेंगे। वही इनके इस्तीफ़ा के बाद राजनीतिक गलियारे में कई तरह की चर्चाएं होने शुरू हो गये हैं। बताया जा रहा है कि सांसद सुनील सिंह के द्वारा प्रखंड में विभागवार तीन नामित नये सांसद प्रतिनिधि का चयन किया गया है जिसकी सूचना पूर्व सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद को नहीं दी गई।

22 यक्ष्मा मरीजों के बीच पोषाहार पैकेट का वितरण किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखंड मुख्यालय के रेफरल अस्पताल में बुधवार को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत यक्ष्मा के 22 मरीजों के बीच पोषाहार का वितरण किया गया। चिकित्सक डॉ अंकुर कुमार ने पोषाहार वितरण कर इसकी शुरुआत की। सीसीएल द्वारा चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट (सिनी) के माध्यम से इलाजरत मरीजों को पोषाहार कीट दिया गया और बताया गया कि इस योजना के तहत सभी मरीजों को इलाज अवधि तक पोषाहार पैकेट दिया जाएगा। पैकेट में चना दाल, गुड़, सोयाबीन तैल, चना और बादाम आदि मौजूद है जिसकी सेवन कर मरीज स्वस्थ होंगे। वहीं चिकित्सक ने मरीजों को टीबी से बचाव के लिए कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। मौके पर यक्ष्मा वरीय पर्यवेक्षक मनोज कुमार पांडेय, क्लस्टर समन्वयक अमित कुमार, मो नूर एजाज सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

तुबेद कोल मांइस के विस्थापित ग्रामीणों ने किया जागरूकता सम्मेलन का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : जन मजदूर परिवार संघ के बैनर तले सदर थाना क्षेत्र के नेवाड़ी पंचायत में जागरूकता सम्मेलन का आयोजन समशेर आलम कि अध्यक्षता में बुधवार को किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि प्रभावित एवं विस्थापित ग्रामीणों को डीवीसी तुबेद कोल मांइस के पदाधिकारियों ने धोखा दिया हैं। ग्रामीण रवि पासवान, आमीर हमजा, बाबूलाल उरांव ने बताया कि डीवीसी कंपनी बाहरी लोगों को रोजगार दे रही हैं। जबकि विस्थापित ग्रामीणों को नौकारी, मुआवजा और कई लाभ देने का आश्वासन दिया था। परंतु आज गांव के लोग पलायन कर रहे हैं। ग्रामीणों की मांगों को पूरा करने के लिए कोई उचित कदम नहीं उठा रही हैं। ग्रामीणों ने कहां कि छह दिन के अंदर अगर तुबेद कोल मांइस के पदाधकारी हमारी मांगों को पूरा नहीं करती हैं, तो बाध्य होकर संवैधानिक तरीके से कंपनी के खिलाफ प्रर्दशन किया जायेगा। साथ ही कंपनी से ग्रामीणों ने अविलंब क्षेत्र का मूलभूत विकास करने झारखण्ड सरकार नियोजन निति के अनुसार परियोजना के स्थानीय लोगो को 75 त्न प्रतिशत रोजगार दिया जाए। सभी प्रभावित गाँव को मुफ्त बिजली, पानी, इलाज के लिए अस्पताल, एम्बुलेंस, स्कूल, गरीबों को पेंशन, खेल स्टेडियम, स्थानीय को रोजगार, रैयतों को जमीन का मुआवजा, जनता को जलावन के लिए कोयला मुफत, विस्थापित ग्रामीणों को पूनर्वास का लाभ आदि 33 सूत्री मांग की। **अपना हक अधीकार को लेने के लिए जो भी कदम उठाना पड़े पिछे नहीं हटूंगा समशेर आलम :** मांगे पूरी नहीं होने पर जन मजदूर परिवार संघ के वैनर तले चरणबद्ध आंदोलन करने कि बात कही तूवेद डीवीसी कॉल खनन कंपनी से अपना अधिकार लेने के लिए विस्थापितों ने एकजुट होकर पूरजोर विरोध किया विस्थापित रैयतों ने सम्मेलन स्थल से सैकड़ों कि संख्या में महिला पुरुष हाथों में तिरंगा लिए पैदल मार्च करते हुए संघ के कार्यालय तक पहुंचे इस तरह हमारी मांगे पूरी करो डीवीसी कम्पनी होस में आओ डीवीसी कम्पनी वापस जाओ महात्मा गांधी अमर रहे, भगत सिंह अमर रहे आदि कई नारे लगाते हुए जागरूकता रैली निकाली मौके पर साजन कुमार, मो अफाक, मो मंजर हुसैन, अखतर हुसैन, मुखिया, रवि पासवान, आमीर हमजा, बाबुलाल उरांव, गोलडन कुमार, डां अरुण कुमार, खलिल अंसारी, मो शमसेर आलम, अमरेश उरांव, रेशमा बानो, समीति के कार्यकारणी सदस्य मासूम सैफ समेत हजारों लोग शामिल थे।

स्वास्थ केंद्र में परिवार नियोजन को लेकर एक जागरूकता अभियान चलाया गया

पत्थलगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र स्वास्थ केंद्र पत्थलगड़ा में परिवार नियोजन को लेकर सिंघानी पंचायत के धोबी टोला से नवविवाहित महिला एवम जिनके बच्चे है ।उनसभी महिला को स्वास्थ केंद्र पथलगड़ा में सभी को परिवार नियोज को लेकर प्रशिक्षण दिया गया सामुदायिक स्वास्थ पदाधिकारी, सरोज मिंज ने सभी महिलाओं को परिवार नियोजन नीति से संबंधित महिला, पुरुष तथा आने वाले बच्चे का भविष्य को कितना फायदा हो सकता है महिलाओं को कम उम्र में विवाह होने से बच्चो पर बुरा प्रभाव पड़ता है और साथ में मां पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है ए सभी जानकारी दी उन्होंने बताया की जिन महिलाओं का अगर एक बच्चा हुवा तो उसे काम से काम तीन साल का दूरी होना चाहिए और इस समस्या से बचना है तो उसके लिए कोपरटी लगाए और बहुत सारे परिवार नियोजन का हिस्सा है उसमे आप महिला नसबंदी ,या पुरुष नसबंदी भी हो सकती है उसमे पुरुष नसबंदी सबसे आसान है न कोई चीरा न कोई ऑपरेशन इस परिवार नियोजन प्रशिक्षण कार्य कर्म में कई महिलाओं को पुरुस्कार भी दिया गया इस कार्यक्रम में सुषमा कुमारी, ममता, कुमारी सरिता कुमारी, प्रियंका कुमारी भवति देवी, अरविंद कुमार दांगी, विकास कुमार, उपाथित थे।

टेंपो पलटने से एक दर्जन घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

बालूमाथ : बालूमाथ मुरपा मुख्य पथ पर बसिया ग्राम के समीप बुधवार दोपहर लगभग 2:00 बजे पैसेंजर से भरा ओवरलोड टेंपो पलटने से दर्जन भर लोग घायल हो गए। घायलों में रेखा कुमारी उम्र 18 वर्ष पिता दामोदर महतो ग्राम जिलंगा, सुमैया परवीन उम्र 16 वर्ष पिता अंसारुल्ल अंसारी ग्राम मरनगलोया, अनीता देवी 32 वर्ष पति उमेश गंझू, नैना कुमारी 5 वर्ष पिता उमेश गंझू ग्राम बेंदी, सोहरी मसोमात 40 वर्ष पति स्वर्गीय विदेशी गंझू, मतलू गंझू 35 वर्ष पिता हरिलाल गंझू, दिव्या कुमारी 2 वर्ष पिता आशीष गंझू, शांति कुमारी 12 वर्ष पिता पिता मतलू गंझू, सभी ग्राम पिंडॉरकोम, उमेश गंझु 35 वर्ष पिता बालेश्वर गंझु ग्राम पादमपुर टंडवा, सचिंनता कुमारी 16 वर्ष पिता मनोज महतो ग्राम हेबना शामिल है। सभी घायलों को आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद सोहरी मासोमात, दिव्या कुमारी व शांति कुमारी की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु 108 एंबुलेंस से राँची रिम्स भेज दिया गया। बताया जाता है कि टेंपो बालूमाथ से मुरपा पैसेंजर लेकर जा रहा था और टेम्पू में क्षमता से अधिक सवारी को बैठा लिया था। वही तीखे मोड़ में असंतुलित होकर टेंपो पलट गया जिससे टेंपो में सवार कई लोग टेंपो के नीचे दब गए। वही टेंपो चालक टेंपो छोड़कर फरार हो गया घटना की सूचना मिलने पर बालूमाथ पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर टेंपो को जप्त कर ली है घायलों में रेखा कुमारी, सुमैया प्रवीण व सचिन्ता कुमारी बालूमाथ उच्च बिद्यालय की छात्रा है।

जेजेए के प्रदेश संयुक्त सचिव बने सुरेंद्र गुप्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

बालूमाथ : बालूमाथ के पत्रकार सुरेंद्र गुप्ता झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश संयुक्त सचिव बनाये गये है। झारखंड विधानसभा के पुराना सभागार में हुए एक कार्यशाला में इसकी घोषणा भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह ने की है। श्री गुप्ता को संयुक्त सचिव बनाए जाने के बाद झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो, झारखंड सरकार पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, वरिष्ठ विधायक सरयू राय, भाजपा विधायक अनंत ओझा, श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय, महासचिव शाहनवाज हसन ने मेमोंट देकर सम्मानित किया। संयुक्त सचिव बनाए जाने के बाद पत्रकार सुरेंद्र गुप्ता ने कहा कि पत्रकार सुरक्षा बीमा योजना की मांग को लेकर जेजेए बराबर संघर्षरत रहा है। पत्रकारों को संगठित कर इस मांग को लागू कराना प्राथमिकता रहेगी उन्होंने कहा कि पत्रकारों की जो भी समस्या है उसे इस संगठन के माध्यम से लोगों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा वहीं इनके संयुक्त सचिव बनाए जाने पर कई लोगों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजेन्द्र साहू, झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष ऐश्वर्य उराँव, राजद नेता श्यामसुंदर यादव, भाजपा नेता प्रेम गुप्ता, कांग्रेस नेता मो0जबैर, हेरहंज कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष लाडले खान, बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा, समाजसेवी अखिलेश भोक्ता, लालदेव गंझु सहित कई लोगो के नाम शामिल है।

सड़क सुरक्षा से संबंधित स्वास्थ्य केंद्र में प्रशासन को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड मुख्यालय में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर सत्य प्रकाश कुमार के द्वारा थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल एवं एसआई टिकवानंद भगत के साथ अनेकों पुलिसकर्मियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित कई जानकारियां बताई गई। जहां प्राथमिक उपचार करने की कई सुविधा भी डॉक्टर के द्वारा प्रशासन को बताया गया। जिसमें फर्स्ट एड किट से संबंधित परीक्षण भी दिया गया। ताकि रोड में आकाशमिक सड़क दुर्घटना होती है तो उन्हें जल्द उपचार करने की अनेकों विधि डॉक्टर ने बतलाए।

संक्षिप्त खबरें

उपायुक्त ने किया सेक्टर दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों को ब्रीफ

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने सभी सेक्टर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को संयुक्त रूप से छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल रामगढ़ में ब्रीफ किया। ब्रीफिंग के दौरान सभी सेक्टर दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने सभी से कहा कि 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के सफल आयोजन हेतु बहुत जरूरी है कि जो भी बातें अब तक आपको प्रशिक्षण के दौरान बताई गई है आप उन्हें स्मरण रखें एवं 27 फरवरी को होने वाले मतदान के मद्देनजर 26 फरवरी को ससमय अनिवार्य रूप से रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ पहुंचाएं जिसके उपरांत आप सभी अपने पोलिंग पार्टी के साथ संबंधित मतदान केंद्र/क्लस्टर तक पहुंच जाएं। इस दौरान सुश्री मिश्रा ने सभी सेक्टर दण्डाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी पोलिंग पार्टी डिस्पैच के उपरांत अपने-अपने मतदान केंद्र/ क्लस्टर पहुंच जाए एवं इससे संबंधित जानकारी कंट्रोल रूम को दे दी जाए। इस दौरान सुश्री मिश्रा ने सभी सेक्टर दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने जोनल दण्डाधिकारियों व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में रहने का निर्देश दिया। मौके पर सुश्री मिश्रा ने सभी को ईवीएम हैंडलिंग की पूरी जानकारी रखने एवं किसी भी दुविधा को ब्रीफिंग के दौरान दूर कर लेने का निर्देश दिया वहीं सुश्री मिश्रा ने सभी सेक्टर दण्डाधिकारियों को लगातार पोलिंग पार्टी के साथ संपर्क में रहकर आवश्यक जानकारियां साझा करने का निर्देश दिया। सुश्री मिश्रा ने सभी सेक्टर दण्डाधिकारियों को मतदान के दिन अपने-अपने मतदान केंद्रों पर ससमय मतदान शुरू करा देने एवं नियमित रूप से मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर विजिटिंग रजिस्टर में अपनी उपस्थिति दर्ज करने का निर्देश दिया। साथ ही सुश्री मिश्रा ने सभी सेक्टर दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष पांडे ने सभी सेक्टर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि चुनाव के शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त आयोजन में आप सभी की जिम्मेदारी बहुत बड़ी है इसलिए सभी सेक्टर दंडाधिकारी उनके साथ टैग किए गए पुलिस पदाधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में रहें। मौके पर श्री पांडे ने सभी सेक्टर दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने व ससमय आवश्यक जानकारियां चुनाव कोषांग, कंट्रोल रूम आदि को देने का निर्देश दिया।

आजसू प्रमुख सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने जनसंपर्क कर चुनावी सभा को किया संबोधित

रामगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता): आजसू प्रमुख सह सूबे के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने जनसंपर्क कर चुनावी सभा में कहा कि आजसू विकास की बुनियाद पर आधारित राजनीति करती है। लोगों के दिलों में जगह बनाने की राजनीति करते है। पार्टी हर वर्ग को एक साथ लेकर चलने का काम करती है। आजसू लोगों को तोड़कर नहीं,बल्कि जोड़कर चलना जानती है। आजसू ने जनता की हमेशा तरक्की के लिए कार्य किया है। राज्य के मुखिया के पुस्तैनी गांव में भी अगर सड़क बना है तो चंद्रप्रकाश चौधरी ने बनाया है। शासन प्रशासन ने जनसेवा का कोई कार्य नहीं किया। शहरी क्षेत्र के वार्डों में सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिला है। जैसी सरकार वैसी ही पुलिस का आचरण होता है। प्रशासनिक पदाधिकारी लाट साहब बनकर अपने कार्यालय में बैठते है,जनता चक्कर लगाती रहती है। आजसू लोगों से सीधा संवाद कर चूल्हा प्रमुख को माध्यम बनाया है। भाजपा आजसू परिवार के रूप में जुड़े है। 2024 के चुनाव के दृष्टिकोण से मतदान करें। उन्होंने छावनी परिषद क्षेत्र के वार्ड 2 व दुसाध मुहल्ला में जनसंपर्क कर चुनावी सभा को संबोधित किया। रामगढ़ के वार्ड 2 में सभा की अध्यक्षता वार्ड प्रभारी राकेश सिन्हा व दीपक साव और संचालन मनोनीत वार्ड प्रभारी संदीप कुमार साहू ने की।

रामगढ़ मे विकास का एक विकल्प ही सुनिता चौधरी : सुदेश महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

रजरप्पा : रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के रकुआ एंव सुतरी,बंदा आदि गांव में चुनावी सभा किया जिसमे उमड़ी लोगों की भीड़ इस मौके पर सुदेश ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहां की सुनिता चौधरी के पक्ष में वोट देकर भारी मतों से विजय बनाने का काम करें। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले आजसू पार्टी के कार्यकाल में पूर्व मंत्री चंद्रप्रकाश चौधरी के द्वारा जो रामगढ़

में अनगिनत ऐतिहासिक विकास कार्य किए गए हैं वह जो अभूतपूर्व कार्य हुआ है जैसे रामगढ़ जिला का निर्माण, नये प्रखंडों का निर्माण, जिला मे न्यायालय का स्थापना करना,जेल का निर्माण, जिला स्वास्थ्य केंद्र बनाना, उच्च तकनीकी शिक्षा के लिए महिला एवं पुरुष के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना किया गया पॉलिटेक्निक बनाया गया तथा विधानसभा के सभी पंचायतों में ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया, घर के हर चूल्हा तक जल से नल पहुंचाना आदि जैसे अभूतपूर्व अनगिनत ऐतिहासिक कार्य किया, इसके अलावा बड़ी योजना में दामोदर नदी पर जगह-जगह पर आवागमन के लिए महत्वाकांक्षी पुल का निर्माण विकास कार्य हुआ है। जिसे हेमंत सरकार के प्रतिनिधियों द्वारा महज 3 वर्षो में रामगढ़ के विकास कार्यो को ठप कर दिया है वर्तमान समय में विधानसभा की जनता विकास से कोसों दूर है तथा कमीशन खोरी बढ़ी है यहां की जनता त्राहिमाम है पिछले एनडीए के शासनकाल में पिछले 15 वर्षो से लगातार झारखंड में रामगढ़ एक विकसित जिला के रूप में पूरे देश स्तर पर अपनी एक नई पहचान बनाई थी ।

अरगड्डा-सिरका के जंगलों में लग रही आग, झुलस रहे हैं पेड़-पौधे

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : कोयलांचल अरगड्डा- सिरका क्षेत्र के पड़ारुनाला, चपरी, केडी कंपनी के मुख्य सड़को के आस-पास जंगली क्षेत्रों में बदमाशों के द्वारा पेड़ पौधे के गिरे सूखे पत्ते पर आग लगाए जा रहे हैं। इससे आग जंगल में कुछ हिस्सों तक फैल जा रहा हैं। इसके चपेट में आने से हरे भरे पेड़ पौधे झुलस कर बेजान हो जा रहे हैं। ग्रामीण बताते हैं कि बदमाश तबके के लोगों के द्वारा आग लगाया जा रहा हैं। इससे जंगली पर्यावरण व वनस्पतियों को काफी नुकसान हो रहा हैं। इधर गर्मी का मौसम भी आने को हैं।

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव की तैयारी जोरों पर : भाकपा माले

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : भाकपा माले जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य सह अखिल भारतीय किसान महासभा के हीरा गोप, भाकपा-माले सह झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष- देवकीनंदन बेदिया, लाली बेदिया अन्य सदस्यों में मोतीलाल बेदिया,पवन गोप, जगदीश करमाली की उपस्थिति में योजना बनाई कि रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में फासीवादी गठबंधन के खिलाफ और लोकतंत्र बचाओ-संविधान बचाओ के लिए विपक्षी एकता के कांग्रेस उम्मीदवार बजरंग महतो के चुनाव चिन्ह हाथ छाप पर वोट देकर विजयी बनाएं।भाकपा-माले राज्य कमिटी ने सक्रिय समर्थन देने के बाद भाकपा-माले रामगढ़ जिला कमिटी ने रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में लगातार ग्रास रुट में ब्रांचों की बैठक संपन्न कर ली है ।

मतदाता जागरूकता मेहंदी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : आगामी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा आयोजित अभियान के दौरान बुधवार को 23

रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों सहित अन्य क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस दौरान बड़ी संख्या में बच्चियों, युवतियों, महिलाओं आदि ने मतदाता जागरूकता मेहंदी कार्यक्रम में हिस्सा लिया वहीं विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं द्वारा मतदाताओं को आगामी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान 23 रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई वही मतदाता जागरूकता शपथ सहित अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया साथ ही सभी से आगामी रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई।

कांग्रेस ने अरगड्डा प्रेस कांफ्रेंस में चुनावी झंडे, बैनर हटाने पर जताया रोष

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : कांग्रेस पार्टी कार्यालय अरगड्डा में बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में कांग्रेस रामगढ़ पूर्व प्रखंड अध्यक्ष समसूद खान, पूर्व प्रदेश सचिव युथ कांग्रेस धीरेन्द्र सिंह, अमर मुंडा उपस्थित हुए। वक्ता समसूद खान ने कहां कि एनडीए खेमा कांग्रेस की ओर जन समर्थन की सुगबुगाहट देख घबरा गया है। जिसके कारण बीते रात्रि अरगड्डा के दुर्गा मंडप, जीपी कैंप, रोलर चौक, बाजार, चौहान मोहल्ला, बिल्डिंग, सिरका के स्टेडियम, एमपीआई, चेकपोस्ट आदि स्थलो से विधानसभा रामगढ़ उपचुनाव प्रचार के लिए लगाये गये

बैनर, पोस्टर को आजसू के इशारे पर असमाजिक तत्वों द्वारा हटाया गया हैं, जो लोकतंत्र को मुंह चिढ़ाने वाला हैं। एनडीए उपचुनाव से पूर्व ही अपने कृत्य उजागर करने में लगा हैं। यह चुनाव से पहले ही हार होने को दर्शाता हैं। कहां कांग्रेस पहले से ही जनसेवा, राज्य व समाज निर्माण में लगी हैं। अहिंसा के मार्ग पर चलकर विश्वास और भरोसे को कायम रखा जा सकता हैं। रामगढ़ और अरगड्डा-सिरका की जनता युपीए को उपचुनाव रामगढ़ में जीत दिलाकर इसे पुनः पूरा करेंगी। प्रशासन से मांग किया की चुनाव प्रचार में लगे युपीए बैनर, पोस्टर हटाने वालो पर जांच कर कारवाई करें। मौके पर राहुल सिंह आदि मौजूद थे।

मॉडर्न पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रोजेक्ट बनाकर अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : मॉडर्न पब्लिक स्कूल बड़कागांव में वर्ग अष्टम के विद्यार्थियों के द्वारा प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया गया। जिसकी अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम एवं संचालन कुलदीप कुमार ने किया। इस प्रोजेक्ट में विद्यार्थियों के द्वारा 2 मॉडल बनाया गया। एक मॉडल दिन रात कैसे होता है और दूसरा सूर्य एवं चंद्र ग्रहण कैसे लगता है। मॉडल के द्वारा वर्ग अष्टम के विद्यार्थियों ने स्कूल के सभी विद्यार्थियों को इस पर विस्तृत वर्णन किया और वे सभी बच्चों को समझाने में सफल रहे। मॉडल का गाइडलाइन शिक्षक मुकेश कुमार के द्वारा किया गया। मॉडल प्रस्तुत करने के दौरान स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम ने कहा कि बच्चे जो मॉडल बनाते हैं उनमें आत्मविश्वास जगता है और आने वाले समय में कुछ अच्छा करने का मौका मिलता है। मॉडल बनाने में अंशु कुमार, चौधरी,

परवाना कुमार, राकेश कुमार, शिव कुमार, अमन कुमार, ज्योति कुमारी दीपिका कुमारी, जूही कुमारी, साक्षी कुमारी, मनीषा कुमारी, अस्मिता कुमारी, तमन्ना नाज़नी ने भाग लिया। मौके पर स्कूल के शिक्षक रंजीत कुमार, सुमित कुमार, संतोष कुमार, मोहम्मद अली, अजमतउल्लाह, मनजीत कुमार, राहुल कुमार, मोहम्मद महबूब, संगीता कुमारी, मंजू कुमारी, ब्यूटी कुमारी, अंजली कुमारी, रोशन कुमार, कन्हैया कुमार, सुमित कुमार, सुमन देवी आदि शामिल थे।

डिजायर क्लासेज में विदाई समारोह का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : डिजायर क्लासेज़ में बुधवार को 12वीं के विद्यार्थियों के लिए रंगा-रंग विदाई समारोह का आयोजन मटवारी लोचन पथ ब्रांच में किया गया। समारोह का छात्र-छात्राओं ने जम कर लुत्फ उठाया। संस्थान के निदेशक मोहम्मद समीर अकरम ने बताया कि ये विद्यार्थी अपनी मुख्य परीक्षा के बाद बैचलर लाइफ मे प्रवेश करेंगे जहां से उनकी राह और कठिन हो जाएगी। यही वो आखिरी वक्त होता है जहां सभी बच्चे एक दूसरे से मिलकर खुशी खुशी विदाई लेते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगामी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने एवं भविष्य में अपने घर, समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। बताते चलें कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्थान द्वारा सही समय पर पूर्णतः सिलेबस को कम्पलीट करने के साथ-साथ रिवीजन एवं टेस्ट सीरीज के आयोजन के बाद विदाई दी गयी। ज्ञात हो संस्थान पिछले कई वर्षों से अपने बेहतरीन रिजल्ट को लेकर सुर्खियों मे रहा है।

आध्यात्मिक उन्नति ही मानव के लिए सर्वोपरी : बिशप आनद जोजो

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : प्रभु ईसा मसीह के सूली पर चढ़ाने और जीवित होने के लगभग चालीस दिन पूर्व आज राख बुध मनाया जाता है। बिशप आनंद जोजो के नेतृत्व में महागिरजाघर कथोलिक आश्रम में मिस्सा पूजा किया गया साथ में पल्ली पुरोहित फ़ा अंटोनी, फ़ा पीटर पॉल, फा अब्राहम,फा रायमंड सोरेंग, फा सैजू,फा समीर केरकेट्टा, फा प्रदीप, फा विजय एक्का, ने मिस्सा पूजा अनुष्ठान किया। पिछले वर्ष खजूर परब के पवित्र खजूर को जला कर बनाया गया राख को सभी विश्वाशियों के माथे पर मलन किया जाता है। कहा जाता है कि मानव मिट्टी के बने हो मिट्टी में मिल जाओगे। बिशप आनंद जोजो ने कहा कि वास्तव में आध्यात्मिक उन्नति ही मनाव जीवन की सही मायने में विकास है बाकि सब नश्वर

है यह चालीसा काल अपने आप को आध्यात्मिक जीवन को सफल बनाने का उचित समय हैं। आध्यात्मिक जीवन में सफलता के लिए तीन बात अवश्यक है पहला प्रार्थना और पूजा, दूसरा उपवास और परहेज तीसरा परोपकार यह तीन बाते आप को आध्यात्मिक जीवन में सफल बन सकते हैं, बिशप ने कहा की आज जो कर्म करते वहीं आप दे कर जा सकते बाकि नश्वर है। इसलिए यह राख याद दिलाता हैं की मिट्टी के बने हो मिट्टी में मिल जाओगे। इस अवसर पर भारी सख्या में अहले सुबह लोग गिरजाघर में उपस्थित थे इस पूजन कार्यक्रम में रूचि कुजूर सदस्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग झारखण्ड सरकार भी उपस्थित थे रूचि कुजूर ने चालीसा काम के लिए ईसाई भाई - बहनो को शुभकामनायें दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में फेर्डिनन्द लकड़ा, कथोलिक सभा, महिला संघ, युवा संघ ने सहयोग किया। गुड़फ्राइडे के पहले प्रत्येक शुक्रवार को शाम 4~30 में महागिरजाघर में पवित्र क्रूस रास्ता का पूजन होगा।

जिला प्रशासन और डॉक्टर के बीच तनाव दुर्भाग्यपूर्ण : सीटू

हजारीबाग : सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने कहा है कि शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के प्रशासक - सह- उप विकास आयुक्त और डॉक्टर के बीच ड्यूटी को लेकर उत्पन्न विवाद दुर्भाग्यपूर्ण है. इससे आम जनता जो अस्पताल में इलाज करवाने आते हैं उनकी परेशानी काफी बढ़ेगी. अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टर को रहते हुए मरीज का समय पर इलाज ना होना काफी दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है. इस पर डॉक्टरों को भी चिंतन मनन करना चाहिए. कई डॉक्टर जिनका पोस्टिंग मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में है वें सप्ताह में 2 या 3 दिन आते हैं और फिर चले जाते हैं. पार्टी जिला कमेटी ने जिला प्रशासन और मेडिकल कॉलेज अस्पताल के प्रबंधन से कई बार मांग किया है कि ड्यूटी चार्ट का रोस्टर सार्वजनिक किया जाए ताकि लोगों को पता लगे कि कौन सा दिन कौन डॉक्टर की ड्यूटी है ।

चौपारण जंगल से दो सौ पेटी शराब बरामद

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता): उत्पाद विभाग की टीम ने बुधवार को चौपारण थाना के घर मोरवा जंगल से 200 पेटी ब्लू गोल्ड शराब बरामद किया है। सहायक उत्पाद आयुक्त संजय मेहता अवर निरीक्षक उत्पाद

प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में छापेमारी की गई। बताया गया कि बीते मंगलवार को भी इसी स्थान पर छापेमारी कर 550 पेटी शराब बरामद की गई थी। बरामद शराब की बोतल में हिमाचल प्रदेश का मार्का लगा हुआ है। सहायक उत्पाद आयुक्त संजय मेहता ने बताया कि होली को लेकर अभी लगातार छापेमारी की जा रही है।

गठित टीम व जनप्रतिनिधियों ने चौथा स्वास्थ्य उपकेंद्र में की जाँच

विष्णुगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता): विष्णुगढ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा गठित टीम,मध्य जिप सदस्य शेख तैयब एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के समक्ष स्वास्थ्य उपकेन्द्र चौथा की एएनएम पूनम मिश्रा के विरुद्ध ग्रामीणों द्वारा शिकायत की जाँच की गई । जांचोपरांत पाया गया कि, पदस्थापित एएनएम पूनम मिश्रा नियमित रूप से रहकर उपकेंद्र सुचारू रूप आए नही चलाती है ,ग्रामीणों ने कहा कि इन्हें यहाँ से हटाया जाय। साथ ही एक कंपाउडर की भी नियुक्ति की जाय जिससे यहाँ पर लोगो को प्राथमिक उपचार की सुविधा तत्काल मिल सके । स्वास्थ्य उपकेंद्र का भवन भी काफी जर्जर हो गया है, इसकी तत्काल मरम्मति की जानी चाहिए । गठित टीम एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने उपायुक्त महोदया के पास ग्रामीणों की लिखित शिकायत को सही पाया एएनएम पूनम मिश्रा चौथा स्वास्थ्य उपकेंद्र में सेवा देने असफल रही है,जिसकी तस्दीक गठित टीम एवं जनप्रतिनिधियों ने की । इस मौके पर मुख्य रूप से जिप सदस्य शेख तैयब,पंसस प्रतिनिधि भीखन रविदास,विनोद रजक उपमुखिया, गोविंद रविदास वार्ड सदस्य,नंदलाल यादव वार्ड सदस्य,भुनेश्वर प्रसाद यादव,मौजी रविदास,गोपाल यादव समेत काफी संख्या में जनप्रतिनिधियों समेत ग्रामीण मौजूद थे ।

ऊर्जा प्रवाहित स्टेटर विद्युत जनरेटर पीवीयूएनएल में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया

पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता): पीवीयूएनएल पतरातू में पावर प्लांट निर्माण कार्य जोरों शोरों से जारी है। इस निर्माणाधीन पावर प्लांट में पीवीयूएनएल का लक्ष्य समय पर विद्युत पावर प्लांट स्थापित कर विद्युत उत्पादन करना है। इसी के तहत पीवीयूएनएल पतरातू में एक बहुत बड़ा लक्ष्य प्राप्त किया गया।कल बुधवार को पीवीयूएनएल पतरातू में 800 मेगावाट स्टेटर लिफ्ट 800MW TG#1 का स्टेटर सफलतापूर्वक 18 मीटर TG हॉल की नींव पर रखा गया। इस 450 एमटी वजनी स्टेटर संयत्र में स्टेटर विद्युत जनरेटर पाई जाती है जो कि एक रोटरी प्रणाली है। जिसके माध्यम से ऊर्जा प्रभावित होती है। संयंत्र स्थापित करने की शुरुआत एक पूजा समारोह के साथ हुई जिसमें रवींद्र कुमार सीईओ पीवीयूएन एस.के.पांडा,महाप्रबंधक परियोजना संजय कुमार विभागाध्यक्ष एमई ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में सभी एचओडी पीवीयूएन के कर्मचारी बीएचईएल के परियोजना निदेशक कर्मचारी और उनके सहयोगी मौजूद थे।450 एमटी वजनी स्टेटर को टैंडम ऑपरेशन के तहत दोनों ईओटी क्रेनों का उपयोग करके सफलतापूर्वक उठाया गया था। इसके साथ ही पीवीयूएनएल लिमिटेड ने परियोजना का एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल किया। जोकि पीवीयूएनएल के लिए मील का पत्थर हासिल करने जैसा है।

मौलाना अबुल कलाम आजाद शिक्षा के धनी थे : शैलेन्द्र यादव

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में भारत के प्रथम पूर्व शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की 65 वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने मौलाना साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद शिक्षा के धनी थे । स्वाधीन भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना आजाद, जो अरबी फारसी के विद्वान थे, स्वाधीनता संग्राम में इस सदी के प्रारंभ में ही कूद पड़े थे । प्रथम महायुद्ध 1914 -1918 और द्वितीय महायुद्ध 1939 -1945 दोंनो महायुद्ध के काल में कारावास भुगतने वाले संभवत वे ही एकमात्र नेता थे । सह अस्तित्व पर जबरदस्त विश्वास रखने वाले नेताओं में वे प्रमुख थे । उन्ही के कारण देश के विभाजन के बाद लाखों मुस्लिमों की आस्था देश के प्रति गहरी हुई । मदीना के मुफ्ती का यह पौत्र मुस्लिमों को संगठित कर देश के राष्ट्रीय प्रवाह में कायम रखने में सफल रहा । मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष आबिद

अंसारी, अजीम खान मीडिया प्रभारी निसार खान, ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, राजू चौरसिया, गुड्डू सिंह, दिलीप कुमार रवि, सदरूल होदा, विजय कुमार सिंह, धीरज कुमार यादव, अनिल कुमार भुईया, बाबर अंसारी, मो. रब्बानी, सैयद अशरफ अली, मो. मुस्ताक, राजेन्द्र सिंह, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, रविन्द्र प्रताप सिंह, अर्जुन सिंह, परवेज अहमद, मो. माशूक, मनोज मोदी, सुरेन्द्र कुमार सिंह, काशिफ रजा, दाउद अंसारी, शिव कुमारी सोनी के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

बनासो पंचायत के विभिन्न स्कूलो में शैक्षणिक किट का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ : विष्णुगढ प्रखंड अंतर्गत बनासो उत्क्रमित मध्य विद्यालय नावाटाड में मंगलवार को सत्र 2021- 2022- 2022-23 में अध्ययनरत विद्यालय के सभी कक्षा एक से लेकर आठवीं कक्षा तक के 272 छात्र-छात्राओं को राज्य सरकार विद्यालय की योजना के तहत सामग्री शैक्षणिक किट एवं राजकीय मध्य विद्यालय बनासो में सत्र 2021- 2022- 2022-23 में कक्षा एक से लेकर आठवीं कक्षा तक 438 बच्चों के बीच कॉपी का वितरण किया गया। वितरण के मौके पर बनासो मुखिया चंद्रशेखर पटेल ने कहा कि बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें और साफ-सफाई एवं समय पर स्कूल आए। वहीं बनासो पंचायत के

पंचायत समिति सदस्य राधा रानी ने कहा कि पढ़ाई से अच्छे ज्ञान एवं संस्कारों की प्राप्ति होती है, जो एक अनमोल धन है। जिससे लोगों को जीने की राह आसान हो जाती है। बच्चे विद्यालय ससमय पहुंचकर पढ़ाई करें और अपने माता-पिता एवं देश का नाम ऊंचा करें। इस मौके पर मुख्य रूप से बनासो पंचायत मुखिया चंद्रशेखर पटेल, पंचायत समिति सदस्य राधा रानी, कुसुंभा मुखिया चंद्रशेखर पटेल, गौरव पटेल, शिक्षक गंगाधर महतो, प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजेश यादव, विद्यालय प्रभारी शैलेंद्र कुमार चौहान,पुहुदलाल महतो,उमेश कुमार मंडल, परमेश्वर राम, भागीरथ महतो, सुमित्र पासवान, नसीम खान, टिपल मिस्त्री, अनंत लाल पांडेय, अजय कुमार पासवान, तीर्थ कुमार पांडेय, प्रखंड साधन सेवी विजय कुमार पांडेय, विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य रानी देवी, बबीता देवी, बीबी कौशर समेत अन्य लोग भी मौजूद थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

अमेजन द प्लस शॉप के लॉन्च के साथ दे रहा है सभी को फैशनेबल बनने का मौका

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): अमेजन फैशन ने द प्लस शॉप के लॉन्च की घोषणा की है। इस विशेषरूप से तैयार किए गए स्टोर में भारत के टॉप ब्रांडों के प्लस-साइज़ परिधानों को पेश किया गया है। सभी साइज के लोगों को फैशनेबल परिधान की पेशकश करते हुए, द प्लस शॉप ग्राहकों को बेहद आसानी से अपना मनचाहा लुक पाने में मदद करता है। इससे ग्राहक मोटापे के बावजूद खुद को आत्मविश्वास के साथ पेश कर सकते हैं। यह स्टोर 22 फरवरी 2023 से शुरू हो रहा है। यहां ग्राहकों को 2रु से लेकर 8ङ्गरु साइज में दिन से लेकर रात तक, हर जरूरत के लिए ट्रेंडी कपड़े खरीदने का मौका मिलेगा। द प्लस शॉप में 450 ब्रांडों के 6 लाख से अधिक उत्पादों को पेश किया गया है। ये सभी खूबियां इसे भारत में सभी प्लस-साइज ग्राहकों का सबसे पसंदीदा गंतव्य बनाती हैं। नया स्टोर ग्राहकों को सभी साइज के आरामदायक कपड़ों की खरीदारी करने, सबसे लोकप्रिय ट्रेंड पर विशेषज्ञों से राय लेने और उनके सबसे पसंदीदा ब्रांडों पर टॉप डील्स हासिल करने में मदद करता है।

हुलाडेक रिसाक्लिंग ने रांची से 1500 किलोग्राम ई-कचरा एकत्र किया

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): पूर्वी भारत की सबसे तेजी से बढ़ती ई-कचरा प्रबंधन कंपनी हुलाडेक रिसाइक्लिंग प्राइवेट लिमिटेड ने पिछले वर्ष यानी 2022 के दौरान रांची के 200 से अधिक घरों से 1500 किलोग्राम से अधिक ई-कचरा एकत्र किया है। कंपनी का चालू वर्ष में 2500 किलोग्राम से अधिक ई-कचरा एकत्र करने का लक्ष्य है। कंपनी, जिसका मुख्यालय कोलकाता में है, के पास वर्तमान में देश के 18 राज्यों के 24 शहरों में ई-कचरे का संग्रह नेटवर्क है और भारत के सभी राज्यों में अपने संग्रह बिंदुओं को बढ़ाने की उसकी योजना है। एक विकासशील शहर होने के नाते रांची में पिछले कुछ वर्षों में व्हाइट गुड्स की खपत और उसके बाद उसकी वेस्टेज काफी देखी गयी है। हुलाडेक ने रांची में कई स्थानों पर सामुदायिक संग्रह बिंदु स्थापित किए हैं। इसके पीछे लक्ष्य यह है कि कचरे के पुनर्चक्रण और निपटान को आसान बनाने के लिए नागरिकों के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जाए। वर्तमान में, कंपनी के रांची में स्कूलों और कॉलेजों में 2 ड्रॉप-ऑफ पॉइंट हैं।÷इलेक्ट्रॉनिक कचरा अब हमारे देश और दुनिया भर में कई जगहों पर एक ज्ञात और चर्चित विषय बन गया है। इन वर्षों में, हमने देखा है कि कैसे जागरूकता पैदा करने का ई-कचरा संग्रह और पुनर्चक्रण पर सीधा प्रभाव पड़ा है। यह महत्वपूर्ण है कि इस कचरे का उचित तरीके से पुनर्चक्रण किया जाए, विशेष रूप से ई-कचरे का। इसलिए, हमने रांची में व्यापक संग्रह अभियान शुरू किया। रांची और उसके आसपास के निवासियों से हमें जो प्रतिक्रिया मिली है, उससे हम अभिभूत हैं। हम अगले साल व्यापक संग्रह ड्राइव करने की योजना बना रहे हैं और शहर में अपने पदचिन्हों को मजबूत करने के लिए रणनीतिक साझेदारी के लिए तैयार हैं,÷ हुलाडेक रीसाइक्लिंग प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नंदन मल् ने कहा।

एनएच 75 पथ पर सड़क दुर्घटना में एक घायल

मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता): मांडर एनएच 75 पथ कंदरी चील टोली के पास मुड़मा निवासी कृष्णा उरांव 38 वर्षीय अपने मोटरसाइकिल से गिर कर घायल हो गए। घटना लगभग सुबह 10ः30 बजे की है , स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें मांडर रेफरल अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

सड़क के किनारे कुँए से मिला एक व्यक्ति का शव

मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता): मांडर से बुढ़मू जाने वाली सड़क के किनारे कुए पर एक व्यक्ति का शव बुधवार की सुबह तैरता हुआ मिला। जिसकी जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद मांडर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। इस दौरान घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ भारी संख्या में जमा हो गई। पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकाला। स्थानीय लोगों ने इसकी पहचान मांडर के ग्राम चटवल निवासी सहदेव उरांव के रूप में किया। पुलिस शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए रांची स्थित रिम्स भेज दिया।

बीडीओ ने आवास योजना का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिल्ली : प्रखंड विकास पदाधिकारी पावन आशीष लकड़ा ने बुधवार को सिल्ली पंचायत का भ्रमण कर पीएम आवास ग्रामीण के अद्यतन स्थिति का आकलन किया । उन्होंने निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण कर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं सुस्त गति से चल रहे पीएम आवास निर्माण पर बीडीओ ने आवास के लाभुकों को चेतावनी दी है कि आवास निर्माण शीघ्र कराएं अन्यथा 12 त्न ब्याज के साथ राशि रिकवरी, प्राथमिकी सहित अन्य कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक स्तर पर प्राथमिकता के आधार पर आवास निर्माण की कार्रवाई की जा रही है बावजूद कुछ लाभुक आवास निर्माण में लापरवाही बरत रहे हैं जिन्हें अंतिम चेतावनी दी जा रही है। कई लाभुकों को थाना लाया गया जहां शपथ पत्र भरवा कर इस शर्तो पर छोड़ा गया कि वे 1 सप्ताह के अंदर सीट लगाकर आवास पूर्ण कर देंगे।

बुलबुल स्काउट गाइड शिविर का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

मांडर : मांडर प्रखंड स्थित संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय मांडर में भारत स्काउट गाइड और बुलबुल चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक उपस्थित होकर राज्य के स्काउट गाइड आयुक्त बंधु तिर्की के संदेशों को बताते हुए कहा कि स्काउट गाइड का मुख्य उद्देश्य बच्चे एवं युवाओं के नैतिक शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक विकास करना है, इसलिए इस संस्थान का जो नीति है उस पर हमें अनुपालन करते हुए समर्पित वफादार सबका भाई बहन एवं मित्र इतना तक की पशु पक्षियों तक का मित्र साहसिक प्राकृतिक का रखरखाव करके हम देश एवं राज्य के साथ-साथ समाज को भी एक आईना दे सकते हैं। इसी कारणवश स्काउट गाइड पूरे विश्व में इसका एक अलग पहचान है। आज इसके संस्थापक माउंटबेटन पावेल के अनुसरण कर हमें आगे बढ़ना है हमें जरूरी है कि प्रखंड के सभी स्कूलों में स्काउट गाइड का शुरुआत करना है इस अवसर पर संत तेरेसा मध्य विद्यालय मांडर संत मरिया मध्य विद्यालय कांके संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय मांडर के बच्चे बच्चियां एवं शिक्षक उपस्थित थे। मौके पर कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी सिसटर मेरी तिर्की सहीत कई लोग उपस्थित थे।

एलपीजी गैस सुरक्षा को लेकर कार्यशाला का आयोजन

बेडो(प्रभात मंत्र संवाददाता): राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोइयो में बुधवार को फूलवंती इंडेन लोइयो के द्वारा एलपीजी सेफ्टी क्लिनिक का आयोजन किया गया। मौके पर इंडियन ऑयल के सेफ्टी अधिकारी आदित्य तिग्गा ने एलपीजी गैस सुरक्षा से संबंधित जानकारी विद्यालय की छात्र -छात्राओं को दी गई। उन्होंने बताया कि रसोई गैस की उपयोग करने के दौरान अगर घर में गैस की गंध आ ए तो सबसे पहले रेगुलेटर को बंद कर दे और गैस सिलेंडर को तुरंत घर से बाहर खुली जगह में रख दे। तत्पश्चात अपने गैस एजेंसी को दूरभाष के माध्यम से तुरंत सूचित करे। उन्होंने बताया कि गैस जलाने के दौरान हमेशा सिलेंडर से चूल्हा को कम से कम 8 इंच से ऊपर में रखकर जलाये। अगर कभी आपके सिलेंडर में आग लग जाए तो घबराए नहीं, घर में रखे कोई भी मोटा कपड़ा कंबल,चादर को भिगोकर सिलेंडर में लपेट दे लपेटकर ढक दे आग बुझ जायेगी। मौके पर विद्यालय के शिक्षक फूलवंती, एजेंसी के संचालक वीरेंद्र मिश्रा, आपूर्ति कर्मी सुका मिंज सहित इंडेन गैस के स्टाफ उपस्थित थे।

बेड़ो के गायत्री नगर में भव्य हनुमान मंदिर का निर्माण किया जाएगा

बेडो(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड मुख्यालय स्थित गायत्री नगर में हनुमान मंदिर के निर्माण हेतु विधिवत पूजन किया गया। इस पूजन में अशोक पंडा एवं कुदारखो के जीता पंडित के द्वारा विधिवत पूजन किया गया। वही मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष सीताराम महतो ने कहा कि इस स्थल पर भव्य हनुमान मंदिर का निर्माण किया जाएगा। कोषाध्यक्ष अफीन्दर महतो ने बताया मंदिर निर्माण में लगभग 14 से 15 लाख रुपया खर्च किया जाएगा। वही सचिव कृष्णा प्रसाद साहू ने कहा कि 1 वर्ष के अंदर मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य है। पूजन में डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता , कृष्णा प्रसाद साहू, सुजीत साहू, राजेश प्रसाद, सीताराम महतो, संतोष महतो, रविंद्र वर्मा ,राजू श्रीवास्तव ,अफिनदर महतो, द्वारिका सिंह, बिहारी सिंह, सुखदेव बाबा जी एवं गायत्री नगर के समस्त बजरंगबली भक्तजन शामिल हुए।

सादगी के साथ मनाया गया प्रखंड स्थापना दिवस

इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता): बुधवार को प्रखंड का 15 वां स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर प्रखंड सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित कर केक काटे गये. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी वक्ताओं ने प्रखंड से संबंधित सभी विभागों को यथाशीघ्र पदस्थापित किये जाने की मांग सरकार से की गयी.इस संबंध में मुख्यमंत्री के नाम राज्य स्तरीय पेंशनर समाज के द्वारा बीडीओ को एक ज्ञापन सौंपा गया .प्रखंड परिवार द्वारा सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख किरण उरांव, जिप सदस्य रीना देवी, बीडीओ गौतम प्रसाद साहू, सीओ रश्मि लकड़ा, उप प्रमुख परवेज राजा, हाजी मुश्ताक विनोद कुमार सिन्हा, सीडीपीओ नायाब जेबा, मुखिया निर्मला भेंगरा,राजेन किस्पोट्टा आदि थे ।

जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू
पलामू समाहरणालय परिसर (सी) ब्लॉक, मेदिनीनगर- 822101
ई–मेलः–palamau.mdm@gmail .com

–ः प्रेस विज्ञप्ति ः–

श्रीमती अंजली ठाकुर, शिक्षिका, रा0 प्राथमिक विद्यालय, महुलिया, चैनपुर–2 दिनांक–01.10.2020 से 10.10.2020 तक अवकाश में जाने की सूचना देकर दिनांक–01.10.2020 से लगभग दो वर्षों से अधिक दिनों से वर्तमान तक लगातार विद्यालय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित हैं। श्रीमती ठाकुर द्वारा इस प्रकार आवेदन देकर दिनांक–01.10.2020 से अनाधिकृत रूप से लगभग दो वर्षों से अधिक दिनों से विद्यालय से अनुपस्थित रहना सरकारी सेवा आचार नियमावली के प्रतिकूल एवं विभागीय आदेश का उल्लंघन है। श्रीमती अंजली ठाकुर को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि एक सप्ताह के अन्दर विद्यालय में योगदान करना सुनिश्चित किया जाय। ज्ञातव्य हो कि अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्रांक–509 दिनांक–24.03.2022, ज्ञापांक–1637 दिनांक–06.12.2022 एवं ज्ञापांक–307 दिनांक–17.02.2023 के द्वारा श्रीमती अंजली ठाकुर को अपने विद्यालय में योगदान करने के लिए आदेश दिया गया है परन्तु इनके द्वारा आदेश का अनुपालन नहीं किया गया है। श्रीमती अंजली ठाकुर को ससमय विद्यालय में योगदान नहीं करने की स्थिति में यह समझा जाएगा कि इनको अपने संबंध में कुछ नहीं कहना है तथा इन्हें शिक्षक के रूप में नौकरी करने का इरादा नहीं है। तदनुसार विभागीय कार्रवाई करने के लिए विभाग स्वतंत्र होगा।

जिला शिक्षा अधीक्षक
पलामू

PR290963 (District)22-23*D

अभिहित अधिकारी–सह–अनुमंडल पदाधिकारी का कार्यालय, सिमडेगा

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक–158(F) दिनांक–29.12.2022 के आलोक में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत किसी भी प्रकार का खाद्य व्यवसाय यथा–उत्पाद, भण्डार, वितरण, प्रसंस्करण, लेवलिंग पैकेजिंग, परिवहन, आयात–निर्यात इत्यादि हेतु फुड लाईसेंस /रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। इस निमित विभिन्न माध्यमों से पूर्व में भी सभी खाद्य कारोबारियों को आम सूचना तथा समाचार पत्रों के माध्यम से समय–समय पर सूचित किया जाता रहा है।

खाद्य कारोबारियों की सुविधा के लिए दिनांक–24.02.2022 (शुक्रवार) को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक अनुमण्डल कार्यालय,सिमडेगा में दो दिवसीय फूड लाईसेंस /रजिस्ट्रेशन हेतु एक विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प में निम्न कागजात लाना अनिवार्य है।

फूड रजिस्ट्रेशन (जिसका सालाना टर्नओवर 12 लाख तक) हेतु आवश्यक दस्तावेजों की सूची :–

(1) आवेदक का पहचान पत्र (आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस आदि)
(2) पासपोर्ट साईज कलर फोटो 1 अदद।
(3) व्यवसाय स्थल का पता का प्रमाण पत्र (बिजली बिल / Notarize Sale Deed, रेंट एग्रीमेंट आदि)
(4) फीस–100(एक सौ) रूपये प्रतिवर्ष।

फूड लाईसेंस (जिसका सालाना टर्नओवर 12 लाख से अधिक) हेतु आवश्यक दस्तावेजों की सूची :–

(1) आवेदक का पहचान पत्र (आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस आदि)
(2) व्यवसाय स्थल का पता का प्रमाण पत्र (बिजली बिल / Sale Deed, रेंट एग्रीमेंट आदि)
(3) GST पेपर।
(4) पेयजल गुणवत्ता प्रमाण पत्र (NABL द्वारा प्रमाणित) होटल, रेस्टोरेंट, कैन्टीन इत्यादि से संबंधित जिसमें पीने योग्य जल का उपयोग होता है।
(5) Medical फिटनेस प्रमाण पत्र।
(6) प्रोप्राईटर / डारेक्टर्स की सम्पूर्ण विवरणी(पता / मो0नं0 / ईमेल आई0डी0 आदि)
(7) मैनुफेक्चरिंग हेतु–(i) युनिट का फोटो प्रोसेसिंग एरिया सहित (ii) मशीनों की सूची (iii) ले–आउट / ब्लूप्रिंट (iv) रिकॉल प्लान (v) पेयजल गुणवत्ता जाँच प्रतिवेदन (NABL द्वारा प्रमाणित)
(8) फूड लाईसेंसिंग के लिए फीस–खाद्य प्रतिश्ठान के अनुसार 2000 से 7500 प्रतिवर्ष।

(अभिहित अधिकारी–सह–अनुमण्डल पदाधिकारी,सिमडेगा द्वारा बताया गया कि खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी,सिमडेगा द्वारा लगातार खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। फूड लाईसेंस / रजिस्ट्रेशन के बिना खाद्य कारोबार करते हुए पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम,2006 के तहत् सुसंगत धाराओं के अधीन कानूनी कार्रवाई की जा सकती है और इसके लिये आप स्वंय जिम्मेवार होंगे)

नोट :– अधिक जानकारी हेतु अनुमण्डल कार्यालय,सिमडेगा (खाद्य सुरक्षा शाखा) से जानकारी प्राप्त कर सकते है।

PR.NO.290982 District(22-23):D

अभिहित अधिकारी–सह–अनुमण्डल पदाधिकारी, सिमडेगा।

कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

पत्रांक–...../ दिनांक–.....

शुद्धि–पत्र

PR.no.-289251

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में पलामू जिले के मेदिनीनगर नगर निगम शहरी क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Health and wellness Centre के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 06.03.2023 को मेदिनीनगर नगर निगम को पूर्वाह्न 11:30 AM बजे को Walk in interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

क्र०सं०	विवरणी	आवश्यक शर्ते
01.	पदनाम	General Duty Medical Officer
02.	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता	मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्तकिसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री
03.	उम्र सीमा	अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।)
04.	मानदेय	रू० 63000 / – (तिरसठ हजार रूपए मात्र)
05.	कुल रिक्तियां	02 (दो पद)
06.	चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।	
07	मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी।	
08	Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।	
09	कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 8 घण्टा), समय 9:00AM To 5:00 PM	

दिनांक 06.03.2023 को मेदिनीनगर नगर निगम को पूर्वाह्न 11:30 AM बजे Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

ह०/–
नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम।

PR 290894 District(22-23)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
rdsdgumla123@gmail.com

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 452 दिनांक 21.02.2023 द्वारा ई0–टेंडरिंग अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/GUMLA/36/2022-23Re जिसका पी०आर०(PR)सं०–290863 Rural Development (2022-23)*D है, में अपरिहार्य कारणों से संशोधन किया जाता है। वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि **01.03.2023** के जगह पर ई–निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि 01.03.2023 पढ़ा जाय। शेष नियम यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
गुमला।

PR 290940 (Rural Development) 22-23 (D)

प्राचार्य का कार्यालय
राजकीय पोलिटेकनिक, रॉची।

पत्रांकः– रॉची / दिनांकः– / /2023

पुस्तक आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा–आमंत्रण सूचना (चतुर्थ कॉल)

PR No-288576(Higher Education, Technical Education and Skill Development Department) 22-23 (D)

राजकीय पोलिटेकनिक, रॉची के पुस्तकालय में असैनिक अभियंत्रण, विद्युत अभियंत्रण, यांत्रिक अभियंत्रण, इलेक्ट्रोनिक्स – कम्यूनिकेशन एवं कम्प्यूटर अभियंत्रण के डिप्लोमा पाठ्यक्रम के अनुसार अभियंत्रण एवं गैर अभियंत्रण पुस्तकों का क्रय वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए प्राप्त आवंटन से, किया जाना है। संस्थानीय पुस्तकालय में छात्रोपयोगी पुस्तकों के क्रय हेतु सुप्रतिष्ठित पुस्तक विक्रेताओं से दिनांक 02.03.2023 (गुरूवार) के संध्या 5:00 बजे तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

परिमाण–विपत्र संस्थान के कार्यालय अवधि में 500=00 रू का बैंक ड्राफ्ट जो प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक, रॉची के पदनाम से रॉची में भुगतेय हो जमाकर कार्यालय से दिनांक 01.03.23(बुधवार) तक प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा समर्पित करनेवाले आपूर्तिकर्त्ताको दिनांक 03.03.23 (शुक्रवार) के पूर्वाहन 11:30 बजे संस्थान परिसर में आहुत पुस्तक क्रय–समिति की बैठक में उपस्थित होना अपेक्षित है। निविदा के साथ PAN No, Aadhar No, Mob no, email address GST Registration विगत तीन वर्षों का Income Tax return की स्वःअभिप्रमाणित जमा करना अनिवार्य है।

प्राचार्य,
राजकीय पोलिटेकनिक, रॉची।

PR 290917 (Higher Education,Technical Education and Skill Development Department) 22-23 (D)

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– **RDD/SD/HZB/37/2022-23**

ग्रुप सं0	आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या	प्रखण्ड	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रू0)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	RDD/SD/HZB/ 37/01/2022-23	बरही	केवाल स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण।	5550000.00	111000.00	10000.00	06माह
2.	RDD/SD/HZB/ 37/02/2022-23	बरही	कुण्डवा स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण।	5550000.00	111000.00	10000.00	06माह
3.	RDD/SD/HZB/ 37/03/2022-23	बड़कागांव	गोंदलपुरा स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण।	5550000.00	111000.00	10000.00	06माह
4.	RDD/SD/HZB/ 37/04/2022-23	बड़कागांव	जरजरा स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण।	5550000.00	111000.00	10000.00	06माह
5.	RDD/SD/HZB/ 37/05/2022-23	विष्णुगढ़ / टाटीझरिया	भराजो स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण।	5550000.00	111000.00	10000.00	06माह
6.	RDD/SD/HZB/ 37/06/2022-23	चुरचू	चरही स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण।	5550000.00	111000.00	10000.00	06माह
7.	RDD/SD/HZB/ 37/07/2022-23	ईचाक	बोंगा स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण।	5550000.00	111000.00	10000.00	06माह
8.	RDD/SD/HZB/ 37/08/2022-23	ईचाक	डाढा स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण।	5550000.00	111000.00	10000.00	06माह
9.	RDD/SD/HZB/ 37/09/2022-23	कटकमसांडी / कटकमदाग	खपरियावां स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण।	5550000.00	111000.00	10000.00	06माह
10.	RDD/SD/HZB/ 37/10/2022-23	कटकमसांडी / कटकमदाग	लेम स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण।	5550000.00	111000.00	10000.00	06माह
11.	RDD/SD/HZB/ 37/11/2022-23	कटकमसांडी / कटकमदाग	पुण्डरी स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण।	5550000.00	111000.00	10000.00	06माह
12.	RDD/SD/HZB/ 37/12/2022-23	हजारीबाग सदर	डुमर स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण।	5550000.00	111000.00	10000.00	06माह
13.	RDD/SD/HZB/ 37/13/2022-23	हजारीबाग सदर	जगदीशपुर स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण।	5550000.00	111000.00	10000.00	06माह
14.	RDD/SD/HZB/ 37/14/2022-23	हजारीबाग सदर	मंडइं स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण।	5550000.00	111000.00	10000.00	06माह
15.	RDD/SD/HZB/ 37/15/2022-23	विष्णुगढ़	बरई स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण।	5550000.00	111000.00	10000.00	06माह
16.	RDD/SD/HZB/ 37/16/2022-23	चौपारण	अंबाजीत स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण।	5550000.00	111000.00	10000.00	06माह
17.	RDD/SD/HZB/ 37/17/2022-23	केरेडारी	कण्डाबेर स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण।	5550000.00	111000.00	10000.00	06माह
18.	RDD/SD/HZB/ 37/18/2022-23	ईचाक	देवरिया स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण।	5550000.00	111000.00	10000.00	06माह
19.	RDD/SD/HZB/ 37/19/2022-23	हजारीबाग सदर	दारु स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण।	5550000.00	111000.00	10000.00	06माह

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 24.02.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 24.02.2023 से 03.03.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग के कार्यालय कक्ष में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय– 04.03.2023 अपराह्न 3.00 बजे तक ।
4. तकनीकी निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय– ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, राँची, 06.03.2023 अपराह्न 02.00 बजे ।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–8986648686
7. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 290904 (Rural Development) 22-23 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर– RDD/SD/KHUNTI/45/2022-23

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

ग्रप सं0	प्रखण्ड	कार्य का नाम	प्राक्कलित राषि	अग्रधन की राषि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	कर्रा	डुफु में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य।	55,50,000 / –	1,11,000 / –	10000 / –	06 माह
2	कर्रा	कुरसे में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य।	55,50,000 / –	1,11,000 / –	10000 / –	06 माह
3	कर्रा	सरदुला में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य।	55,50,000 / –	1,11,000 / –	10000 / –	06 माह
4	कर्रा	लरता में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य।	55,50,000 / –	1,11,000 / –	10000 / –	06 माह
5	कर्रा	गुमरू में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य।	55,50,000 / –	1,11,000 / –	10000 / –	06 माह
6	कर्रा	चापी में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य।	55,50,000 / –	1,11,000 / –	10000 / –	06 माह
7	तोरपा	तिरला में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य।	55,50,000 / –	1,11,000 / –	10000 / –	06 माह
8	तोरपा	रोन्हें में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य।	55,50,000 / –	1,11,000 / –	10000 / –	06 माह
9	तोरपा	पातपुर में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य।	55,50,000 / –	1,11,000 / –	10000 / –	06 माह
10	तोरपा	डेरेंग में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य।	55,50,000 / –	1,11,000 / –	10000 / –	06 माह
11	तोरपा	अम्मा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य।	55,50,000 / –	1,11,000 / –	10000 / –	06 माह
12	अड़की	बीरबांकी में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य।	55,50,000 / –	1,11,000 / –	10000 / –	06 माह
13	अड़की	बोहन्डा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य।	55,50,000 / –	1,11,000 / –	10000 / –	06 माह
14	अड़की	मारंगबुरू में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य।	55,50,000 / –	1,11,000 / –	10000 / –	06 माह
15	अड़की	कोचांग में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य।	55,50,000 / –	1,11,000 / –	10000 / –	06 माह
16	अड़की	परसु में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य।	55,50,000 / –	1,11,000 / –	10000 / –	06 माह
17	अड़की	उलिहातु में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य।	55,50,000 / –	1,11,000 / –	10000 / –	06 माह
18	मुरहू	बभनी में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य।	55,50,000 / –	1,11,000 / –	10000 / –	06 माह
19	मुरहू	कोयंगसार में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य।	55,50,000 / –	1,11,000 / –	10000 / –	06 माह
20	मुरहू	बुढ़िमा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य।	55,50,000 / –	1,11,000 / –	10000 / –	06 माह
21	खूँटी	रेवा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य।	55,50,000 / –	1,11,000 / –	10000 /

गगन भेदी जयकारे के साथ निकली श्री श्याम निशान शोभा यात्रा

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : "हारे का सहारा श्री श्याम है हमारा" गगन भेदी जयकारा के साथ श्याम निशान शोभा यात्रा निकाली गई। श्री श्याम सेवा समिति सिंदरी द्वारा गौशाला के दुर्गा मंदिर के प्रांगण से दशम श्री श्याम निशान शोभा पद यात्रा निकाली गई, जिसमे मुख्य आकर्षण श्याम बाबा का मनमोहक दरबार जिसकी सजावट श्री श्याम समिति के सदस्यों द्वारा की गई थी। मनमोहक भजनों पर हाथो में रंगीले श्याम निशान लिए नाचते थिरकते भक्तजन झरियाधाम श्याम मंदिर पहुंच बाबा के चरणों में निशान अर्पित किए। सभी धार्मिक अनुष्ठान पुजारी रामचंद्र जी ने पूरे कराए। अनेकों जगहों पर सामाजिक कार्यकर्ताओ द्वारा श्याम भक्तों का भव्य स्वागत एवं जल पान प्रसाद की समुचित व्यवस्था की गई थी। प्रशासन भी पूरे रास्ते श्याम भक्तों की सेवा के लिए तत्पर था। पहला निशान प्रकाश अग्रवाल पत्नी सीमा अग्रवाल ने उठाया। आयोजन को सफल बनाने में श्री श्याम सेवा समिति के रामनिवास, सुभाष, राजेश, अशोक, राहुल, मुकेश, प्रदीप, रमेर्श, राजेश, मनोजआदि की सराहनीय भूमिका रही।

मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन

मैंथन(प्रभात मंत्र संवाददाता) : डीवीसी मैंथन के नैगम सामाजिक दायित्व के तहत बी पी नियोगी अस्पताल में नेत्र जांच शिविर का आयोजन निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता के द्वारा दीप प्रज्वलित कर के किया गया। शिविर में 45 लोगों के नेत्र की जांच हुई। डीवीसी मैथन एसआईपी के प्रबंधक कौशलेंद्र कुमार ने बताया कि सभी मरीजों का पश्चिम बंगाल स्थित नेताजी आई हास्पिटल रामचंद्रपुर में निःशुल्क मोतियाबिंद का ईलाज किया जाएगा। मौके पर डीवीसी के सभी मुख्य पदाधिकारी मौजूद थे। निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित थी। उन्होंने कहा कि मैथन क्षेत्र में डीवीसी एसआईपी की नेक पहल है। हमेशा नैगम सामाजिक एकीकरण मैथन व आसपास के क्षेत्रों के सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेता है। ऐसे कार्यक्रम से मैथन व आसपास के लोगों को काफी लाभ मिलता है।

दामोदरपुर में लगी आग, लाखों का नुकसान

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : धनबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत दामोदरपुर पोस्ट ऑफिस के सामने आज सुबह लगभग 10:30 बजे गोपाल साव के खपरैल आवास पर आग लग गई। आग लगते ही स्थानीय लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास किया। बाद में दमकल गाड़ी ने घटनास्थल पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। मकान मालिक गोपाल साव ने बताया शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी जिससे दो साइकिल, एक स्कूटी और एक साउंडबॉक्स जल कर खाक हो गई और खपरैल आवास भी आग के चपेट में आई जिससे लगभग एक लाख का नुकसान हुआ।

नौ दिवसीय हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र के सिमराढाब पंचायत अंतर्गत ग्राम जुरपा में नौ दिवसीय हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई. इस बीच यज्ञ समिति के अध्यक्ष महादेव दास ने बताया कि जुरपा, गोंगरा, बनपुरा, पत्थलडीहा, चिकनीबाद, नवादा आदि गांवों से 401 कलश यात्रियों ने भाग लिया. कलश यात्रा सुबह 9 बजे ढोल करताल के मंगल ध्वनि के साथ भव्य तरीके से निकाली गई. जुरपा, गोंगरा, प्रखण्ड मुख्यालय, बिराजपुर, जितकुंडी, माखमरगो, मंझिलाडीह होते हुए 8 किलोमीटर पद यात्रा करते करीं उत्तरवाहिनी नदी पहुँचे तत्पश्चात अयोध्या से आये विद्वानों द्वारा मंत्रोचारण कर सभी कलश को जल से भरा गया।

रिपेयरिंग के दौरान ट्रांसफार्मर ब्लास्ट से लगी आग, 2 लोग घायल

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : शहर के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत भिस्तीपाड़ा के श्री श्याम कुंज अपार्टमेंट में ट्रांसफार्मर में बुधवार की दोपहर लगी आग की चपेट में आने से 2 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। बताया जाता है कि सदर थाना क्षेत्र के भिस्तीपाड़ा में श्री श्याम कुंज अपार्टमेंट के ट्रांसफार्मर में तेल रिसने की समस्या थी। जिसकी मरम्मत के लिए जानकार तकनीशियन की जरूरत थी। लेकिन अपार्टमेंट के लोगों ने एक सामान्य बिजली मिस्त्री और सिक्योरिटी गार्ड से ट्रांसफार्मर रिपेयर करा रहे थे। इसी क्रम में मामूली सा मरम्मत कार्य कर ट्रांसफार्मर को पावर देकर लोड दे दिया गया। जिसके बाद ट्रांसफार्मर में ब्लास्ट हुई और आग लग गयी। जिसकी चपेट में बिजली मिस्त्री संजय कुमार और सिक्योरिटी गार्ड जवाहर प्रसाद मालाकार आकर झुलस गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल लाया गया। जहां जवाहर प्रसाद मालाकर की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए बोकारो रेफर किया गया। वहीं बिजली विभाग के विशेषज्ञों का कहना है कि ट्रांसफार्मर मरम्मत का कार्य प्रशिक्षित लोग से ही कराना चाहिए। इस प्रकार सामान्य बिजली मिस्त्री को बुलाकर ट्रांसफार्मर की मरम्मत का कार्य कराना जानलेवा साबित हो सकता है।

जिला परिषद् प्रतिनिधि के प्रयास से एक महीने बाद गांव में आया उजाला

जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत के जितोडीह गांव में ट्रांसफार्मर जल जाने की वजह से ग्रामवासी पिछले एक महीने से अंधेरे में रह रहे थे। कई अधिकारियों के पास आवेदन देने के बावजूद भी कोई पहल नहीं किया गया। थक हार कर ग्रामीणों ने इसकी सूचना जिला परिषद प्रतिनिधि विजय वर्मा को दिया। विजय वर्मा ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल 25 केवीए ट्रांसफॉर्मर विभाग से बात करके मात्र एक दिन में दिलाया।

चार दिवसीय हरिनाम संकीर्तन कुंजमिलन के साथ संपन्न

टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : दक्षिणी टुंडी के कटनियां में शिव पार्वती बाबा भैरण हरि मंदिर प्रांगण में चलें आ रहे बांग्ला हरिनाम संकीर्तन आज बुधवार को बड़े ही श्रद्धा पूर्वक संपन्न हो गया। ज्ञात हो कि दक्षिणी टुंडी के कटनियां गांव स्थित शिव पार्वती मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्रि के पावन पर्व की शुभ बेला के दिन से ही चली आ रही बांग्ला हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा था जो कि आज बुधवार को सुसंपन्न हुआ।

श्रम अधीक्षक ने मजदूर को दिलाया 42000 का बकाया भुगतान

भवन व अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण निधि के तहत वसूला 2.39 लाख रुपए लेबर सेस

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : श्रम अधीक्षक सह श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सह उपकर संग्रहण पदाधिकारी, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर श्री हरेंद्र कुमार सिंह ने आज एक मजदूर को उसकी बकाया मजदूरी ?42000 का भुगतान कराया। साथ ही झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण निधि के तहत 2,39,021 की राशि वसूल की। इस संबंध में श्रम अधीक्षक ने बताया कि खुशी एंटरप्राइजेज में कार्यरत जितेंद्र हांसदा ने शिकायत की थी कि उसकी 42000 रुपए की मजदूरी नहीं दी गई है। आज खुशी इंटरप्राइजेज के संतोष कुमार और

जितेंद्र हांसदा को बुलाकर दोनों पक्ष के साथ बैठक की। बैठक के बाद खुशी एंटरप्राइजेज तत्काल बकाया रकम का चेक देने के लिए सहमत हुआ। श्रम अधीक्षक ने 42 हजार रुपए का चेक जितेंद्र हांसदा को सौंप दिया। श्रम अधीक्षक ने बताया कि देवली गोविंदपुर स्थित कार्मेल कान्वेंट (प्रेम निकेतन) ने कान्वेंट भवन का निर्माण 75 लाख 87 हजार 629 रुपए की लागत से किया था। साथ ही कॉन्वेंट गेराज एवं स्टाफ भवन का निर्माण 23 लाख 50 हजार 450 रुपए तथा कार्मेल स्कूल देवली ने स्कूल भवन का निर्माण एक करोड़ 39 लाख 64 हजार रुपए की लागत से किया था। इस संदर्भ में उनसे झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण निधि के तहत कार्मेल स्कूल देवली गोविंदपुर प्रेम निकेतन से 75 हजार 876, कॉन्वेंट गेराज एवं स्टाफ भवन के लिए 23 हजार 505 तथा कार्मेल स्कूल देवली से स्कूल भवन निर्माण के लिए 1 लाख 39 हजार 640 रुपए 1 प्रतिशत लेबर सेस के रूप में वसूला गया।

गिरिडीह जेल के सिपाही पर चलायी गोली दोनों युवक हिरासत में

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : गिरिडीह धनबाद रोड के मोहनपुर सेंट्रल जेल के सिपाही शशिभूषण सिंह को चार गोली मारने के मामले में मुफ्फसिल थाना पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है. देर रात दोनों युवकों को मुफ्फसिल थाना इलाके के तुरुकडीहा गांव से दबोचा गया. पुलिस सूत्रों की मानें तो हिरासत में लिए गए दोनों आरोपी युवकों ने स्वीकारा भी है इन दोनों ने ही जेल के सिपाही शशिभूषण सिंह पर उसके सर्विस पिस्तौल को छीन कर उस पर गोली चलाया है।वही मुफ्फसिल थाना पुलिस हिरासत में लिए गए दोनों आरोपी युवकों से पूछताछ करने में जुटी हुई है. वैसे पुलिस सूत्र यह बता रहे है हिरासत में लिए दोनों युवक कोई पेशेवर अपराधी नहीं है. बल्कि, घटना के वक्त सिपाही शशिभूषण और उसके साथ जिला पुलिस बल के जवान बीच मोहनपुर में ही एक शराब दुकान में तुरुकडिहा के युवकों के साथ शराब खरीदने को लेकर कुछ विवाद हुआ, इस दौरान विवाद इतना बढ़ा की विवाद मारपीट में बदल गया. लेकिन तुरुकडीह के युवकों को यह जानकारी नहीं थी की दोनों पुलिस विभाग के सिपाही है. लिहाजा, तुरुकडिहा के दोनों युवकों ने जेल के सिपाही को देख लेने का धमकी देकर शराब दुकान से तो चले गए. लेकिन कुछ देर बाद अजीडिह पेट्रोल पंप के समीप जेल के सिपाही और उसके साथ के जिला पुलिस बल के जवान से भिड़ गए और इसी दौरान तुरुकडिहा के युवकों में एक युवक ने जेल के सिपाही शशिभूषण का सर्विस पिस्तौल छीनकर उस पर गोली चला दिया।

दिवंगत पत्रकार के हित में नेक प्रयास

5 लाख सहायता राशि परिजनों को देने की मांग

धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता) : सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी तारा देवी के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि कुमार महतो ने आज धनबाद डीसी को एक मांग पत्र देकर बरवाअड्डा के दिवंगत पत्रकार मधुसुधन चौधरी के परिजनों को शीघ्र 5 लाख रुपये तथा पत्रकारों के असामयिक निधन के बाद मिलने वाली सहायता राशि को देने का आग्रह राज्य सरकार से किया। गौरतलब है की 20 वर्षो से हिंदुस्तान अख़बार में पत्रकारिता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार मधुसूदन चौधरी का इलाज के दौरान बीते 15 फरवरी 2023 को असामयिक निधन हो गया था।

धनबाद : भाजपा ओबीसी मोर्चा ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : भाजपा ओबीसी मोर्चा धनबाद महानगर के तत्वाधान में भाजपा ओबीसी मोर्चा रांची ग्रामीण के जिला मंत्री चतुर साहू पर गोली मारने के विरोध में हेमंत सोरेन सरकार का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया गया। राज्य की निरंकुश और बढ़ते अपराध के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शैलेश सिंह चंद्रवंशी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश राही, उमेश यादव, दिलीप सिंह, रिंकू शर्मा, रंजीत यादव, जीराखान, भीम दे, अजीत पोद्दार, राज माली, सत्येन्द्र मंडल आदि अनेक कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

जंगल में लगी आग से नष्ट हुई हरियाली कई बेजुबान जीव-जंतु मरे

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : चंदनकियारी के बड़ाजोर पंचायत अंतर्गत कदुआभीठा और बरवाडीह गांव के बीचों बीचों जंगल पर किसी असमाजिक तत्वों द्वारा आग लगाया गया। आग की लपेटे इतनी तेज थी की तकरीबन डेढ़ किलोमीटर तक घना जंगल देखते ही देखते राख में तब्दील हो गया। जंगल मे लगी आग से पल भर मे खत्म हो गई हरियाली तथा कई बेजुबान जीव जंतु मारे गए। मामला सियलजोरी थाना क्षेत्र की है। आपको बता दें के दोपहर दो बजे के आसपास कदूआभीठा के जंगल से आग की तेज लपेटे देख ग्रामीणों द्वारा सियालजोरी थाना प्रभारी रवि शर्मा व दमकल की गाड़ी को सूचना दिया गया। लेकिन अगलगी के काफी समय बीत जाने के बाद भी दमकल की गाड़ी नही पहुंचने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। हालांकि बाद में मुखिया प्रतिनिधि दिलीप कुमार सोरेन और ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया है। जिससे फिलहाल स्थिति सामान्य बनी हुई है।

आंगनबाड़ी पोषाहार हेराफेरी मामले में बीडीओ के वाहन चालक को किया गया सेवामुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

बिरनी : प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा के सरकारी वाहन चालक जफिरुल हक को जांचोपरांत प्रखंड विकास पदाधिकारी वर्मा ने सेवामुक्त करते हुए प्रखण्ड कार्यालय के सरकारी आवास को 7 दिनों के अंदर खाली करने का आदेश जारी कर दिया. आपको बता दें कि आठ माह पूर्व चालक जफीरुल हक बीडीओ के सरकारी वाहन से रात के अंधेरे में आंगनबाड़ी पोषाहार की हेराफेरी करते हुए पकड़ा गया था. जिस आंगनबाड़ी केंद्र से पोषाहार की हेराफेरी किया जा रहा था उसी आंगनबाड़ी केंद्र में चालक जफरुल हक की पत्नी सहायिका के पद पर कार्यरत है. मामले को लेकर बिरनी बीडीओ सुनील वर्मा ने बिरनी थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराया था परंतु उससे पहले हीं चालक जफिरुल हक रातों-रात फरार हो गया था जिसका आज तक पता नही चल पाया है या ऐसा कहें कि अधिकारियों के मिलीभगत से उसे कहीं भेज दिया गया तभी तो लगभग 8 महीने गुजरने के बाद भी चालक पुलिस के हाथ नही लग पाया है मामला चाहे जो भी हो जांच का विषय है।

सीसीएल क्षेत्र का घर उजाड़ने नही देंगे : राजेश सिन्हा

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : सीसीएल क्षेत्र में गरीबों का घर उजड़ने पर माले के आंदोलन में बढ़ चढ़कर साथ दें,या जिन जिन प्रतिनिधियों को चुनाव में वोट दिए थे उनको घर जा जा कर अवगत करा दें। सीसीएल क्षेत्र में बसे कई घरो में नोटिस लगातार दिया जा रहा था इसको लेकर जेएमएम के वोटर और आम जनता गिरिडीह के जनप्रतिनिधि से मिले,वहां से राहत नहीं मिल पाई है, सीसीएल के पदाधिकारियों को नहीं रोका गया,अब सीसीएल वाले बुलडोजर लाकर उत्तर प्रदेश की तर्ज पर धर ढाहने में लगे है,माले के विधानसभा प्रभारी राजेश

सिन्हा को लगातार फोन के माध्यम से बताया जा रहा है, सिन्हा बिहार में पटना पार्टी के महाअधिवेशन में थे लौटकर आते ही इस मुद्दे पर बात करना शुरू किए,महीने के अंत तक यदि यह सिलसिला नही रुका तो हजारों की संख्या में सीसीएल पीओ ऑफिस का घेराव करेंगे, आंदोलन करेंगे,अनिश्चित कालीन धरना देंगे। माले के तरफ से गिरिडीह उपायुक्त और सीसीएल के पीओ के आलावा ऊपर तक आवेदन दिया जाएगा को आवेदन दिया जाएगा,यदि सीसीएल यह तर्क देता है कि अवैध कब्जा है तो पहले अपने जमीन का कागजात जनता के बीच सार्वजनिक करें,जनता का जमीन जो विस्थापन में गया है उसको खोजकर निकाल के विस्थापित को उचित मुआवजा दे घर पीछे एक नौकरी दे,सिन्हा ने कहा कि जल्द माले के सभी मेंबर सीसीएल क्षेत्र का भ्रमण करेंगे लिस्ट तैयार करेंगे,इस लिस्ट को तैयार करने में माले के अलावा नए नए मेंबर भी लगेंगे,जिनको 36 वार्ड का प्रभार मिला है साथ ही साथ मुफ्फसिल का प्रभार मिला है वह भी इस टीम में सामिल होंगे।

पहले सीसीएल कर्मी का कब्जा का लिस्टिंग हो, साथ ही साथ सभी नोटिस धारी को मुआवजा का प्रावधान भी हो, सिन्हा ने जनता से कहा की जो जो चुप चाप रहेंगे कल उनकी भी बारी आने वाली है,इसलिए गलत का विरोध करे,जल्द एक प्रतिनिधि दल सीसीएल के अधिकारियों से बात करेगा।

पंचायत समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : गोविंदपुर प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख निर्मला देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक आहूत की गई। इस दौरान प्रखंड में चल रहे विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रम की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान प्रमुख निर्मला देवी ने चल रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के कार्य में तेजी लाने और सभी पंचायतों के गांवों में लाभुकों को योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड कर्मी, अंचल कर्मी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के कर्मी एवं विभिन्न विभागों के कर्मी मौजूद रहें।

सार्वजनिक चापाकल का हैंडल खोला लोग पानी के लिए परेशान

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेंगाबाद : बेंगाबाद प्रखंड के हरीला पंचायत अंतर्गत नईटांड के ग्रामीणों ने सार्वजनिक चापानल के हेंडल को खोलकर घर ले जाने को लेकर ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर करवाई की मांग की है। आवेदन के आलोक में बासुदेव राम के घर के पास में एक सरकारी चापानल है इस चापानल से करीब पचास परिवार पानी लेते है। लेकिन बासुदेव राम ने चापानल के हेंडल को खोलकर अपना घर ले गया जिससे इन पचास परिवार के पास पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई। इस तरह सरकारी सम्पति को कब्ज़ा करना गैरकानूनी है साथ ही कई परिवार के लिए समस्या है। इसे देखते हुवे सहदेव राम के अगुवाई में ग्रामीणों की

और से प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदा देकर करवाई की मांग की गई है। उक्त आवेदन में दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर मौजूद है।

एक वर्ष से झमाडा कर्मियों के आश्रित दे रहे धरना, नहीं निकला कोई नतीजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : शहर के झमाडा मुख्यालय के समक्ष झमाडा कर्मियों के आश्रित को धरना देते 1 वर्ष गुजर गए। लेकिन राज्य सरकार तथा प्रशासन ने इनकी मांगों और समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। लोकतंत्र में जनता की आवाज को सदन तक पहुंचाने वाले जनप्रतिनिधि भी इनकी मांगों का समाधान नहीं कर सके। जिसका परिणाम यह हुआ कि आंदोलनकारी पिछले 1 वर्ष से धूप-पानी, ठंड-गर्मी के थपेड़ों को झेलते हुए लुबी सर्कुलर रोड स्थित झमाडा मुख्यालय के समक्ष अपने चूल्हा-चौकी, बर्तन तथा परिवार के साथ आंदोलनरत है। ऐसे में इन्हें न्याय कब मिलेगा? फरियाद कब सुनी जाएगी? यह किसी को नहीं पता। लोकतंत्र में अपनी बातों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने के लिए क्या और कितने सालों तक सड़क पर बैठना होगा, यह भी एक पहेली बन कर रह गई है। ऐसे कई सवाल हैं जो आंदोलनकारी मीडिया के माध्यम से सरकार से अक्सर पूछते रहे हैं। लेकिन इसका जवाब ना तो जिम्मेदार अधिकारी दे रहे हैं और ना ही धनबाद के जनप्रतिनिधि।

मालूम हो कि झमाडाकर्मियों के आश्रित नौकरी की मांग को लेकर 20 फरवरी 2022 से मुख्यालय के सामने तंबू गाड़ कर आंदोलनरत हैं। परंतु इन 1 वर्ष गुजरने के बाद भी इनके मांगों को विभाग और सरकार नहीं सुन रही है। जिससे इनकी जिंदगी की सुबह-दोपहर तथा रात सड़क पर बने इसी तंबू में पिछले 1 साल से कट रही है।

रेल समस्याओं को लेकर चंद्रशेखर आजाद ने की डीआरएम से मुलाकात

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : बुधवार को रेल से संबंधित कई समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्त्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य चंद्रशेखर आजाद डी आर एम आशीष बंसल से मिले और रेल से संबंधित कई समस्याओं पर चर्चा किये। चंद्रशेखर आजाद इसके पहले भी जो भी डीआरएम रहे उनसे मिलकर समस्या को रखते रहे थे। समस्याओं में मुख्य रूप से पूर्णिया हटिया ट्रेन को भाया धनबाद से चलाया जाय। न्यू जलपाईगुड़ी ट्रेन एवं भुवनेश्वर गरीब रथ को पुनः चालू किया जाय। झरिया आरक्षण कार्यालय को नया भवन दिया जाय। गोमो जंक्शन में इंक्लान फुट ब्रिज बनाया जाय। धनबाद प्लेटफार्म में व्हील चेयर की संख्या में बढ़ोतरी की जाय। धनबाद से दिल्ली एवं बंगलुरू के लिए भी ट्रेन चलाई जाए आदि पर वितारपूर्वक चर्चा हुई। बतादें की चंद्रशेखर आजाद जमुई स्टेशन एवं झाझा स्टेशन को लेकर कई मांगों को रखा था। रेलवे की ओर उस पर पहल भी किया गया। वार्ता में सहायक डीआरएम आशीष कुमार भी मौजूद थे।

पूर्व मध्य रेल का 95 प्रतिशत रेलमार्ग विद्युतीकृत कई रेलखंडों में ट्रेनों की अधिकतम गतिसीमा में वृद्धि होने से यात्री हो रहे हैं लाभान्वित

प्रभात मंत्र संवाददाता

हाजीपुर : पूर्व मध्य रेल द्वारा परिचालन क्षमता में विकास हेतु रेलखंडों का पूर्ण विद्युतीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए रेलखंडों का विद्युतीकरण तेजी से किया जा रहा है । इसी का परिणाम है कि पूर्व मध्य रेल द्वारा कुल रेलमार्गों में से 95 प्रतिषत रेलमार्ग विद्युतीकृत कर लिए गए हैं । वर्तमान में पूर्व मध्य रेल का 4125 रूट किलोमीटर में से 3911 रूट किलोमीटर विद्युतीकृत हो चुका है ।

विदित हो कि पूर्व मध्य रेल के 05 में से 02 मंडल - पंडित दीन दयाल उपाध्याय एवं सोनपुर मंडल शत-प्रतिषत विद्युतीकृत किए जा चुके हैं । धनबाद मंडल में मात्र 10 रूट किमी एवं दानापुर मंडल में केवल 33

रूट किमी का ही विद्युतीकरण किया जाना शेष है जबकि समस्तीपुर मंडल में 169 रूट किमी का विद्युतीकरण शेष है । पूर्व मध्य रेल के पांचों रेलमंडलों में से पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल को भारतीय रेल का पहला शत-प्रतिषत विद्युतीकृत रेलमंडल होने का गौरव प्राप्त है । विद्युतीकरण से कई फायदे हुए एक ओर जहां ट्रेनों एवं मालगाड़ियों की गति में वृद्धि की जा सकी वहीं विद्युत इंजन से ट्रेनों के परिचालन से समय पालन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है । ग्लोबल वार्मिंग को कम करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने में भी काफी सहायता मिल रही है । गैर परंपरागत ऊर्जा को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहन देने से न केवल ऊर्जा सुरक्षा सुनिष्चित हो रही है बल्कि जलवायु की भी रक्षा हो रही है ।

सोसायटी ने गाराडीह स्कुल में शिक्षक की कमी को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो-लोहरदगा : कैरो प्रखंड स्वयंसेवी संस्था मौलाना आजाद वेलफेयर सोसाइटी के आजीवन संरक्षक समीद अंसारी, सदर महताब आलम, व अनवर अंसारी ने 22 फरवरी बुधवार को जिले के उपायुक्त बाघमारे प्रसाद कृष्ण से मिलकर प्रखण्ड के राजकीय उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय गराड़ीह में उर्दू शिक्षक समेत अन्य विषयों की शिक्षकों की कमी से अवगत कराते हुए विद्यालय मे शिक्षक का किया माँग विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा लिखीत व मुखीया सुमन उराँव, प्रबंधन समिति अध्यक्ष डहरु उराँव व अन्य सदस्यों द्वारा किये गए हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौंपते हुए विद्यालय में शिक्षकों की कमी को दूर करने की गुहार सोसायटी ने लगाई है। मौके पर समीद अंसारी ने कहा कि विद्यालय में पहली से दसवीं कक्षा तक संचालित होती है जहाँ पर कुल 449 बच्चे नामांकित हैं और एक सरकारी व चार पारा शिक्षक हैं माध्यमिक स्तर का एक भी शिक्षक नही हैं कहने को तो यह उर्दू उच्च विद्यालय है परन्तु आज एक भी उर्दू शिक्षक नही है जिससे शिक्षण कार्य मे भारी परेशानी होती है।उपायुक्त इसे गंभीरता से लेते हुए जल्द ही कोई न कोई हल निकालने की बात कही। मौके पर अनवर अंसारी आदि उपस्थित थे।

हेमन्त राज में झारखंड वासी असुरक्षित : लक्ष्मण बड़ाईक

➲ यह टारगेट किलिंग है, सरकार दोषी : दिपक पूरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : रांची भाजपा ओबीसी मोर्चा के मंत्री चतुर साहू पर जानलेवा हमले के विरोध में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला फूंका गया कार्यकर्ताओं ने झारखंड सरकार हाय हाय हेमंत सोरेन मुर्दाबाद के नारे लगाए। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा की वर्तमान की गठबंधन सरकार में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के राज में झारखंड वासी त्राहिमाम कर रहे हैं चाहे वह भाजपा कार्यकर्ता हो आम जनता हो व्यवसाई हो या महिला या छात्र अपने आप को कोई सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं साडे 3 वर्ष की गठबंधन सरकार में झारखंड में गुंडाराज कायम हो गया है मुख्यमंत्री को अविलंब अपने पद से इस्तीफा देकर झारखंड का भला करना चाहिए। पुतला दहन कार्यक्रम में भाग लेते हुए जिला महामंत्री दीपक पुरी ने कहा की झारखंड सरकार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भाजपा कार्यकर्ताओं की टारगेट कर हत्या कर आ रही है चाहे वह पालकोट के सुमित केसरी हो यह रांची ओबीसी मोर्चा के मंत्री चतुर साहू इनके सहित और भी कार्यकर्ता हैं जो इस सरकार के कार्यकाल में हत्या हो चुकी है मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गैर जिम्मेदाराना बयान देते हैं कि भाजपा कार्यकर्ताओं को चिन्हित करें इससे अपराधियों के हौसले बुलंद होते हैं और परिणाम भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या हो रही है मुख्यमंत्री को यह समझना चाहिए कि आज उनकी सत्ता है कल भाजपा की सत्ता आएगी इसीलिए सत्ता का अहंकार नहीं करना चाहिए मौके ओबीसी मोचा जिला महामंत्री चंदन लाल जिला कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर अनुसूचित जाति महामंत्री राकेश रविकांत प्रधान महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सावित्री देवी पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष फूल सुंदरी देवी पिंकी प्रसाद सुरेंद्र प्रसाद संजय शर्मा उत्तम केरकेट्टा सतनारायण प्रसाद सुदर्शन सिंह रवि वर्मा वीरेंद्र पांडे जोगिंदर राम कृष्णा ठाकुर दीपक साहू नवल चौधरी आदि मौजूद रहे ।

पशुपालन विभाग द्वारा पशु सखियों को दिया गया प्रशिक्षण

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बदला पंचायत ग्राम दो दिवसीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन कर पशु सखीयों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम केंद्र सरकार के पशुधन योजना के तहत पशुपालन विभाग के द्वारा आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान प्रखंड पशुपालन चिकित्सक डाक्टर मनोज कुमार ने पशु में उतपन होने वाली बीमारी एवं बचाव को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी पशु सखीयों को दिया गया साथ ही मवेशियों को एफ एम डी वैक्सीन लगाने के बारे में बताया गया। जानकारी के अनुसार बता दें कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बदला ग्राम में 46 पशुपालक का 131 पशुओं को एफएमडी वैक्सीन लगया गया। और निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने में पशु सखी संचु उराँव,सीता उराँव सविता कुजूर एवं संगीता देवी जो पूर्व से छोटे पशु का देख भाल एवं दवा देने का कार्य कर रही थी। उन्हें पूर्णतः प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण शिविर के दौरान डॉ0 मनोज कुमार, शशि कुमार महतो, शंकर महली, बाबू साहेब सिंह मौजूद थे।

बालिका आवासीय विद्यालय में छात्राओं का नामांकन हेतु शिक्षा समिति का हुआ बैठक

सेन्हा-लोहतदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय में छात्राओं का नामांकन हेतु शिक्षा समिति का समीक्षा बैठक प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सेन्हा प्रखंड अन्तर्गत संचालित कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय सेन्हा में सत्र 2023 के लिए छात्राओं का नामांकन सम्बधी बैठक आयोजित किया गया। वही नामांकन सम्बन्धी जानकारी देते हुए वार्डेन पूनम कुमारी द्वारा बताया गया कि विद्यालय में 75 छात्राओं का नामांकन लेना है। जिसमें नामांकन के लिए 699 छात्रओं द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसमें विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा 75 छात्रओं का नामांकन कोटिवार चयन किया जा चुका है। एससी 2,एसटी 35, ओबीसी 9, अल्पसंख्य 9, अन्य 2 तथा बीपीएल 18 छात्रओं का नामांकन के लिए सूची जारी किया गया है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामकरण द्विवेदी ने बताया कि कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय में वैसे छात्राओं का नामांकन लिया जाता जो गरीब असहाय एवं अनाथ हो या किसी कारण से पढ़ाई छूट गया हो और पढ़ने में रुचि रखते हैं। तथा जिन छात्रओं को घर से विद्यालय आने जाने में परेशानी होती है। वैसे छात्रओं का भी नामांकन लिया जाता है। मौके पर जीप सदस्य राधा तिर्की, प्रमुख फूलझरी उराँव, बीस सूत्री अफरोज आलम के अलावे विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष उर्मिला देवी, शिक्षिका प्रेमदानी कुजूर, माला कुमारी मौजूद थे।

नेसार अहमद एवं सलीम अंसारी ने स्व तौफीक मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : फाइव स्टार क्रिकेट क्लब कुज्जी के तत्वावधान में स्वर्गीय तौफीक मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कुज्जी पतरा मैदान में किया गया। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन नेसार अहमद प्रतिनिधि झारखंड प्रदेश कांग्रेस एवं विशिष्ट अतिथि सलीम अंसारी बड़े के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच सुकुमार क्रिकेट क्लब एवं कपिल क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें कपिल क्रिकेट क्लब 5 विकेट से जीत हासिल कर अगले चक्र में अपना स्थान सुरक्षित किया। जबकि आज के इस टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि नेसार अहमद एवं अतिथियों के द्वारा दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर नेसार अहमद ने खिलाड़ियों एवं दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। और क्रिकेट हमारे देश के साथ-साथ झारखंड का भी लोकप्रिय खेल है। नौजवान क्रिकेट के प्रति काफी रुचि रखते हैं और हम लोगों के लिए गर्व की बात है कि झारखंड जैसे राज्य से देश के महान क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी जो हमारे देश का काफी लंबे समय तक कप्तानी भी किया जो हमारे युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत है। क्रिकेट काफी तकनीक के साथ-साथ अनुशासित खेल माना जाता है जिला के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करना काफी सराहनीय है और लोहरदगा जैसे शहर में राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के प्रयास से विश्व स्तरीय क्रिकेट ग्राउंड का भी निर्माण कराया गया है। नौजवान इस अवसर का लाभ जरूर उठाएं और अपने प्रतिभा को उचित मंच के माध्यम से आगे बढ़ाएं। इस मौके पर राकेश रजक, अमित कुजुर, आयोजन समिति के संरक्षक रफीक अंसारी, नंदलाल उरांव, राजेंद्र यादव, खिरसतो टोप्पो, प्रकाश कुजुर, सुखनाथ उरांव, प्रसाद लकड़ा, रुस्तम अंसारी, मुस्तफा खलीफा, एकरामुल अंसारी समेत काफी संख्या में ग्रामीण एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

बोलबा में चौबीस घंटे का अखंड हरि कीर्तन 25 से होगा शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

बोलबा : बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में 25 फरवरी से 24 घंटे का अखंड कीर्तन का शुभारंभ होगा। हरि कीर्तन करने को लेकर गौरी शंकर सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार देर शाम एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में अखंड हरिकीर्तन की विधि व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित वीरेंद्र मंडल ने बताया कि पिछले साल भी इसी माह में 24 घंटे का हरिकीर्तन कार्यक्रम सफलतापूर्वक किया गया था। अखंड हरिकीर्तन समिति के सदस्यों का इस साल भी 25 फरवरी को अखंड हरिकीर्तन करने पर सहमति बनी है। चौबीस घंटे लगातार होने वाले इस अखंड हरि कीर्तन में भाग लेने के लिए प्रखंड के पांचों पंचायतों के कीर्तन मंडलियों को आमंत्रित करने की भी बात कही गई। वहीं बताया कि अखंड हरिकीर्तन करने से पूर्व बच्चियों एवं महिलाओं के द्वारा शंख नदी से पवित्र जल भरकर पैदल यात्रा कर हरी नाम का जाप करते हुए कलश यात्रा निकाली जाएगी तथा मंदिर पहुंचने पर सभी कलश की स्थापना की जाएगी। जिसके बाद पंडित नीलांबर पंडा सहायक पंडित पारसनाथ दास, त्रिलोचन दास एवं अन्य जापी के द्वारा विधिवत् पूजन करते हुए अष्टयाम हरिकीर्तन शुरू किया जाएगा। प्रखंड मुख्यालय के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए कीर्तन मंडलियों के लिए समुचित जलपान एवं ठहरने की भी व्यवस्था की जाएगी। बोलबा कीर्तन मंडली समिति के सदस्यों ने इस हरिकिर्तन को सफल बनाने को लेकर प्रखंड के तमाम धर्म प्रेमियों को समय से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

सड़क दुर्घटना में चार घायल, स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद सदर रेफर

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): सड़क दुर्घटना में महिला सहित चार लोग घायल हो गये। लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर सेन्हा थाना के समीप टेम्पू एवं बाइक में टक्कर हो गया। जिसमें 4 लोग घायल हो गये घायलों में घाघरा निवासी 40 वर्षीय महिला प्रभा किंडो, रांची निवासी 23 वर्षीय आशीष चौधरी, तथा डोका निवासी 42 वर्षीय कार्तिक उराँव और 37 वर्षीय जयमन्ती उराइन गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना पर सेन्हा पुलिस घटना स्थल पहुंच सभी घायलों को इलाज हेतु समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिकी उपचार करने के पश्चात बेहतर एलान हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया। चिकित्सा प्रभारी डॉ0 दिव्या निशि ने बताया कि अंदरूनी चोटें होने के कारण सभी को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही गस्ती दल को घटना स्थल भेजा गया जहाँ से घायलों को अस्पताल भिजवाते हुए क्षतिग्रस्त वाहन को जप्त कर पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई है।

सेन्हा थाना के समीप वाहन जाँच अभियान चलाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : वाहन जाँच अभियान चलाया गया। के दौरान पुलिस द्वारा 3 बाइक को जप्त कर अग्रतर कारवाई हेतु परिवहन विभाग को सूचनार्थ किया गया। सेन्हा थाना के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देशानुसार थाना प्रभारी के निर्देश पर स0आ0नि0 पवन सोरेन द्वारा शास्त्र बल के सहयोग से बुधवार को सघन वाहन जाँच अभियान चलाया गया। वाहन जाँच के दौरान बाइक चालकों का हेलमेट, वाहन सम्बन्धित कागज, डिक्की, थैला का जाँच किया गया। तथा बाइक चालकों को हेलमेट पहन कर वाहन चलाने का निर्देश दिया गया। जाँच के दौरान बिना हेलमेट पहने वाहन चलाने वालों का तथा वाहन का कागजात नही रहने के कारण 3 बाइक को जप्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखा गया। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सेन्हा थाना के समीप सघन वाहन जाँच अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट के बाइक चलाते हुए 3 लोगों का वाहन को जप्त कर नियम संगत कारवाई हेतु परिवहन विभाग को सूचनार्थ किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा सेन्हा थाना क्षेत्र में सघन वाहन जाँच अभियान लगतार चलाया जाएगा और हेलमेट नही पहनने वालों पर सख्त कारवाई जारी रहेगा।

जिला विज्ञान दिवस पर चित्रांकन व क्विज कार्यक्रम का बीआरसी में हूआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो-लोहरदगा : कैरो प्रखंड मुखयालय स्थित प्रखंड बीआरसी भवन में 21 फरवरी मंगलवार को जे0सी0आर0टी0 रांची के निर्देशानुसार डायट चिरी द्वरा डॉक्टर अनुग्रह नरायन+2 उच्च विद्यालय कैरो में प्रखंड स्तरीय जिला विज्ञान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंडस्तरीय उच्च विद्यालय के वर्ग छः के छात्रों के बीच दैनिक जीवन में विज्ञान की संभावनाएं विषय पर चित्रांकण प्रतियोगिता, सामान्य विज्ञान,नवीनतम विज्ञान समाचार, बीमारियों एंव उपचार इत्यादि पर क्विज कार्यक्रम आयोजन किया गया। प्रखंड स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को 28 फरवरी 2023 को डायट चिरी परिसर में पुरस्कृत किया किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में डायट संकायों सदस्य रविशंकर कुमार, महबूब आलम, के अलावा डा0अनुग्रह नारायण +2 उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक गणेश शास्त्री, पारा शिक्षक सयुम अंसारी, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय उर्दू गराडीह शिक्षक अनिता उंराव, विज्ञान शिक्षक का प्रोजेक्ट स्कूल हनहट प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ओमप्रकाश के साथ साथ विद्यालय के प्रतिभागी उपस्थित थे।

विधायक भूषण बाड़ा ने दूसरे दिन भी रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चलाया जनसम्पर्क अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने मंगलवार को भी रामगढ़ विधानसभा के कई क्षेत्र में डोर टू डोर अभियान चलाकर महागठबंधन प्रत्यासी बजरंग महतो के समर्थन में जनता से वोट मांगा। इस दौरान विधायक कई गांव पहुंचे। साथ ही ग्रामीणों से मिलकर पूर्व विधायक ममता देवी द्वारा किये गए कार्यों की जानकारी दी। साथ ही महागठबंधन सरकार द्वारा जनता के हित मे चलाई जा रही अनगिनत योजनाओं की जानकारी देते हुए बजरंग महतो को भारी मतों से वोट देकर विजयी बनाने का आग्रह किया। मौके पर विधायक ने भाजपा सरकार की नाकामी को भी जनता के समक्ष रखते हुए ऐसे पार्टी से सचेत रहने की अपील की। मौके पर कई कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

चैती दुर्गा पूजा को लेकर हुई बैठक, 26 को होगा नई समिति का गठन

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): संकट मोचन सेवा समिति बाबा मठ के द्वारा श्री चैती दुर्गा पूजा धूम धाम से बनाने को लेकर श्री चैती दुर्गा पूजा स्थल मे अध्यक्ष संतोष लकड़ा की अध्यछता मे बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे समिति के सभी सदस्य त्रिलोक साहू, राजू वर्मा, संतोष साहू, पप्पू विश्वकर्मा, गुंजा वर्मा, उमेश सिंह, सतीश तिवारी,मनोज गुप्ता, विनय साहू, रंजीत वर्मा, भानु प्रसाद, नरेश रजक, आनंद वर्मा, पंकज विश्वकर्मा, हरिओम साहू, संजय महतो, विकेश रजक आदि उपस्थित हुए और पुरानी समिति को भंग कर नई समिति बनाने का निर्णय अगली बैठक दिनांक 26/02/23 दिन रविवार संध्या 7:30 बजे लिया जायेगा। संकट मोचन सेवा समिति ने सभी सनातनियो से अनुरोध करती हैं की बैठक मे उपस्थित होकर अपना सहयोग प्रदान करे।

शोकाकुल परिवारों को हर संभव सहायता करेगी कांग्रेस : आलोक साहू

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : भंडरा प्रखंड के कसपूर लराई टंगरा के रहने वाले लाल मोहन महतो, चांद मुनि उरांव, शकुंतला तुरी उर्फ नेहा एवं गणेश कुजूर को दो दिन पूर्व बौखलाए जंगली हाथी ने कुचल कर मार डाला था। लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू कांग्रेस जनों के साथ बुधवार को लराई टंगरा पहुंचकर शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट करते हुए हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिए। मौके पर श्री साहू को ग्रामीणों ने बताया कि इस घटना के बाद यहां के ग्रामीण काफी सदमे एवं डरे हुए हैं। रात को घर में सो नहीं रहे हैं तथा रात में बिजली भी समय से उपलब्ध नहीं रहता है जिसे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी शोकाकुल परिवारों के साथ है। मौके पर से ही श्री साहू ने डीएफओ से वार्ता कर समय से 375000 मुआवजा राशि उपलब्ध कराने की बात कहें । प्रखंड विकास पदाधिकारी से वार्ता कर समय से मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने तथा अनाज की व्यवस्था करने को कहें। श्री साहू ने बिजली विभाग के पदाधिकारी से वार्ता कर छह से रात को दस बजे तक लगातार बिजली की व्यवस्था करने को कहें। श्री साहू ने शकुंतला तूरी उर्फ नेहा जिसका मायके बिशुनपुर प्रखंड के हेसराज गांव में है इनके परिजनों ने नेहा का अंतिम संस्कार अपने गांव हेसराज में किया है इससे भी श्री साहू ने संपर्क कर हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया। मौके पर कांग्रेसी नेता विजय चौहान, अमर साव, राजेंद्र उरांव, लाल महतो, सुभाष उरांव, गोवर्धन लोहरा, नंदू राम, मनीराम भगत, शालिग्राम उरांव, रोहित लोहरा, शामेल टोप्पो, देवमुनी देवी, प्रभादेवी, सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

भाजपा ओबीसी मोर्चा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का फूंका पुतला

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : भाजपा ओ बी सी मोर्चा द्वारा चतुर साहू रांची जिला मंत्री ओबीसी मोर्चा को जान से मारने के नियत से बीते शाम गोली चलाया गया। उसके विरोध में हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह ने कहा की झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार चलाने में पूरी तरह से फेल है। कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। दिनदहाड़े लूट-कांड, मार, पीट, चोरी, बहू बेटियों का इज्जत लूटना आम बात हो गया है। ऐसे में हेमंत सोरेन को अपने मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह के अलावे संजय बर्मन, राजकुमार वर्मा, अजय पंकज, विमल कांत, सपन चंद्र दास, अशोक उराव, रमेश उराव, दीपक ठाकुर, शुभम, दिनेश साहू, गोपी आदि उपस्थित थे।

सढावे के खरता में निद्रा तोडो, दीवार जोड़ो कार्यक्रम का आज होगा आयोजन : बीडीओ

कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अन्तर्गत प्रखण्ड क्षेत्र सढावे पंचायत के खरता में 23 फरवरी गुरुवार को आज निद्रा तोडो, दीवार जोड़ो कार्यक्रम का 11 बजे पूर्वाह्न से होगा आयोजन। उक्त बातें कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि, कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतीकात्मक सम्मिलित श्रमदान से नींद मे सोए हुए पीएम आवास लाभुको को जगाना है,अर्थात वैसे लाभुक जिन्होंने लंबे समय से पीएम आवास निर्माण कार्य को बंद कर दिया है, उन्हे सामुहिक श्रमदान से जोड़ते हुए निर्माण कार्य को पुर्ण करने हेतु प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सफलता के निमित प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड के सभी पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, पंचायत स्वयं सेवक, जनसेवक, पीएम आवास संमन्यवक, सहायक अभियंता, कनिय अभियंता, सभी मुखिया, पंचायत के सभी वार्ड सदस्य एवं गणमान्य लोगों को कार्यक्रम की सफलता के निमित आवश्यक सूचना दे दी गई है।

चलते चलते एक नजर

मनातू थाना प्रभारी कमलेश ने सड़क सुरक्षा को लेकर स्कूली बच्चों को किया जागरूक

मेदिनीनगर। पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर मनातू थाना प्रभारी कमलेश कुमार के नेतृत्व में मनातू थाना अंतर्गत कार्तिक उच्च विद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत थाना प्रभारी कमलेश कुमार के द्वारा सभी स्कूली बच्चों को वाहन चलाते समय हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाने की सलाह दी। इसके अलावा बच्चों को समझाया गया कि दो पहिया वाहन चलाते समय तेज गति से वाहन ना चलाएं। अपने आगे वाले वाहन से 10 कदम पीछे ही रहे, ताकि दुर्घटना ना हो। उन्होंने 18 वर्ष के कम उम्र के बच्चों को समझाते हुए कहा कि 18 वर्ष पूर्ण हो जाने पर ही वाहन का प्रयोग करें।उन्होंने कहा कि मनुष्य का जीवन अनमोल है। हमारा दायित्व है कि हम स्वयं के साथ- साथ अपने परिजनों की भी रक्षा करें। उन्होंने विशेषकर कम उम्र के बच्चों को बिना लाइसेंस गाड़ी चलाने पर कानूनन सजा के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। कहा हमारे देश में सड़क दुर्घटनाओं में कोरोना से भी अधिक व्यक्तियों की मौत हुई है। बिना लाइसेंस, हेलमेट और बिना सीट बेल्ट लगाकर गाड़ी ड्राइविंग करने वालों पर सख्त जुर्माना लगाने की चेतावनी दी। उन्होंने बताया की अब प्रतिदिन पुलिस चौक-चौराहों में गाड़ी के कागजातों के साथ- साथ लापरवाही से ड्राइविंग करने वालों पर कड़ी नजर रखेगी।

राज्यपाल से मिले मुख्य सचिव और विनोबा भावे विवि के कुलपति

रांची : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह और विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एमएन देव ने मुलाकात की। राजभवन सूत्रों ने बताया कि यह उनकी शिष्टाचार मुलाकात थी।

कैबिनेटः 22वें विधि आयोग का कार्यकाल 31 अगस्त, 2024 तक बढ़ाने को मंजूरी

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत के 22वें विधि आयोग के कार्यकाल को 31 अगस्त, 2024 तक बढ़ाए जाने को मंजूरी दे दी है। विधि आयोग एक गैर-सांविधिक निकाय है। इसका गठन भारत सरकार द्वारा समय-समय पर किया जाता है। आयोग मूल रूप से 1955 में गठित किया गया था और समय-समय पर इसका पुनर्गठन किया जाता है। वर्तमान में 22वें विधि आयोग का कार्यकाल 20 फरवरी, 2023 को समाप्त हो रहा है। विभिन्न विधि आयोग देश के कानून के प्रगतिशील विकास और संहिताकरण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देने में सक्षम रहे हैं। विधि आयोग ने अब तक 277 रिपोर्ट प्रस्तुत की हैं।

झारखंड कैबिनेट की बैठक 27 फरवरी को

रांची : झारखंड कैबिनेट की बैठक 27 फरवरी को बुलायी गयी है। बैठक में राज्य सरकार की नई नियोजन नीति पर अंतिम मुहर लगने की पूरी संभावना है। नई नियोजन नीति-2016 के पहले की नीति के आधार पर लागू की जा सकती है। कार्मिक विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, अगले एक-दो दिन में बैठक को लेकर सूचना सार्वजनिक कर दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि नई नियोजन नीति अभी राज्य का सबसे प्रमुख ज्वलंत मुद्दा है। झारखंड हाई कोर्ट ने 16 दिसंबर को नियोजन नीति को रद्द कर दिया था। नयी नीति को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे आठ लाख से अधिक अभ्यर्थियों से सुझाव लिया था।

सांसद और एचईसी के निदेशक के साथ हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रांची सांसद संजय सेठ और भाजपा नेता विनय जायसवाल के नेतृत्व में बुधवार को एचईसी के निदेशकों के साथ बैठक हुई। बैठक में निदेशक वित्त आरके द्विवेदी, कार्मिक निदेशक एके बेहेरा, नगर प्रशासक आरके झा, प्रभाकर शर्मा की मौजूदगी में बकाया वेतन, उत्पादन एवं एचईसी के दुकानों के भाड़ा पर चर्चा हुई।

निदेशक (वित्त) ने आश्वासन दिया कि होली से पहले बकाया वेतन भुगतान किया जायेगा। साथ ही कंपनी को चलाने की विस्तृत कार्ययोजना भी साझा की गई। अधिकारियों का कहना है कि सारे निदेशक की उपस्थिति में लोअर एवं मिडिल अधिकारियों से कंपनी चलाने की विस्तृत कार्ययोजना को साझा करें। लोअर एवं मिडिल प्रबंधन के अधिकारियों एवं उच्च प्रबंधन के बीच के विश्वास को कंपनी को सुचारू रूप से चलाने के लिए पुनः बहाल किया जा सके। साथ ही एचईसी दुकानों के नए रेट पर सहमति बनी।

चैंबर ऑफ कॉमर्स ने रियल एस्टेट एण्ड अर्बन डेवलपमेंट पर की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के रियल एस्टेट एण्ड अर्बन डेवलपमेंट उप समिति की बैठक चैंबर भवन में संपन्न हुई। उपस्थित सदस्यों ने भवन नियमितीकरण योजना और उसमें सुधार के लिए फेडरेशन चैंबर द्वारा दिये गये सुझाव पर वृहद् रूप से चर्चा की। यह सहमति बनाई गई कि भवन नियमितीकरण योजना में समस्त सुझावों को समाहित करने के लिए चैंबर द्वारा मुख्यमंत्री और विभागीय सचिव को पत्राचार किया जायेगा ताकि इस योजना से अधिकाधिक जनता लाभान्वित हो सके। यह भी चर्चा की गई कि झारखण्ड उच्च न्यायालय द्वारा नगर निगम एवं आरआरडीए पर नक्शा पास करने पर लगाई गई रोक पर भी चैंबर द्वारा सरकार को उच्च न्यायालय द्वारा निर्देशित कार्रवाई व नियुक्ति संबंधित समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए भी मुख्यमंत्री और विभागीय सचिव को पत्राचार करने की सहमति बनाई गई। यह भी निर्णय लिया गया कि जल्द ही चैंबर का एक प्रतिनिधिमण्डल अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में विभागीय सचिव से मिलकर अपने विचार रखेगा।

उप समिति चेयरमेन अंचल किंगर ने राज्य के बिल्डरों से रियल एस्टेट सेक्टर में आनेवाली समस्याओं से चैंबर को अवगत कराने की अपील की। उप समिति के को-चेयरमेन आलोक सरावगी ने रियल एस्टेट से जुडे डेवलपर्स से रेरा कानून का अनिवार्य रूप से पालन करने की अपील की। बैठक में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, रियल एस्टेट अर्बन डेवलपमेंट उप समिति के चेयरमेन अंचल किंगर, को-चेयरमेन आलोक सरावगी समेत उप समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।

कांग्रेस के लिए काफी अहम है रायपुर का राष्ट्रीय महाधिवेशन

बड़ा सवालः क्या कांग्रेस वर्किंग कमिटी का होगा चुनाव?

रविन्द्र उपाध्याय-संपादक @ प्रभात मंत्र

आजादी की लड़ाई से लेकर देश के नवनिर्माण में अग्रणी भूमिका का निर्वहन करने वाला एवं 138 साल पुराने कांग्रेस पार्टी का तीन दिवसीय राष्ट्रीय महाधिवेशन 24 से 26 फरवरी तक छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित है. इस बैठक में मल्लिकार्जुन खड़गे की टीम के गठन का खाका खींचा जाएगा. महाधिवेशन को लेकर सभी की निगाहें इस बात पर है कि कांग्रेस में सबसे पावरफुल मानी जाने जाने वाली कार्यसमिति यानी सीडब्ल्यूसी के लिए 26 साल के बाद चुनाव होंगे या फिर मनोनीत किया जाएगा.

इस बात को लेकर पार्टी के अंदर बहस व मंथन का दौर जारी है. इधर कांग्रेस इस महाधिवेशन में मिशन 2024 को लेकर अपना स्पष्ट नजरिया पेश करेगा. साथ ही अभी हाल ही में राहुल गांधी द्वारा किए गए देशव्यापी भारत जोड़ो यात्रा के प्रभाव का नजीर भी प्रस्तुत किया जाएगा. क्योंकि पार्टी इस यात्रा की सफलता से काफी उत्साहित है. इस अधिवेशन में पूरे देश भर से 10 हजार से अधिक कांग्रेसी शामिल होंगे. 24 फरवरी को स्टेयरिंग कमेटी की दूसरी मीटिंग होगी. 25 फरवरी की बैठक में एआईसीसी और पीसीसी के सभी लोग शामिल होंगे. 26 फरवरी को एक विशाल जनसभा की जाएगी. अधिवेशन में भाग ले रहे एआईसीसी सदस्यों में सामान्य श्रेणी से 704, अल्पसंख्यक समुदाय से 228, ओबीसी समुदाय से 381, अनुसूचित जाति से 192, अनुसूचित जनजाति से 133, महिलाएं 235 और 50 साल से कम उम्र के 501 लोग होंगे. इस पूर्ण अधिवेशन में हजारों की संख्या में डेलीगेट व विशेष डेलीगेट भाग लेंगे. कन्याकुमारी से कश्मीर तक पदयात्रा करने वाले सभी भारत यात्री, पार्टी के अग्रिम संगठन और विभागों के पदाधिकारी बतौर विशेष आमंत्रित सदस्य बैठक में भाग लेंगे. यह अधिवेशन काफी अहम है. क्योंकि छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश के साथ कुल पांच राज्यों में इस साल विधानसभा के चुनाव है. वहीं 2024 में लोकसभा का भी चुनाव हैं. कांग्रेस इस चुनाव से पहले केंद्र सरकार को घेरने की पुख्ता रणनीति बनाने की कोशिश में भी है. इस लिहाज से यह अधिवेशन पार्टी के लिए काफी अहम है. इस अधिवेशन में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्षी एकजुटता के संदर्भ में भी चर्चा की जाएगी एवं आगे की रणनीति तय किया जाएगा. हालांकि, पार्टी का जोर है कि उसकी मौजूदगी के बिना देश में विपक्षी एकता की कोई भी कवायद सफल नहीं हो सकती. पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि राष्ट्रीय अधिवेशन में बहुत सारे मुद्दे रखे जाएंगे. जिसमें कांग्रेस न सिर्फ आगे की रणनीति पर विचार करेगी, बल्कि एक लंबा खाका तैयार करके पार्टी को आगे बढ़ाने का पूरा विजन का ड्राफ्ट भी तैयार करेगी. महाधिवेशन में पार्टी भारत जोड़ो यात्रा के पूरा होने पर राहुल गांधी का भव्य स्वागत करने की योजना बनाई है और इस यात्रा में भाग लेने वालों को एआईसीसी में नामांकित किया जा सकता है. पार्टी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयान का भी स्वागत किया है और कहा है कि जनता दल (यूनाइटेड) के शीर्ष नेता ने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के प्रभाव को स्वीकार किया है, जो बड़ी बात है. यही सब कारण है कि रायपुर अधिवेशन कांग्रेस के लिए कई मायनों में खास है. इसलिए पार्टी इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक और पूर्ण सफल बनाना चाहती है.

देश को मजबूती प्रदान करने वाला है बजट : सांसद वीडी राम

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पलामू के सांसद वीडी राम ने कहा कि अमृत काल का यह पहला बजट है। यह आगामी 25 वर्षों का आधार बजट है, जो भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती एवं स्थिरता प्रदान करने वाला है। यह एक ऐसा बजट है जिसकी आलोचना विरोधी पक्ष के लोग भी नहीं कर सके। आम बजट 2023-24 में समाज के सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट है। खासकर गाँव, गरीबों, किसानों, महिलाओं, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, शोषितों, वंचितों, दिव्यांगजनों, आर्थिक रूप से पिछड़े तथा मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त और सक्षम बनाने वाला है। देश के जन-जन और हर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के प्रति समर्पित आम बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता एवं अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं अभिनंदन करता हूँ।

रामगढ़ व भंडारिया में बनेगा एकलव्य विद्यालय

सांसद ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पलामू जिला के रामगढ़ प्रखंड में एकलब्य विद्यालय खोलने हेतु प्रस्ताव विचाराधीन है। साथ ही गढ़वा जिला के भंडरिया में एकलव्य स्कूल का भवन लगभग बनकर तैयार हो गया है। पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन पर ध्यान देने के साथ कृषि ऋण लक्ष्य को 11 प्रतिशत बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये किया गया है। अगले 3 साल तक 1 करोड़ किसानों को नेचुरल फॉर्मिंग में मदद की जाएगी। इसके लिए 10 हजार बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर्स बनाए जाएंगे। युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए पीएम कौशल विकास योजना 4.0 की घोषणा की गयी है। इसके तहत देश भर में 40 स्किल इंडिया सेंटर्स स्थापित किये जायेंगे जो युवाओं के कौशल में और निखार लायेंगे और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेंगे।

बजट में पलामू पर खास ध्यान

पलामू संसदीय क्षेत्र एवं आस-पास के जिलों की जनता की चिर-परिचित माँगों पर ध्यान देते हुए रेल मंत्रालय ने गया-शेरघाटी, डालटनगंज वाया रफीगंज एवं बरवाडीह-चिरिमिरी अम्बिकापुर रेल लाइन की स्वीकृति प्रदान कर दी है। गया-शेरघाटी, डालटनगंज वाया रफीगंज रेल लाइन निर्माण हेतु सर्वे के कार्य के लिए 20 करोड़ रूपए का बजट में प्रावधान भी कर दिया गया है।बरवाडीह-चिरिमिरी-अम्बिकापुर रेल लाइन निर्माण के लिए तो डीपीआर तैयार हो रहा है उसके अनुमोदन के पश्चात वांछित राशि आवंटित की जाएगी। रेलवे के विकास के लिए इस बजट से झारखंड राज्य की विभिन्न योजनाओं के लिए 5271 करोड़ राशि उपलब्ध करायी गयी है।

अग्रणी शक्ति बनने की भारत की खोज सारभूत संबंधों में निवेश करने पर आधारितःजयशंकर

नई दिल्लीः विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि अग्रणी शक्ति बनने की भारत की खोज सारभूत संबंधों में निवेश करने पर आधारित है। लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों में हमारे प्रयास इसी भावना से किए जा रहे हैं। वह इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन- 'कनेक्टेड हिस्ट्रीज़, शेयर्ड प्रेजेंट' के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। विदेश मंत्री ने कहा कि राजनीतिक रूप से लैटिन और कैरेबियाई देशों का भारत के साथ आगे बढ़ना साझा आकांक्षाओं और विरासतों से उपजा है। संयुक्त राष्ट्र, जी20 और कॉप में हमारा सहयोग इसका प्रमाण है। समकालीन चुनौतियों पर हमारे साझा विचार आईएसए, सीडीआरआई और वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट में मजबूत क्षेत्रीय भागीदारी से परिलक्षित होते हैं।

उपायुक्त ने की टेक्निकल और सिविल वर्क की बैठक, दिये कई निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को टेक्निकल एंड सिविल वर्क से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता, भवन प्रमंडल, जिला परिषद, सिंचाई, सड़क, बिजली, स्पेशल डिविजन आदि विभागों की ओर से जिले में चल रही योजनाओं की कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।इस दौरान उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। स्वच्छ भारत मिशन के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि पदाधिकारी पूरी तन्मयता के कार्य करते हुए लक्ष्य प्राप्ति पर ध्यान केन्द्रित करें। उपायुक्त की ओर से ओडीएफ प्लस विलेज की कार्य प्रगति में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रखंड में पांच-पांच विलेज स्टार रेटिंग प्राप्त करें। मनरेगा के तहत सिंगल पिट वाले टॉयलेट को डबल पिट करने के लिए ओरमांझी प्रखंड की सूची पर जल्द कार्रवाई करने का निर्देश उपायुक्त ने मनरेगा के परियोजना पदाधिकारी को दिया। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल की जिन योजनाओं में धरातल पर काम पूरा हो चुका है लेकिन पोर्टल इंट्री में समस्या आ रही है, उसका समाधान करते हुए उपायुक्त ने डेटा दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत स्कूल एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में पाइपलाइन के माध्यम से जलापूर्ति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में सड़क निर्माण विभाग की ओर से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बनायी जा रही सड़कें, रोड चौड़ीकरण, फ्लाई ओवर निर्माण आदि महत्वपूर्ण परियोजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा उपायुक्त ने की। इन सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए की जानेवाली आवश्यक प्रक्रिया जैसे भूमि अधिग्रहण, विभिन्न विभागों से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट प्राप्त करने, फॉरेस्ट क्लीयरेंस की जानकारी उन्होंने ली। परियोजनाओं के समय पर पूरा किये जाने को लेकर उपायुक्त ने सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने झारखंड में कर समाधान योजना की शुरुआत की

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने बुधवार को वाणिज्य कर विभाग की कर समाधान योजना की शुरुआत की। होटल बीएनआर चाणक्य में कर समाधान योजना का शुभारंभ करते हुए डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि राज्य में व्यावसायिक क्षेत्र के जितने भी बड़े टैक्स पेयर हैं, जिनका टैक्स बकाया है और जिनके मामले कोर्ट में लंबित हैं, उनके 'वन टाइम सेटेलमेंट' के लिए ही कर समाधान योजना लायी गयी है। करदाता इस योजना से लाभ लें और इस योजना को सफल बनायें।मंत्री ने कहा कि इसके जरिये व्यवसायियों के पास बकाया और इससे संबंधित विवादों का निपटारा किया जाएगा।

राज्य सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। सरकार को जो रेवेन्यू आता है, राज्य में विकास की योजनाएं उसी से संचालित होती हैं।

समय पर रेवेन्यू नहीं आएंगे तो विकास योजना कैसे चलेगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से न्यायालयों में मामले चल रहे हैं। यदि इसका समाधान हो जाए, तो न्यायालय, व्यापारियों और सरकार के अधिकारियों का समय बचेगा। साथ ही राज्य सरकार को राजस्व के रूप में पैसा भी मिल जाएगा। इसलिए विभागीय अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया है कि विवादित मामलों का समाधान अधिकारी अपने स्तर से करें, ताकि सभी का समय बच सके और सरकार को भी राजस्व की प्राप्ति हो सके।मंत्री ने फरवरी माह में ही वाणिज्य कर विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति पर अधिकारियों को बधाई दी। चालू वित्तीय वर्ष 2022- 23 में वाणिज्य कर विभाग ने राजस्व संग्रहण का लक्ष्य 18500 करोड़ को पार कर दिया है, जो सराहनीय है।

भारत-चीन के अधिकारियों ने एलएसी पर हालात की बीजिंग में की समीक्षा

नई दिल्ली : भारत और चीन के विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर टकराव के बिन्दुओं से सैन्य टुकड़ियों को पीछे हटाने के मुद्दे पर बुधवार को बीजिंग में विचार-विमर्श किया। बैठक में तय किया गया कि वास्तविक नियंत्रण रेखा की स्थिति के बारे में दोनों देशों के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की वार्ता की 18वीं बैठक शीघ्र आयोजित की जाएगी। इसमें द्विपक्षीय समझौतों और नियम कायदों के अनुरूप एलएसी पर शांति बहाल करने का प्रयास किया जाएगा। दोनों देशों के बीच मौजूदा सीमा मामलों पर संवाद और समन्वय संबंधी वार्ता प्रक्रिया (डब्ल्यूएमसीसी) की यह 22वीं बैठक थी। कोरोना महामारी के कारण जुलाई 2019 के बाद दोनों देशों के अधिकारियों ने पहली बार आमने-सामने बातचीत की। वार्ता में भारत की ओर से संयुक्त सचिव (पूर्व एशिया) और चीन की ओर से सीमा मामलों के महानिदेशक ने प्रतिनिधिमंडल के साथ विचार-विमर्श किया।

मंत्री महोदय, जल और जमीन का करें समाधान : महापौर अरुणा शंकर

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : मेदिनीनगर नगर निगम के महापौर अरुणा शंकर ने एक पत्र लिखकर मेदिनीनगर की प्रमुख समस्या जल और जमीन की ओर सूबे के मंत्री मिथिलेश ठाकुर का ध्यान आकृष्ट कराया है। महापौर अरुणा शंकर ने अपने पत्र में लिखा है की मंत्री श्री ठाकुर मेदनीनगर की प्रमुख समस्या शुद्ध पेयजल एवं खास महाल भूमि नवीकरण का है। जिसमें एक प्रमुख समस्या पेयजल जो आपके विभाग पीएचडी के अधीन है। महापौर ने पत्र में मंत्री को जानकारी दिया है कि मेदिनीनगर शहर की सारी पाइपलाइन सड़ चुकी हैं। कहीं पानी आता भी है तो निगम वासी फटे पाइप लाइन के चलते नाली का पानी पीने को मजबूर है या फिर मरम्मत के अभाव में कहीं रोड पर पानी बहता रहता। निगम ने कई बार मेंटेनेंस का पैसा भी आपके विभाग को दिया लेकिन आपके विभाग द्वारा पैसों का बंदरबांट कर स्थिति यथावत रहता। दुख इस बात का है की मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना जो आपके विभाग के अधीन है एवं झारखंड सरकार का लक्ष्य भी 2024 तक हर घर शुद्ध जल का है फिर भी प्रमंडल मुख्यालय मेदनीनगर शुद्ध जल को तरस रहा। काश आप अपने बहुमूल्य समय में एक बैठक फैलता हुआ प्रमंडलीय मुख्यालय मेदनीनगर जलापूर्ति पर किए होते तो शायद इस समस्या का समाधान अब तक अवश्य हो जाता। महोदय मैं यह भी बताना चाहूंगी मैंने एवं पलामू के सांसद वीडी राम ने स्वयं रघुवर सरकार मैं पहल कर मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना फेस 2 के लिए एशियन डेवलपमेंट बैंक से लगभग 160 करोड़ की लाइफ लाइन योजना पूरे निगम क्षेत्र के लिए स्वीकृत कराई थी। जिसकी 90 प्रतिशत राशि भारत सरकार दे रहा फिर भी आपके विभाग के कमजोर पहल के चलते यह महत्वपूर्ण योजना कछुए की चाल चल रहा। दूसरी और मेदनीनगर की प्रमुख दूसरी समस्या खासमहाल भूमि का है जो राज्य के अन्य भाग के साथ-साथ आपके विधानसभा क्षेत्र गढ़वा से भी संबंधित है जो एक काला कानून है। माननीय देश आजादी के बाद सरकार द्वारा पूरे देश में खासमहाल भूमि पर छोटे-छोटे जगहों को विकसित करने के उद्देश्य से सरल लीज कर हमारे बुजुर्गों को बसाया गया और अब जब यह काला कानून लगभग पूरे देश से समाप्त हो गया लेकिन हमारे झारखंड में आज भी ढोया जा रहा। महोदय इस काले कानून के चलते लोग भूमि रहते ना उसे डिवेलप कर पा रहे हैं नाही बेचकर अपने बेटियों की शादी कर पाते और ना ही भूमि को बैंकों में गिरवी रख कर बच्चों को उच्च शिक्षा दिल आपा रहे या फिर भूमि रहते कोई व्यवसाय ही कर पा रहे। महोदय आपको झारखंड का मिनी सीएम कहा जाता आशा है निगम वासियों के दोनों प्रमुख समस्या जल और जमीन दोनों का समाधान करेंगे।